सूर्योदय : 5:42
सूर्यास्त : 6:30
अधिकतम तापमान : 40.4
न्यूनतम : 23.6

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-294 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026
27 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# पीएम मोदी ने पेश किए नौ संकल्प

## ■ विकसित भारत 2047 के लिए कहा- जनता को संभालनी होगी कमान



**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'विकसित भारत के लिए नौ संकल्प' लेने का अनुरोध किया और कहा कि यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित भारत 2047 बनाने की यात्रा में तेजी ला सकते हैं।प्रधानमंत्री ने मांड्या जिले के आदिचुंचनगिरी मठ में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्रीय सीमाओं से परे है और सामूहिक भागीदारी एवं जीवनशैली में बदलाव के लिए राष्ट्रव्यापी आह्वान का प्रतिनिधित्व करती है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों की व्यक्तिगत आदतें और दैनिक विकल्प देश के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, 'यदि हम सभी इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो हम विकसित कर्नाटक और विकसित भारत की ओर प्रगति को तेज कर सकते हैं।' विकास को केवल सरकार संचालित प्रयास के बजाय जन-आंदोलन के रूप में प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि परिवर्तन की शुरुआत रोजमर्रा के व्यवहार के स्तर से होनी चाहिए।

उन्होंने नदी प्रणालियों पर निर्भर क्षेत्रों में जल संरक्षण को प्रमुख प्राथमिकता बताया, और नागरिकों से सामूहिक प्रतिज्ञा लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब जल संरक्षण और इसके बेहतर प्रबंधन का संकल्प लें।' पर्यावरण स्थिरता पर प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'आइए हम अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाएं और धरती मां की रक्षा करें।'

स्वच्छता को नागरिक कर्तव्य बताते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों, गांवों और शहरों में साफ-सफाई बनाये रखना साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, 'चाहे वह धार्मिक स्थल हो, सार्वजनिक स्थान हो, गांव हो या शहर, स्वच्छता बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।' आर्थिक आत्मनिर्भरता के संबंध में, प्रधानमंत्री ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और भारतीय उद्योगों को समर्थन देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण को आर्थिक सशक्तीकरण के आधार बताते हुए कहा, 'आइए हम भारतीय उत्पादों को अपनाएं और अपने उद्योगों को मजबूत करें।'

उन्होंने राष्ट्रीय जागरूकता और सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देते हुए नागरिकों से देश भर में यात्रा करने और इसकी विविधता को जानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'आइए हम पूरे भारत की यात्रा करें और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दें।' उन्होंने आगे कहा कि लोगों के बीच बेहतर जुड़ाव राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेगा और सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को गति देगा। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य और पोषण पर मोटे अनाज को अपने आहार में शामिल करने पर जोर देते इस बात पर चिंता व्यक्त की कि बढ़ता मोटापा बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बन गयी है।

### सिद्धारमैया ने किया मोदी का वेलकम, छिड़ी चर्चा

सिद्धारमैया ने पीएम मोदी का स्वागत करके उन्होंने न सिर्फ राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया है बल्कि चर्चा हो रही है कि पीएम मोदी के आखिर गर्मजोशी भरे स्वागत के बाद सिद्धारमैया के कान में क्या कहा? इस मौके पर कर्नाटक के राजस्व मंत्री और चीफ सेक्रेटरी शालिनी रजनीश भी मौजूद रहीं। मुख?यमंत्री सिद्दारमैया ने पीएम मोदी को एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने 18 लंबित परियोजनाओं पर केंद्र सरकार से तत्काल ध्यान देने की मांग की। इस मौके पर पीएम मोदी और सीएम सिद्दारमैया के बीच गतजब की केमेस्?ट्री देखने को मिली। पीएम मोदी ने सिद्दारमैया के कानों में कुछ ऐसी बात कही कि वे खुलकर हंस पड़े। ये तस्वीरें ऐसे वक्त पर सामने आई हैं जब दो दिन पहले पीएम मोदी ने खुद नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से बातचीत की थी।

# टाटा संस ने लांच किया 10 लाखवां वाहन

## ■ सीएम ने कॉमर्शियल वाहन का फ्लैग ऑफ किया



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टाटा मोटर्स की 34 वर्षों की शानदार यात्रा के दौरान लखनऊ प्लाण्ट में निर्मित 10 लाखवें कॉमर्शियल व्हीकल का फ्लैग ऑफ इण्डस्ट्रियल रेवॉल्यूशन मात्र नहीं, बल्कि यह देश की सबसे बड़ी आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश सहित भारत की ऐतिहासिक उड़ान को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने का लॉन्च पैड है। यह हम सबके लिए अत्यन्त गौरव और प्रसन्नता का क्षण है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को टाटा मोटर्स संयंत्र में निर्मित 10 लाखवें कॉमर्शियल वाहन का फ्लैग ऑफ करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्लाण्ट में स्थित क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण केन्द्र 'गुरुकुल' और प्लाण्ट परिसर का अवलोकन किया तथा 'लक्ष्य' प्रोग्राम के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होंने संयंत्र के 10 लाखवें वाहन (इलेक्ट्रिक बस) की सवारी भी की। अपने विजन से टाटा समूह को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले टाटा ग्रुप के अध्यक्ष एन0 चन्द्रशेखरन व उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह 10 लाखवां वाहन पब्लिक ट्रांसपोर्ट के बेहतरीन साधन के रूप में आमजन को सुविधा उपलब्ध कराएगा।

### टाटा संस के चेयरमैन ने योगी के साथ किए गुरु गोरखनाथ के दर्शन



**गोरखपुर।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी के साथ गुरु गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर आगमन पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री ने दर्शन-पूजन कराने के बाद उन्हें मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और नाथपंथ तथा इसके महान संतो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्थापित पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने गोरखपुर आए टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन बुधवार दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गोरखनाथ मंदिर पहुंचे।

# बिहार में सम्राट युग शुरू

## ■ चौधरी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, जेडीयू के दो नेता बने डिप्टी सीएम



**पटना।** बिहार की सियासी पिच पर बड़ा बदलाव आ गया है। बुधवार 15 अप्रैल 2026 को भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस तरह सम्राट चौधरी बिहार में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में जनता दल यूनाइटेड की ओर से दो नेताओं को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। बिजेंद्र यादव व विजय कुमार चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इसके बाद उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। शपथ लेने से पहले उन्होंने पटना के पंचरूप हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर लोक भवन पहुंचकर औपचारिक रूप से पदभार संभाला। कार्यक्रम में भाजपा और जदयू समेत पूरे एनडीए के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से बधाई का सिलसिला शुरू हो गया है। नीतीश ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने बिहार की जनता के लिए लंबे समय तक काम किया है और अब नई सरकार को पूरा सहयोग और मार्गदर्शन देंगे।

### मोदी-नीतीश मॉडल पर ही चलेगा बिहार : मुख्यमंत्री

**पटना।** बिहार के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि राज्य का शासन 'मोदी-नीतीश मॉडल' पर ही आगे भी चलता रहेगा। चौधरी ने कहा, 'मैं तुरंत राज्य की समृद्धि के लिए काम शुरू करूंगा। यह स्पष्ट रहना चाहिए कि बिहार 'मोदी-नीतीश मॉडल' पर ही शासित होता रहेगा।' बुधवार को बिहार के पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी को बधाइयों का तांता लग गया।

## प्रयागराज में ट्रेन से कटकर पांच की मौत

**प्रयागराज।** जिले के करछना थाना क्षेत्र स्थित पचदेवरा गांव के पास बुधवार शाम बड़ा रेल हादसा हो गया। कालका मेल में एक यात्री के गिरने के बाद चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका गया था। ट्रेन रुकने पर कुछ यात्री नीचे उतर गए और पटरी किनारे खड़े हो गए। इसी दौरान मिर्जापुर की ओर से आ रही पुरुषोत्तम एक्सप्रेस तेज रफ्तार से गुजरी और पांच लोगों को रौंद दिया।

## सीबीएसई ने 10वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित किया 93.70% स्टूडेंट्स पास

**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने क्लास 10 की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। छात्र अपनी मार्कशीट वेबसाइट पर आसानी से देख सकते हैं। इस बार कुल 93.70% छात्र पास हुए हैं। लड़कियों ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन करते हुए 94.99% पास प्रतिशत हासिल किया है।

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका

## ■ असम मामले में अंतरिम जमानत पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा की एक शिकायत से संबंधित है। न्यायालय का यह आदेश असम पुलिस की एक अपील पर आया है। इसमें असम पुलिस ने कहा था कि तेलंगाना उच्च न्यायालय के पास इस मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल एस. चांदुरकर की पीठ ने यह अंतरिम आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया कि पवन खेड़ा असम की उचित अदालत से राहत मांगने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने कहा कि अगर पवन खेड़ा असम की अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो उच्चतम न्यायालय के इस आदेश का उस आवेदन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### असम के सीएम की पत्नी पर लगाए थे आरोप

यह पूरा मामला गत पांच अप्रैल को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पवन खेड़ा के लगाए उन आरोपों से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि श्रीमती सरमा के पास कई पासपोर्ट हैं और उन्होंने विदेशी संपत्तियों का खुलासा नहीं किया है। 10 अप्रैल को तेलंगाना उच्च न्यायालय ने खेड़ा को एक सप्ताह की अग्रिम जमानत देते हुए गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया था। अब उच्चतम न्यायालय के इस पर रोक लगाने के बाद असम की संबंधित अदालत से ही राहत लेनी होगी।

# महिला आरक्षण के पक्षधर, परिसीमन के खिलाफ करेंगे वोट

## ■ केंद्र सरकार को घेरने के लिए एकजुट हुई पूरी विपक्षी ब्रिगेड



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सहित विपक्ष के कई प्रमुख दलों ने लोकसभा में महिला आरक्षण लागू करने से संबंधित संवैधानिक संशोधन विधेयक को पेश किए जाने से एक दिन पहले बुधवार को कहा कि वे महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के पक्ष में हैं, लेकिन इस विधेयक के परिसीमन के प्रावधानों का पुरजोर विरोध करेंगे क्योंकि ये 'खतरनाक' हैं।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई विपक्षी दलों की बैठक में नारीशक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन और परिसीमन संबंधी विधेयक पर विस्तार से चर्चा की गई तथा ''सर्वसम्मति से'' यह फैसला किया गया कि वे परिसीमन के प्रावधानों के खिलाफ एकजुट होकर वोट करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा की वर्तमान 543 सीटों के आधार पर वर्ष 2029 से महिला आरक्षण लागू किया जाए। बैठक में खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल और जयराम रमेश, समाजवादी पार्टी के रमाशंकर राजभर और सनातन पांडेय, द्रमुक नेता टी. आर. बालू, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला शामिल हुए। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव, शिवसेना (उबाठा) के संजय राउत एवं अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले, आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह सहित अन्य विपक्षी नेता शामिल हुए। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डिजिटल माध्यम से भाग लिया।

## इस्लामाबाद या जेनेवा में हो सकती है शांति समझौते को लेकर बैठक

# फिर मिलेंगे अमरीका-ईरान

## ■ बैठक 21 अप्रैल से पहले होने की संभावना



**तेल अवीव/तेहरान।** अमरीका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर इस हफ्ते फिर बैठक हो सकती है। इसके लिए इस्लामाबाद और जेनेवा संभावित जगह मानी जा रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमरीका के अधिकारी आपस में दूसरी बैठक को लेकर बात कर रहे हैं। यह बैठक 21 अप्रैल से पहले हो सकती है।

न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अमरीका के साथ इस्लामाबाद वार्ता में यूरेनियम संवर्धन को अस्थायी रूप से पांच साल के लिए रोकने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन कई मुद्दों पर मतभेद बने रहने के कारण कोई समझौता नहीं हो सका। ईरान ने संवर्धन गतिविधियों को सीमित अवधि के लिए रोकने का प्रस्ताव दिया, जो अमेरिका की लंबे समय (करीब 20 वर्ष) तक रोक की मांग से कम था। ईरान पहले भी इसी तरह का प्रस्ताव जिनेवा वार्ता के दौरान दे चुका था और इस्लामाबाद वार्ता में इसे फिर सामने रखा गया। व्हाइट हाउस ने संकेत दिया है कि अगले दौर की वार्ता पर विचार किया जा रहा है, हालांकि इसकी रूपरेखा अभी तय नहीं हुई है। इसी बीच अमरीकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि ईरान के साथ समझौते को लेकर अब गेंद तेहरान के पाले में है। अमरीका ने शर्तें स्पष्ट कर दी हैं और अब आगे बढना ईरान पर निर्भर है।

वेंस के मुताबिक इस्लामाबाद में हुई वार्ता में कुछ प्रगति हुई, लेकिन अंतिम समझौता नहीं हो सका। अमरीका ने परमाणु हथियार नहीं बनाने को लेकर अपनी शर्तें साफ रखी हैं। उन्होंने कहा कि अगर ईरान इन शर्तों को मानता है, तो अमेरिका उसे सामान्य देश की तरह ट्रीट करने को तैयार है। ईरान ने कहा है कि अमरीका और इजरायल के हमलों से उसे करीब 270 अरब डॉलर (25 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। ईरान ने साफ किया है कि वह शांति के लिए तैयार है, लेकिन उसकी कुछ शर्तें हैं। ईरान चाहता है कि उसे यूरेनियम एनरिचमेंट का अधिकार मिले, उस पर लगे सभी प्रतिबंध हटाए जाएं और युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई की जाए।

### ईरान के साथ युद्ध समाप्त होने के करीब



**वॉशिंगटन।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि ईरान के साथ संघर्ष 'समाप्त होने के करीब' है। उन्होंने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का संकेत भी दिया है। ट्रंप ने संकेत दिया कि रुकी हुई बातचीत पाकिस्तान में कुछ ही दिनों में फिर से शुरू हो सकती है, जिससे युद्धविराम समाप्त होने से पहले किसी समझौते की उम्मीद जगी है। वहीं दूसरी ओर, अमरीका ने ईरान की अर्थव्यवस्था पर अपनी पकड़ सख्त कर दी है। सेना ने पुष्टि की है कि उसने होर्मुज के माध्यम से घेराबंदी लागू करते हुए ईरानी समुद्री व्यापार को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है।




# संविधान के रूप में बाबा साहेब ने लोकतंत्र को मज़बूत किया: योगेश वर्मा



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** बाबा साहेब डॉ भीम राव राम जी अंबेडकर ने संविधान के जरिए इस देश को लोकतंत्र मजबूत करने का काम किया है।यह बात बाबा साहेब की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर तथागत बुद्ध, डॉ भीम राव अंबेडकर स्मारक स्थल सुरजीपुरवा ब्लाक नकहा में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने कही योगेश वर्मा ने कहा बाबा साहेब ने संविधान में समता, समानता लिंग भेदभाव को समाप्त करने की व्यवस्थाएं दीं। जिससे लोकतन्त्र मजबूत हुआ।मिथलेश सिंह सदस्य जिला पंचायत ने कहा कि बाबा साहेब का सुरजीपुरवा में स्मारक बनने से क्षेत्र वासियों में बाबा साहेब के प्रति श्रद्धाभाव और मजबूत होंगे।चंदन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन संघर्ष को महत्व भाजपा जब जब सरकार बनीं तब तब मिला, भारत रत्न से लेकर केंद्र सरकार ने उनके जन्म दिन पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया।उनके जीवन से जुड़े पांच स्थान, मऊ की जन्म भूमि, नागपुर की दीक्षाभूमि, लंदन की शिक्षा स्थली, दिल्ली में महापरिनिर्वाण, मुंबई की चैत्य भूमि को पंच तीर्थ के रूम में विकसित किया।बौद्धाचार्य शिवराम गौतम ने बुद्ध वंदना की, सभा की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद पूर्व ब्लाक प्रमुख ने और संचालन परिक्रमा प्रसाद ने किया। डीडी भारती, राम स्नेही, शत्रोहन लाल सहित भारी संख्या में अम्बेडकर के अनुयाई तथा अनेक ग्राम सभा व ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## पुलिस द्वारा महिलाओं पर लाठीचार्ज की सूचना से बिगड़े हालात भीड़ ने सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की गयी

**लखीमपुर खीरी।** आंबेडकर जयंती पर मोतीपुर में हुई घटना के बाद स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस ने प्रतिमा को हटाने के बजाय संवाद का रास्ता अपना होता तो बीच का रास्ता निकल सकता था। इसके बाद महिलाओं पर लाठीचार्ज सूचना से हालात और बिगड़ गए इस दौरान सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि मूर्ति हटाने से पहले ग्राम प्रधान और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को विश्वास में नहीं लिया गया। जब प्रतिमा स्थापित हो चुकी थी, तो उसे हटाने के बजाय सुरक्षा घेरे में लेकर बातचीत का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था मोतीपुर गांव में बौद्ध विहार की भूमि पर मूर्ति स्थापना को लेकर पहले से तनाव था। पुलिस ने बिना महिला पुलिस बल की मौजूदगी या उचित संवाद के मूर्ति हटवाने का प्रयास किया, जिससे हालात बिगड़े। जयंती जैसे संवेदनशील मौके पर बिना पूर्व चेतावनी या शांति समिति की बैठक के सीधी कार्रवाई को तनाव का मुख्य कारण बताया गया है क्षेत्राधिकारी गोला और तहसीलदार के वाहनों में तोड़फोड़ कर उन्हें पलट दिया। दो सरकारी वाहनों को आग के हवाले कर दिया, जिससे बांकेगंज-गोला मार्ग घंटों बाधित रहा। बचाव में आई पुलिस पर भी जमकर पत्थरबाजी हुई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए आंबेडकर जयंती जैसे संवेदनशील अवसर पर पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महिलाओं पर लाठीचार्ज किया गया, जबकि कानूनन महिला प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पर्याप्त महिला पुलिस बल अनिवार्य है।गोला तहसील प्रशासन के मुताबिक, मोतीपुर गांव में जिस जगह मूर्ति लगाई थी, वह राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढों के रूप में दर्ज है। संबंधित स्थल पर ग्रामीणों ने प्रशासन की बिना अनुमति के मूर्ति लगाई थी। इससे सटी भूमि पर आबादी है। इस भूमि का विवाद 40 वर्ष पुराना बताया जा रहा है अंबेडकर प्रतिमा को हटाने और क्षतिग्रस्त करने की सूचना इस तेजी से फैली कि पुलिस को भी तैयारी का ज्यादा समय नहीं मिला। संसारपुर चौकी से सूचना मिलते ही मैलानी और फिर गोला थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन प्रदर्शनकारियों की संख्या के आगे पुलिस की मौजदूगी पर्याप्त नहीं थी। पुलिस की चेतावनी के बाद भी प्रदर्शनकारियों ने बवाल के बीच मैलानी पुलिस पर अचानक पथराव करना शुरू कर दिया। इस पथराव में थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह मौर्य, चौकी इंचार्ज बांकेगंज संतोष तिवारी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।पूरे घटनाक्रम को लेकर एएसपी पश्चिमी को जांच का आदेश दिया गया है। एक मामला पीड़ित महिला की ओर से और दूसरा मामला पुलिस की ओर से दर्ज किया जा रहा है। अब तक बीस लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। घटना के दौरान स्थानीय पुलिसबल मौके पर मौजूद था।

## बांकेगंज क्षेत्र में बवाल के बाद भीरा थाना क्षेत्र के रूपनपुरवा गांव में बनी तनाव की स्थिति

**लखीमपुर खीरी।** बांकेगंज क्षेत्र में मंगलवार को हुए भारी बवाल के बाद अब भीरा थाना क्षेत्र के रूपनपुरवा गांव में बुधवार सुबह तनाव की स्थिति बन गई। एक पक्ष के लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर वाला नीला झंडा धर्मस्थल पर लगा दिया, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। इस पर विवाद खड़ा हो गया। शुरुआती कहासुनी धीरे-धीरे बढ़कर इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही भीरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने धर्मस्थल से झंडा उतरवा दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों को थाने बुलाया गया। उनसे बातचीत की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गांव में स्थिति नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था बनी हुई है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है, जो पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

## एस डी एम ने धौरहरा नगर पंचायत के नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई



**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा नगर पंचायत के सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि विधायक विनोद शंकर अवस्थी व विशिष्ट अतिथि निघासन विधायक शशांक वर्मा की मौजूदगी में एसडीएम शशिकांत मणि ने नंदकिशोर जायसवाल, नितिन गुप्ता व राधेश्याम चौरसिया को शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दोनों विधायकों ने प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार गांव से लेकर नगर तक विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है और आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। एसडीएम शशिकांत मणि ने नव-नामित सभासदों से अपेक्षा जताई कि वे नगर के विकास और जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान ईओ गौरव सिंह, चेयरमैन नफीस खां, पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुदीप निगम 'सिप्पू', रमाशंकर शुक्ल,डॉ. मुकेश गुप्ता, गोपाल शंकर अवस्थी, सुरेंद्र दीक्षित, रामनरेश साहू, भगवती प्रसाद शुक्ला, पियूष श्रीवास्तव, रामकुमार शर्मा, नेत्र प्रकाश मिश्रा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मोतीपुर ग्रंट 10 मामले में प्रधान सहित 82 लोगों को नामजद और 200 से अधिक अज्ञात लोगों को शामिल किया गया है

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र के मोतीपुर ग्रंट नंबर 10 में मंगलवार शाम आंबेडकर प्रतिमा टूटने पर हुए बवाल के बाद गांव में तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। गांव में पुलिस-पीएसी तैनात कर दी गई है। बवाल में घायल महिला और पुलिस की ओर से बलवा, हत्या का प्रयास सहित संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दोनों मामलों में प्रधान सहित 82 लोगों को नामजद और 200 से अधिक अज्ञात लोगों को शामिल किया गया है मंगलवार शाम मोतीपुर ग्रंट नंबर 10 गांव में गाटा संख्या 1167 की 0.061 हेक्टेयर विवादित भूमि पर आंबेडकर की जयंती के मौके पर रखी गई प्रतिमा से कथित तोड़फोड़ के बाद हुए बवाल के दौरान पुलिस प्रशासन व निजी आठ वाहनों को उपद्रवियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। घायल मैकूपुर निवासी चंदा देवी ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि 14 अप्रैल की शाम मोतीपुर निवासी उनकी भतीजी सुनीता देवी ने सूचना दी थी कि ग्राम प्रधान विरेंद्र, काशीराम, जैपाल, वीरपाल, रामधनी, अवधेश वैयनामी जमीन में अवैध रूप से आंबेडकर प्रतिमा रखने का प्रयास कर रहे हैं जब चंदा देवी मौके पर पहुंची तो आरोपी उसकी भतीजे को पीट रहे थे। आरोपियों के साथ अन्य कौशल, गुड़िया और करीब 200 से अधिक लोग इकट्ठा हो गए। चंदा देवी ने बताया कि आरोपियों ने पेट्रोल डालकर उन्हें जिंदा जलाने का प्रयास किया। घायल महिला की तहरीर पर आठ नामजद और करीब 200 अज्ञात के खिलाफ बलवा, हत्या का प्रयास, हिंसा के लिए उकसाने सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सीओ रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि मैलानी इंस्पेक्टर बृजेश कुमार मौर्य की ओर से 74 लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है बवाव के बाद पुलिस की कई टीमों ने आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी है। गांव में सन्नाटा पसरा है। वहीं आरोपी घर छोड़कर भाग निकले हैं। घर पर महिलाएं मिलीं, जिन्होंने बवाल का ठीकरा पुलिस पर फोड़ा है बवाल के उपद्रवियों ने करीब पांच घंटे तक जमकर बवाल मचाया। रास्ते में जो वाहन आया उसे तहस-नहस करते चले गए। जो मिला उसे पर हमलावर हो गए। नायब तहसीलदार, सीओ, मैलानी इंस्पेक्टर सहित सरकारी और निजी सहित आठ वाहन क्षतिग्रस्त हुए। बवाल में करीब 25 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान जताया जा रहा है। बवाल में महिला और प्रशासन-पुलिस के नौ लोग चोटिल हुए। आरोपियों ने दो वाहन जलाए और दो वाहन नहर में पलट दिए विवादित भूखंड बांकेगंज के मुख्य मार्ग पर स्थित है। इसलिए यह भूखंड बेशकीमती है। प्रथम दृष्टया भूखंड पर कब्जा करने की मंशा उजागर हुई है। गांव वालों के अनुसार इस जमीन को हथियाने के पहले भी प्रयास होते रहे। विवाद हुए हैं। इस भूखंड पर अंबेडकर जयंती का पहली बार आयोजन करने की मोतीपुर गांव कस्बा बांकेगंज का निकटवर्ती गांव है। गाटा संख्या 1167 पर मुख्य मार्ग के किनारे की 6535 वर्ग फीट खाद गड्ढों की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर कई पक्के निर्माण खड़े हैं। वर्तमान में इस जमीन का मुख्य मार्ग से सटा हुआ मुश्किल से 2000 वर्ग फीट भूखंड खाली पड़ा है। जिस पर सुनियोजित ढंग से कब्जा करने का प्रयास किया गया। हालांकि मौखिक रूप से लोग इसे आंबेडकर पार्क की जमीन बता रहे हैं।

## दिल्ली के लिए शुरू हुई ट्रेन सेवा पर सियासी घमासान जारी



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** जिला वासियों के लंबे इंतजार के बाद बदायूं से दिल्ली के लिए शुरू हुई ट्रेन सेवा पर सियासी कहासुनी का दौर जारी है। सोमवार को ट्रेन के उद्घाटन को पहुंचे केंद्रीय मंत्री द्वारा क्षेत्रीय सपा सांसद के विरुद्ध तीखे ब्यान के बाद एक दूसरे पर छींटाकसी का दौर बदस्तूर जारी है। मंत्री द्वारा दिए गए व्यान के बाद भाजपा एवं सपा नेता आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं।मंगलवार को सपा से स्थानीय सांसद आदित्य यादव ने मंत्री के जवाब पर पलटवार करते हुए काफी तंज कसे थे उन्होंने कहा कि मंत्री बीएल वर्मा जनता के बीच जाकर चुनाव लड़े तो उनको हसियत पता लग सकेगी।अब भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने एक्स पर लिखा है कि सपा लंबे समय से परिवारवाद की राजनीति करती चली आ रही है।उनका आरोप है कि,वंचितों के अधिकारों का लाभ एक ही परिवार तक सीमित रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं को मिली ट्रेन सेवा जैसे बड़े विकास कार्य का भी सपा खुले दिल से स्वागत नहीं कर पा रही है जो उनकी नकारात्म सोच को दर्शाता है।

## बिसौली क्षेत्र में किया गया कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

**बदायूं।** विकासखंड कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में थाना बिसौली की बाल कल्याण अधिकारी (पुलिस) द्वारा उपस्थित लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुये साइबर हेल्पलाइन 1930 की विस्तृत जानकरियां प्रदान की गयी। समन्वयक छवि वैश्य द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए बाल श्रम की विस्तृत जानकारियां दी गयी संरक्षण अधिकारी रवि कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा प्रमुख स्थानों पर बाल श्रम एवं भिक्षावृति कर रहे 14 वर्ष से कम के बालको बालिकाओं के रैस्क्यू एवं उनके पुनर्वासन आदि हेतु समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम बाल संरक्षण समिति के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी पार्वती यादव, एबीएसए अरविंद शर्मा, प्रीती चौहन, राजेश कुमार, डॉली आदि मौजूद रहीं।

### कैंसर अवेयरनेस बन गई जरूरी जिम्मेदारी: डॉ.सज्जन

**सहारनपुर।** तेज रफ्तार जिंदगी में लोग दिन का बड़ा हिस्सा ऑफिस में बिताते हैं, जहां टार्गेट और डेडलाइन के बीच सेहत अक्सर नजरअंदाज हो जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी अचानक नहीं होती, बल्कि धीरे-धीरे विकसित होती है। शुरुआती लक्षण हल्के होते हैं, जिन्हें लोग व्यस्तता या लापरवाही में अनदेखा कर देते हैं, जिससे बीमारी देर से पकड़ में आती है।

मेदांता हॉस्पिटल, नोएडा के डायरेक्टर एवं हेड, मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. सज्जन राजपुरोहित, के मुताबिक, नियमित हेल्थ चेक-अप इस दिशा में अहम कदम है। सालाना स्क्रीनिंग से ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओरल और कोलोरेक्टल कैंसर का शुरुआती अवस्था में पता लगाया जा सकता है, जिससे इलाज की सफलता बढ़ती है। लाइफस्टाइल भी बड़ा कारण है।

## महिलाओं द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत निकाली गई रैली




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत शहर सहित उझानी तथा दातागंज में महिलाओं द्वारा स्कूटी रैली निकाली गई। रैली को केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा तथा भाजपा के स्थानीय नेताओं द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महिलाओं द्वारा सिग्नेचर वॉल पर हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया।रैली का नेतृत्व सीमा राठौर, रचना शंखधार,तथा राजवती वर्मा ने किया। शहर में स्थित बदायूं क्लब से रैली का शुभारंभ किया गया जो की भामाशाह चौक, इंद्रा चौक, बाबूराम मार्केट, दिनेश चौक, परशुराम चौक, महाराणा प्रताप चौक,पुलिस लाइन होते हुए पुनः बदायूं क्लब पहुंचने पर इसका समापन कर दिया गया। इस दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। यह केवल कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उज्ज्वल भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह साबित करती है कि वे हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा आज की यह स्कूटी रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन का स्वरूप ले चुकी है। गांव-गांव, शहर-शहर महिलाएं आगे आकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही हैं।सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है।पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल ने कहा यह स्कूटी रैली समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा महिलाओं का इस तरह संगठित होकर आगे आना यह सिद्ध करता है कि अब वे हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए आगे बढ़ रही है।

इस मौके पर अमिता उपाध्याय, रजनी मिश्रा मोनिका गंगवार, जय साहू, योगिता रस्तोगी, समीक्षा शर्मा, ममता वर्मा, अंजली महाजन, सोनी गुप्ता, कविता शर्मा, नीलू मिश्रा, राना समीम, अंजू राठौर, कुष्म सक्सेना, गुड्डी राघव, उर्मिला, रेखा, महिमा, मीनाक्षी आदि महिलाए उपस्थित रहीं।

## 290 उपभोक्ताओं को ही दिए जाएंगे रसोई गैस सिलेंडर: उप जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** एसडीएम कार्यालय में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सभी गैस एजेंसी स्वामियों को बुलाया गया। बैठक में तय किया गया कि जिन उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग हुई हुई है उनको वह उनके नाम की लिस्ट एजेंसी के गेट पर चश्पा कर दी जाएगी, जिस उपभोक्ता का नाम लिस्ट में होगा उसी को गैस सिलेंडर दिया जाएगा बाकी उपभोक्ताओं से निवेदन किया गया है एजेंसी के सामने अन्यथा भीड़ ना लगाई जाए लिस्ट में अपना नाम देखकर ही सिलेंडर ले। इस अवसर राजा भारतेंदु पूर्व सांसद पूर्व मंत्री, इंडियन गैस एजेंसी स्वामी, रोहित कुमार, भारत गैस एजेंसी स्वामी गुरपाल सिंह व सभी गैस एजेंसी स्वामियों को बुलाया गया था मीटिंग का मकसद उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराना था जिसमें गैस एजेंसी स्वामियों ने एसडीएम नजीबाबाद से गैस एजेंसी पर पुलिस व्यवस्था करने की भी मांग की गई। बैठक में भाजपा के दिग्गज कार्यकर्ता में पदाधिकारी भी उपस्थित रहे लेकिन उपभोक्ताओं के दर्द को किसी ने नहीं जाना बताते चलेगी सभी खाने के होटल पर कमर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर नगर में इस्तेमाल किया जा रहे हैं जिनकी कोई जांच पड़ताल करने को तैयार नहीं है। उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने कहा कि 290 उपभोक्ता को ही गैस सिलेंडर किए जाएंगे 10 सिलेंडर रिजर्व में रखे जाएंगे जिससे आपातकाल में निपटा जा सके। बैठक में पत्रकारों के हित की बात- इरफान अंसारी ने उठाई लेकिन अधिकारियों ने कोई जवाब नहीं दिया।

## सिविल जज जूनियर डिवीजन व शालिनी देवी

### अपर सिविल जज जूनियर का हुआ विदाई समारोह

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** तहसील परिसर में एकलव्य सरोज सिविल जज जूनियर डिवीजन नजीबाबाद व शालिनी देवी अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन नजीबाबाद का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में नजीबाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कसीम अहमद एडवोकेट व महासचिव नदीम अहमद अंसारी ने दोनों जज साहब का फूल मालाओ से स्वागत किया। विदाई समारोह में आरिफ कफील, धर्मेंद्र यादव, मोहम्मद सुहेल, कुलदीप जाखेटिया, ज्ञानेंद्र सिँह जंघाला, अशोक तोमर, शाह फैसल, नवाब आलम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद सैफ, अनीस अहमद, जावेद कमर सिद्दीकी, विजय शर्मा, जाफिर हुसैन, विजेंद्र चौहान, नवाब शराफत, शादाब, योगेंद्र चौहान, मोहम्मद राशिद, खुर्शीद आलम, इरशाद अहमद, इफतेखार अहसन, अशोक तोमर, मोहम्मद मोअज़्ज़म खा, लेखराज, कुलवंत सिंह, कामेन्द्र सिंह, अमरीक सिंह, मोहम्मद हारून, तेज प्रताप, देव प्रताप, धीरेंद्र सिंह, इंतजार कुरैशी, शकील अहमद, मोहम्मद इब्राहिम, अजय पाल सौदाई, इकराम अहमद कुरैशी, नसीम अहमद, फरमान अंसारी रिजवान अंसारी, मोहम्मद असद मंसूब, महबूब आलम, कुलदीप कश्यप, मोहम्मद, आज़म कुरैशी, कुलदीप शर्मा, रवि शंकर नायक, संजय कुमार, नसीम मंसूरी, अनुराग सलवान, जितेंद्र राजपूत, इरशाद अहमद, मोहम्मद आदिल, फहद मोहम्मद कलीम, मोहम्मद फैज अंसारी, मोहम्मद राशिद, गीता, शिवानी, राज किरण, अमित शर्मा, अतिकुर रहमान, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद अनीस, लोकेंद्र चौहान, मोहम्मद आदिल, हिमांशु, मोहम्मद यामीन, आसिफ हुसैन, नंदराम सिँह, दिलशाद अहमद, मोहम्मद, अकरम, मोहम्मद बिलाल, मिडिया प्रभारी फहीम खुर्शीद सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कसीम अहमद एड. व महासचिव नदीम अहमद अंसारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष कसीम अहमद एडवोकेट व संचालन जावेद कमर सिद्दीकी ने किया।

## सेहत: मिट्टी के बर्तन दिलाएंगे, डॉक्टरों से छुटकारा इम्युनिटी बूस्टर का काम करते हैं, मिट्टी के बर्तन



**कानपुर।** प्राचीन काल से घरों की रसोई में प्रयोग होते आ रहे मिट्टी के बर्तनों की खूबियां किसी से छिपी नहीं है।

आधुनिकता की दौड़ में रसोई के अंदर स्टील, एल्यूमिनियम, नॉनस्टिक ने इन मिट्टी के बर्तनों की जगह छीन ली। जिसका नतीजा यह हुआ कि लोग तरह तरह की बीमारियों से ग्रसित होने लगे। पहले के जमाने में इतनी तरह की बीमारियों का सामना लोगों को नहीं करना पड़ता था। और ना ही लोगों को डाक्टरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। ना ही दवाइयों के भारी भरकम खर्च का बोझ उठाना पड़ता था। कारण सिर्फ सही ढंग से उनका खानपान और पौष्टिकता पर ध्यान देना था।

मिट्टी से बने बर्तन रसोई में खाना पकाने के लिए प्रयोग होते थे। दूध उबालने के लिए भी मिट्टी से बनीं हांडी प्रयोग होती थी। इन मिट्टी के बर्तनों में भोजन पकाने के कारण भोजन में पौष्टिकता होती थी। तभी लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कतें आसानी से नहीं होती थीं। प्राचीन काल से भोजन पकाने और खाने के लिए मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग होता आ रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार मिट्टी के बर्तन स्वास्थ्य के लिए वरदान हैं। इन मिट्टी के बर्तनों में भोजन पकाना और खाना किसी वरदान से कम नहीं है। तमाम तरह के पोषक तत्व जो अन्य धातुओं के बर्तनों में भोजन पकाने के दौरान नष्ट हो जाते हैं, वह सब मिट्टी के बर्तनों में बने भोजन में नष्ट नहीं होते, यही स्वास्थ्य के लिए इम्युनिटी बूस्टर का काम करते हैं।

## डॉ. अंबेडकर का जीवन भारतीय समाज के लिए प्रेरणा स्रोत: गुम्बर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** संत गुरु रविदास छात्रावास में भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। नगर विधायक राजीव गुंबर ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन भारतीय समाज के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्रोत है।

देहरादून रोड स्थित छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि बाबा साहेब ने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के लिए एक सशक्त आधार तैयार किया। उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रमुख स्तंभ है। आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के आदर्शों समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और सबके लिए समान अवसर को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।



उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर एक सशक्त, समरस और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने छात्रावास की व्यवस्था को देखते हुए हाल व शौचालय बनवाने का सार्थक आश्वासन दिया। मेयर अजय कुमार सिंह व अनुसूचित आयोग के सदस्य महीपाल बाल्मीकि ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को पुनः विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपने ज्ञान, संघर्ष और दृढ़ संकल्प से न केवल सामाजिक कुरीतियों को चुनौती दी, बल्कि एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहां हर नागरिक को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हो। उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान आज भी देश को एकता, अखंडता और न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है।

महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा और आत्मबल के माध्यम से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। उनका जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज देश में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने और एक समतामूलक, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। मेयर अजय कुमार सिंह ने पार्क में घास काटने की मशीन व वाटर कूलर देने की घोषणा की। कार्यक्रम में राजेश जौहरी, वार्डन योगेश, दिव्य प्रकाश भारती, मा.पवन कुमार, हिमांशु कुमार, पार्षद मोहर सिंह, सुभाष चं,द संजीव कर्णवाल, अंकित जाटव, महामंत्री ललित कटारिया, सरदार सूपनीत सिंह, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, योग चुग, प्रदीप शर्मा, गोपाल मेहंदी रत्ता, दीपक रहेजा, केके बत्रा,राजकुमार कालरा, कुलदीप पुंडीर, नितिन परमार व विपिन आदि उपस्थित रहे।

## जनपद में नो जून से धारा 163 लागू

*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कहा कि निकट भविष्य में सम्पन्न होने वाले त्यौहार चन्द्रशेखर जयन्ती, परशुराम जयन्ती, बुद्ध पूर्णिमा, लोक नायक महाराणा प्रताप जयन्ती, ईदुज्जुहा आदि व अन्य विभिन्न आयोजनों के अवसर पर तथा उप्र होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की परीक्षा, लेखपाल मुख्य परीक्षा, प्रवक्ता राजकीय इण्टर कॉलेज परीक्षा 2025 की परीक्षा, प्रवक्ता पीजीटी की परीक्षा, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी परीक्षा एवं उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 आदि की परीक्षाओं के आयोजन एवं विभिन्न विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं एवं चयन व प्रवेश परीक्षाओं के दृष्टिगत औद्योगिक संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों व शिक्षण संस्थानों और रेलवे स्टेशन आदि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अप्रिय घटनायें घटित की जाने की साजिश की जा सकती है तथा कुछ तत्व/लोग जानबूझकर ऐसे कृत्य कर सकते है जिससे लोक परिशांति भंग होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इन सबको दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था कायम रखने हेतु तथा प्रजा तांत्रिक मूल्यों के रक्षण हेतु जनपद में निषेधात्मक आज्ञा लागू की है। मनीष बंसल ने इस आश्य के आदेश जारी करते हुए कहा है कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर 04 या 04 से अधिक व्यक्ति बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के धरना जुलूस प्रदर्शन आदि के लिए एकत्रित नही होंगे और न ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेंगे। वर्तमान में आयोजित परीक्षाओं के दृष्टिगत कार्यक्रमों में संयोजक डीजे का प्रयोग नियत समय सीमा के पश्चात किसी भी दशा में नहीं करेंगे तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण के संबंध में प्रसारित गाईड लाईन के अनुरूप ही डीजे का प्रयोग करेंगे।

# प्रेमी निकला प्रेमिका का कातिल, 24 घंटे में खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** 14 अप्रैल को शहर के सुभाष नगर क्षेत्र में जेल के पीछे एक जंगल में युवती का शव मिला था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने सदर कोतवाली पुलिस और जिला एसओजी की संयुक्त टीम का गठन कर हत्यारोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने 24 घंटे के अंदर घटना में शामि दो अभियुक्तों को मुठभेड़ दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एक आरोपी ने मृतका से प्रेम प्रसंग के बाद भी किसी दूसरे से विवाह किए जाने से आक्रोशित के चलते हत्या किए जाने का जुर्म कुबूला है।

शहर के सुभाष नगर मुहाल में जेल के पीछे सुनसान इलाके में मंगलवार की सुबह प्रियंका पुत्री मानिकचंद्र का शव पड़ा पाया गया था, जिस पर मृतका के परिजनों ने प्रियंका की पत्थर से कुचलकर हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना का खुलासा कराए जाने की मांग की थी। एसपी से घटना का खुलसा कराए जाने को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में सदर कोतवाली और एसओजी टीम का गठन किया था। बुधवार को गठित की गई टीम डहर्रा गांव की ओर जाने वाली रोड़ में घटना के संबन्ध में लोगों की चेकिंग कर हरे थे, तभी बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षार्थ में पुलिस टीम ने जवाबी कर्रावाई की, जिसमें दोनो अभियुक्त घायल होगए। पूछताछ आरोपियों ने अपना नाम धर्मेन्द्र कुमार निवासी डहर्रा व सुमित सिंह निवासी मवईखुर्द बताया। दोनो अभियुक्तों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त सफेद गमछा, तीन मोबाइल जिसमें एक मोबाइल मृतका का भी शामिल है, एक बाइक, दो अवैध तमंचा व कुछ धनराशि बरामद की गई। पुलिस की पूछतांछ दौरान अभियुक्त सुमित सिंह ने बताया कि उसका मृतका के साथ प्रेम संबंध था, जिससे उसके पारिवारिक जीवन में विवाद उत्पन्न हो गया था। मृतका की शादी अन्यत्र तय हो जाने से आक्रोशित होकर उसने ने अपने साथी धर्मेन्द्र के साथ मिलकर योजना बनाई और गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

## जूडो कराटे स्टेट चैंपियनशिप के लिए 14 खिलाड़ियों का चयन

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कस्बे के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। डुमरियागंज रोड स्थित एक फिजिकल सेंटर के 14 बच्चों का चयन जूडो कराटे स्टेट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर बुधवार को सपा नगर कार्यालय में उत्साह का माहौल रहा।नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश पटवारी ने सभी चयनित खिलाड़ियों को फूल-माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेल शारीरिक विकास के लिए जरूरी है। चयनित खिलाड़ी अब लखनऊ के प्रतिष्ठित के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चयनित बच्चों में प्रिया जायसवाल, इशिका सिंह, आराध्या सिंह, आराध्या यादव, रुद्र सूर्यवंशी, काव्या,शिवांगी सोनी, हर्षिता, शिवांग सोनी,रेयांश यादव, युवराज, अर्णव,अवि पाल और नव्या। इस अवसर पर राधेश्याम जायसवाल ने बच्चों की मेहनत की सराहना की।

# स्मार्ट मीटर से बढ़ी परेशानी, विद्युत विभाग कार्यालय के बाहर उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन व नारेबाजी

- उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटरों को हटाकर पुराने मीटर लगाए जाने की उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** स्मार्ट मीटर से हो रही दिक्कतों के विरोध में शहर के विभिन्न मोहल्लों के बिजली उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने कीरत सागर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के बाहर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटरों को हटाकर पुराने मीटर लगाए जाने की मांग उठाई, जिससे बिजली के आ रहे अधिक बिलों से छुटकारा मिल सके। बिल जमा होने के बावजूद बिजली काटे जाने और भारी भरकम बिलों से नाराज उपभोक्ताओं ने सड़क जाम कर हंगामे की सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने जांच और समस्या का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

शहर के विभिन्न मोहल्लों से आए उपभोक्ता चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद कीतर सागर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय में विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए एकजुट हुए। बिजली उपभोक्ताओं का गुस्सा उन स्मार्ट मीटरों के खिलाफ था, जिन्हें सुविधा के लिए लगाया गया था, लेकिन अब यह स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। प्रदर्शनकारियों में मलकपुरा के सीताराम यादव और भटीपुरा की राजकुमारी जैसे कई उपभोक्ता शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल जमा होने के बावजूद महीने में कई बार बिजली काट दी जाती है। उपभोक्ताओं ने बताया कि किसी का 500 रुपए एडवांस जमा है, तो किसी ने 10 दिन पहले ही 2000 रुपए का भुगतान किया था, फिर भी विभाग बकाया बताकर कनेक्शन काट रहा है।

थ्बजली उपभोक्ताओं ने बताया जबसे यह स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं उनके घर का बजट भी बिगड़ गया हैं। पहले वाले मीटरों की अपेक्षा कई गुना बिल आ रहा है। शेखू नगर की कुसुमा देवी और फतेहपुर बजरिया की मंजू ने विभाग पर कर्मचारियों द्वारा अभद्रता और मनमानी का आरोप लगाया।

# शराबी को बचाने के चक्कर में गिट्टी से भरा ट्रक सड़क पर पलटा, चालक की सूझबूझ टला हादसा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शहर के पीडब्ल्यूडी के समीप कानपुर सागर नेशनल हाईवे पर डंपर चालक ने अपनी सूझबूझ से अचानक वाहन के सामने आए शराबी को तो बचा लिया, लेकिन डंपर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिससे डंपर बुरी तरह क्षति ग्रस्त हो गया, लेकिन गनीमत रही की रात होने के कारण भीड़ भाड़ इलाके में आवाजाही कम थी। डंपर पलटने से चालक व क्लीनर और शराबी को चोटे आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बीच सड़क पर डंपर पलट जाने से यातायात कुछ घंटों के लिए प्रभावित रहा। घटना देख आसपास के लोग बुरी तरह सहम गए थे।

कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथीपुर निवासी चालक शान मोहम्मद मंगलवार की रात 18 चक्का डंपर यूपी की सीमा से सटे मध्यप्रदेश के गांव दिदवारा में लगे क्रेशर से गिट्टी लादकर गोंडा जा रहे थे। शहर के पीडब्ल्यूडी व डाक बंगला के पास डंपर पहुंचा था कि अचानक एक नशे में धुत व्यक्ति डंपर के सामने आ गया। चालक ने व्यक्ति को बचाने के लिए तुरंत ट्रक को दूसरी दिशा में मोड़ा। अचानक मोड़ के कारण भारी भरकम 18 चक्का ट्रक संतुलन खोकर सड़क पर पलट गया और उसमें भरी गिट्टी हाईवे पर बिखर गई।

घटना रात के वक्त होने के कारण गनीमत रही कि हाईवे पर वाहनों और राहगीरों की आवाजाही कम थी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। इस हादसे में चालक शान मोहम्मद और क्लीनर अच्छेलाल को मामूली चोटें आई। जिस शराबी व्यक्ति को बचाया गया, उसे भी हल्की चोटें लगी हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया गया। हाईवे पर डंपर पलटने से यातायात कुछ घंटे के लिए बाधित हुआ।

## आज के युग में हर एक लोग को भविष्य के लिए रुपया जमा करना चाहिए : पंडित श्रीकांत मिश्रा



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी पं.श्रीकांत मिश्रा द्वारा वीआईएमएस वाराणसी इंश्योरेंस एंड मल्टी सर्विसेज के रथयात्रा स्थित कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा फीता काट कर दीप प्रजनन से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात वहां उपस्थित सभी विशिष्ट एवं अति विशिष्ट अतिथियों का अंग वस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वाराणसी इंश्योरेंस एंड मल्टी सर्विसेज के अधिष्ठाता अभिषेक भट्टाचार्य एवं कंचन भट्टाचार्य ने बताया कि, हमारे नवीन प्रतिष्ठान में एक ही छत के नीचे भारत के सभी नामी कंपनियों का जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा,म्यूचुअल फंड, एसआईपी,स्टॉक्स,फायर बीमा, मरीन बीमा, पी.एम.एस,वाहन बीमा, धनजमा एवं सभी प्रकार के लोन करवाये जाते हैं। साथ ही अभिकर्ता बन कर अतिरिक्त आय करने की सुविधा भी उपलब्ध है। सौसर पर मुख्य रूप से जय श्री कृष्णा फाउंडेशन के संस्थापक संजीव अग्रवाल, अरविंद जैन,प्रदीप मल्होत्रा, प्रमुख उद्योगपति दीपक बजाज, वरिष्ठ चिकित्सक दीपाली गुप्ता, डॉक्टर ए के कौशिक,राजीव गुप्ता, नीतेश सिंह, रूबी शाह उपस्थित थे।

# गेल इंडिया द्वार शिवाला स्थित होटल बनारस हवेली को पाइप्ड नेचुरल गैस से जोड़ा गया

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती ऊर्जा के प्रसार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में अस्सी घाट, शिवाला स्थित होटल बनारस हवेली में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) आपूर्ति की सफल शुरुआत की गई।

इस होटल अब तक (एलपीजी) सिलेंडरों पर निर्भर था तथा प्रतिमाह औसतन 30 सिलेंडरों की खपत करता था। पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के साथ ही होटल को निर्बाध गैस उपलब्धता, उच्च सुरक्षा मानक, परिचालन लागत में उल्लेखनीय कमी तथा पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग जैसे अनेक लाभ प्राप्त होंगे। अब एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग अन्य आवश्यक क्षेत्रों में किया जा सकेगा।

पीएनजी के उपयोग से न केवल होटल की परिचालन दक्षता में सुधार होगा, बल्कि एलपीजी सिलेंडरों के भंडारण एवं परिवहन से जुड़ी समस्याओं से भी मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। यह पहल गेल की उस सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत होटल, रेस्टोरेंट, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं उद्योगों को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़कर काशी को हरित एवं स्वच्छ बनाने का लक्ष्य रखा गया है। होटल को पीएनजी नेटवर्क से जोड़ना, वाराणसी में एक और वाणिज्यिक उपभोक्ता तक स्वच्छ गैस सुविधा पहुँचाने की दिशा में गेल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। गेल वाराणसी निरंतर अपने गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक विश्वसनीय, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एआई जागरूकता पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में गोरखपुर का नाम दर्ज

अवधनामा संवाददाता

- सीएम योगी के मार्गदर्शन में रची गई एआई फॉर आल अवेयरनेस प्रोग्राम की रूपरेखा

**गोरखपुर।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जागरूकता पर गोरखपुर का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में रची गई एआई फॉर आल अवेयरनेस प्रोग्राम की रूपरेखा ने एक सप्ताह की समय सीमा में 764187 ऑनलाइन पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

एमपीआईटी (महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) ने टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) और अन्य संस्थानों के सहयोग से इस प्रोग्राम को शुरू किया है। इस प्रोग्राम में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व पंजीकरण के लिए बुधवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ऋषि नाथ ने विश्व कीर्तिमान रचे जाने का प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को सौंपा। प्रमाण पत्र हैंडओवर करने का कार्यक्रम, एमपीआईटी में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लोकार्पण समारोह के मंच पर हुआ। एमपीआईटी ने एआई फॉर आल अवेयरनेस प्रोग्राम के लिए पांच लाख पंजीकरण का लक्ष्य रखा था। इसके लिए निर्धारित तिथि, 9 अप्रैल तक 764187 पंजीकरण हुए। इसके अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय, एमपी पॉलिटेक्निक, आईटीएम गीडा, बीआईटी गीडा आदि को साझा पहल में शामिल किया गया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को कड़े मानकों पर परखने के बाद विश्व कीर्तिमान का प्रमाण पत्र सौंपा गया है।

# जिलाधिकारी एवं सांसद और विधायकों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** सभागार, फतेहगढ़ में सांसद मुकेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 106 ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर, 08 जिला परियोजना कार्यालय/ब्लॉक संसाधन केन्द्रों पर सम्बद्ध कार्मिक, 14 तकनीकी अनुदेशक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों हेतु 21 कार्मिकों सहित कुल 149 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 अतिथियों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निष्ठा एवं परिश्रम के साथ शिक्षण कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर ने अभ्यर्थियों को लगन एवं ईमानदारी से कार्य करने के लिए उत्साहित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री मोनिका यादव ने नारी शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर के माध्यम से प्रारम्भिक शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया।

विधायक अमृतपुर श्री सुशील शाक्य ने विद्यालयों के शैक्षिक स्तर पर संतोष व्यक्त करते हुए नवचयनित कार्मिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध शिक्षण कार्य हेतु प्रेरित किया। मा0 भाजपा जिला अध्यक्ष श्री फतेहचन्द्र वर्मा एवं मा0 सांसद श्री मुकेश राजपूत ने भी सभी अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## ग्रामसभा पकड़ी भोजपुर में ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत पर आयोजित हुआ ताज़ियती जलसा

**दानिश मेहदी, टांडा अम्बेडकरनगर।** विकास खण्ड टांडा के ग्रामसभा पकड़ी भोजपुर में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनाई की शहादत पर एक ताजियती जलसे का अंजुमन शमशिरे हैदरी पकड़ी के द्वारा आयोजन किया गया जिस जलसे के मुख्य अतिथि ईरानी कल्चर हाउस दिल्ली से आए डॉ हकीम अब्दुल मजीद इलाही ने शिरकत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि भारत और ईरान का बहुत पुराना दोस्ती का रिश्ता है और यहां के लोगों ने हमारे रहबर ए मोअज्जम सैयद अली ख़ामनाई की शहादत पर लगातार अपने गमों का इज़हार करते चले आ रहे हैं उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि हमेशा इसी तरह से बना रहे मुख्य अतिथि का गांव के लोगों ने बरियावन बाजार से रिसीव किया और बड़ी संख्या में वहां से ही नारे लगाते हुए गांव तक पहुंचे जहां उनका प्रथम आगमन पर अंजुमन शमशिरे हैदरी पकड़ी के सदस्यों ने गर्मजोशी से इस्तेकबाल किया गया।

## शेषधर उपाध्याय पंचतत्व में विलीन ज्येष्ठ पुत्र ने दी मुखाग्नि



**वाराणसी।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर, कछ्वाँ पंचायत लरवक में लोक चेतना संस्था के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता के.के उपाध्याय के पिता शेषधर उपाध्याय बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। बता दें कि उनके ज्येष्ठ पुत्र लोक चेतना संस्था अध्यक्ष के.के उपाध्याय ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर उनकी चिता को मुखाग्नि दी।

उनका निधन वे 72 वर्ष के आयु में मंगलवार की शाम 6 बजे पैतृक गांव लरवक में निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर लगते ही गांव -जवार, शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई।अंतिम यात्रा में चाहने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा।उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया।इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री लोक चेतना निशांत बरनवाल, मीडिया प्रभारी जौनपुर लोक चेतना कृष्णा सिंह, कैलाश सिंह,विनय गुप्ता,राहुल अवस्थी सहित तमाम शुभचिंतकों ने श्रृद्धांजलि अर्पित किया।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम















अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सीपी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में हर्ष, उल्लास एवं उत्सव का वातावरण व्याप्त हो गया। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की, जिससे समूचा विद्यालय परिवार गौरवान्वित एवं उत्साहित है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो उच्चस्तरीय शिक्षण, अनुशासित वातावरण एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का सजीव प्रमाण है।

विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों में नित्या मिश्रा ने 97 % अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इसी क्रम में तितिक्षा ने 96.4 % अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा कनिष्का सिंह ने 95.6% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। इसके अतिरिक्त 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की कीर्ति में चार चाँद लगाए। जिनका विवरण निम्न है -

नित्या मिश्रा-97, तितिक्षा- 96.4, कनिष्का सिंह- 95.6, सक्षम कुमार दीक्षित-94.8, अभिनव यादव-94.6, यशी सिंह-94.6, यथार्थ सिंह राठौर- 93.6, उत्तम राज-93.4, कशिश राजपूत- 93.2, नव्या शर्मा- 93, वैष्णवी यादव- 93, वेदांश द्विवेदी- 92.6, अग्रिमा मिश्रा-91.8, आरुष राजपूत-91.8, अभय दीक्षित- 91.6, रिया कुशवाहा-91.6, यमन- 91.2, प्रतीक यादव-91, अभिषेक यादव- 90.8, श्रद्धा गुप्ता- 90.8, देवांश सिंह- 90.6, रचित प्रताप सिंह-90.4, राधिका अग्रवाल-90.4, यशब खान- 90.4, राम जानकी वर्मा- 90, शिव तिवारी-90, अक्षत गौर-90।

90 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की तथा सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय की उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखा।

इस अवसर पर निदेशक महोदया डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर साधना, शिक्षकों के समर्पणपूर्ण मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक प्रतिफल है। उपनिदेशक महोदया श्रीमती अंजू राजे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें सतत परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है और यह सफलता उसी दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

प्रभारी प्रधानाचार्य श्री नवीन शाक्य ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, लगन एवं लक्ष्यनिष्ठा के साथ निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सफल विद्यार्थियों को मिठाई वितरित कर एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की मंगलकामना की।

# जीवन को और गतिशील कर सकती है प्रौद्योगिकी : सीएम

अवधनामा संवाददता

- एमजीयूजी में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 कार्यक्रम के बोले मुख्यमंत्री
- कजीवन और विकास से जुड़े हर क्षेत्र को नई उड़ान, नई ऊंचाई दे सकती है इमर्जिंग टेक्नोलॉजी : मुख्यमंत्री

### कृषि में लाभकारी बन रही है इमर्जिंग टेक्नोलॉजी

मुख्यमंत्री ने कहा इमर्जिंग टेक्नोलॉजी कृषि क्षेत्र में बहुत लाभकारी बन रही है। रियल टाइम डेटा से किसान जान सकते हैं कि उनके खेत में कब और कितने उर्वरक और सिंचाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यूपी में 2017 के पहले कृषि विकास दर 6 से 7 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई है। यदि इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल हो तो इसे 30 प्रतिशत तक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सबसे उर्वरा भूमि और सिंचाई के साधन यूपी में हैं। प्रौद्योगिकी का सही प्रयोग कर बहुत से किसान बहुत अच्छा लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में ड्रोन दीदी की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि ड्रोन दीदी 10 मिनट में एक एकड़ खेत में दवा का छिड़काव कर सकती है।

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रौद्योगिकी जीवन को और भी स्पीड अप (तीव्र गतिशील) कर सकती है। इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (उभरती नई प्रौद्योगिकी) के कई उदाहरणों से इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता। इमर्जिंग टेक्नोलॉजी जीवन और विकास से जुड़े हर क्षेत्र को नई उड़ान और नई ऊंचाई दे सकती है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत और विकसित एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को प्रत्येक क्षेत्र का हिस्सा बनाना पड़ेगा।

सीएम योगी बुधवार शाम महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने टेक्नोलॉजी को समस्या समाधान के लिए महत्वपूर्ण बताया। इसके लिए इंसेफेलाइटिस नियंत्रण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 2017-18 के पहले प्रतिवर्ष बड़े पैमाने पर इंसेफेलाइटिस से मौतें होती थीं। 40 वर्ष में 50 हजार मौतें इंसेफेलाइटिस से हुईं। तब इसे लाइलाज बीमारी और नियति का हिस्सा मान लिया गया था। सांसद के रूप में वह इस पर आंदोलन करते थे लेकिन 2017 में जब मुख्यमंत्री बने तो समाधान की जिम्मेदारी आई। सीएम ने बताया कि डेटा कलेक्ट कर उन्होंने बीमारी के कारण और समाधान पर टीम लगाकर काम शुरू कराया। पता चला कि इंसेफेलाइटिस उन परिवारों और बस्तियों में अधिक थी जहां स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता का अभाव था। उन्होंने ऐसे परिवारों के लिए शौचालय और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। इसका परिणाम यह हुआ कि छह वर्ष में इंसेफेलाइटिस से मौत के आकंड़े शून्य हो गए।

**समस्या का समाधान दे सकती है टेक्नोलॉजी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक्नोलॉजी हमें समस्या का समाधान दे सकती है, जरूरत है उसके अनुरूप रणनीति बनाने की है। गन्ना किसानों की समस्या समाधान की चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने टेक्नोलॉजी से गन्ना किसानों के लिए पर्ची की व्यवस्था उनके स्मार्टफोन पर देने की व्यवस्था बनाई। इससे बिचौलियों की दलाली भी बंद हुई, घटतौली की समस्या का भी समाधान हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2000 से लेकर 2017 तक गन्ना किसानों को 2 लाख 4 हजार करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया था। जबकि उनकी सरकार ने 2017 से लेकर 2025 के बीच 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया है। 2017 के पहले हताश रहने वाला किसान अब उत्साहित रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो लोग यह कहते हैं कि किसानों की आमदनी नहीं बढ़ी, वे या तो किसान नहीं हैं या फिर खेती के बारे में नहीं जानते हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में सड़क पर उतरी भाजपा

## महिलाओं की अगुवाई में फतेहगंज से सर्किट हाउस तक निकाली बाइक-स्कूटी रैली



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी ने बाइक व स्कूटी रैली आयोजित किया। रैली फतेहगंज चौराहे से निकलकर चौक, रिकाबगंज और सिविल लाइन होते हुए सर्किट हाउस तक पहुंची। महिला मोर्चा व प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं ने इसकी अगुवाई की। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी का ध्वज दिखाकर रैली रवाना किया, जबकि चौक से महापौर गिरीश पति त्रिपाठी भी शामिल हुए। समापन पर सर्किट हाउस सभागार में हस्ताक्षर अभियान चला, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपना समर्थन दर्ज कराया।सर्किट हाउस में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है और यह अधिनियम उस दिशा में मजबूत पहल है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से समाज में समानता को बल मिलेगा और आने वाले समय में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता और अधिक सशक्त होकर सामने आएगी।अभियान संयोजक रीना द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं को अब राजनीति और नेतृत्व में आगे आने का अवसर मिलेगा, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम का संयोजन युवा मोर्चा महामंत्री आकाश सोमवंशी ने किया।

कार्यक्रमों में श्यामा शर्मा, भारती सिंह, मोनिका सिंह, गरिमा मौर्या, अनीता द्विवेदी, खुशबू शर्मा, करूणा पाण्डेय, शशिरानी शर्मा, हुकुमकेश पाण्डेय, अनामिका मिश्रा, उर्मिला सिंह, सुधा पाण्डेय, नीलम जायसवाल, महामंत्री परमानंद मिश्र, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, मुकेश तिवारी, तिलकराम मौर्या, अमित कुमार मिश्र, अमन तिवारी बिटटूअध, जेपी श्रीवास्तव, ओमिश अग्रहरि, दिनेश कन्नौजिया, शुभम् श्रीवास्तव सहित बडी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंजीनियरिंग छात्रों के मुद्दों को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवांशु तिवारी के नेतृत्व में इंजीनियरिंग छात्रों की समस्याओं को लेकर अवध विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष अजय मिश्रा सहित कई छात्र नेता मौजूद रहे।

ज्ञापन में परीक्षा प्रणाली की खामियों को उठाते हुए माइनस मार्किंग समाप्त करने की मांग की गई। प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि नकारात्मक अंकन छात्रों का आत्मविश्वास तोड़ रहा है और निष्पक्ष मूल्यांकन में बाधा बन रहा है। साथ ही बैक पेपर प्रणाली को सरल बनाने, विषयों की संख्या बढ़ाने और परिणाम के तुरंत बाद परीक्षा कराने की मांग भी रखी गई।छात्र नेताओं ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य दंड नहीं बल्कि सुधार होना चाहिए। कुलपति ने ज्ञापन स्वीकार कर छात्रों की मांगों पर विचार कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है इसलिए शिक्षा के प्रति संकल्पित होना पड़ेगाः डॉ. राम सजीवन निषाद

*अवधनामा संवाददाता*

**सोहावल -अयोध्या।** जिले के विकास खंड सोहावल क्षेत्र के कोटडीह सरैया मजरे दिलीप का पुरवा में राष्ट्रीय जनवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष वेद प्रकाश कोविद की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम सजीवन निषाद ने बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जनवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम सजीवन निषाद ने कहा बाबा साहब के तीन मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो से ही समाज का उत्थान किया जा सकता है। आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर बाबा साहब के बताए मार्ग के प्रति हम सबको संकलित होना पड़ेगा और शिक्षा को अपना पहला हथियार मानकर अपने एवं अपने समाज के बच्चे को उच्च शिक्षा दिलानी होगी, अपने क्षेत्र के आसपास में जो भी परिवार अपने बच्चे को शिक्षा दिलाने में आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनके मदद के लिए हम सभी को आगे आना पड़ेगा। अच्छी शिक्षा दिलाने से बड़ा कोई बड़ा दान नहीं है। अगर किसी एक बच्चे को उच्च स्तरीय शिक्षा दिला लें जाते हैं तो हम बाबा साहब के उस मिशन को सफल बना लेते हैं जो भारत के लिए सपना देखा था। उन्होंने आगे कहा कि आज बाबा साहब की जयंती पर हम सभी दीपोत्सव मनाएंगे, सभी लोग अपने अपने घरों पर दीपक या मोमबत्ती जलाएंगे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय जनवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम सजीवन निषाद ने दिलीप का पुरवा के प्रत्येक परिवार एवं जयंती कार्यक्रम में आए सैकड़ों लोगों को मोमबत्ती का एक एक पैकेट दिए। इस दौरान महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कान्ती पासवान, महिला मोर्चा जिला महासचिव फूलकला कोविद, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रिन्स, महिला मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष पूजा कोविद, ब्लाक उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, मण्डल अध्यक्ष राम सरदार, डॉ. हृदयराम, शान्ती देवी, अंजू, चन्दा देवी, संजीव कुमार, सुभाषचन्द्र निषाद, हरीराम, संदीप कुमार सहित सैकड़ों क्षेत्रवासियों की मौजूदगी रही।

## RTC योजना के तहत चला अभियान, 226 वाहनों का चालान

**अयोध्या।** जनपद में यातायात जाम की समस्या को कम करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देशन में लागू सुगम यातायात योजना के अंतर्गत मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान चिन्हित 10 प्रमुख मार्गों पर अवैध अतिक्रमण हटाने और नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।अभियान के तहत कुल 226 वाहनों का चालान करते हुए 2,26,000 का जुर्माना वसूला गया। पुलिस टीमों ने मनूचा तिराहा से यश पेपर मिल, रिकाबगंज चौराहा, बेनीगंज, अग्रसेन चौक, मऊ शिवाला, रायगंज, टेढ़ी बाजार, गोसाईगंज व बीकापुर सहित प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाया।

## खंभे पर लटका मिला नगर पालिका परिषद रुदौली का विकास

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली -अयोध्या।** नगर पालिका परिषद रुदौली द्वारा करीब 6 माह पूर्व दरगाह शरीफ़ रोड पर लगाई गई स्ट्रीट लाइटें अब पूरी तरह से बेकार साबित हो रही हैं। लाखों रुपये की लागत से लगाई गई ये लाइटें आज बंद पड़ी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शुरुआत में कुछ दिनों तक लाइटें सही तरीके से जलीं, लेकिन धीरे-धीरे अधिकांश लाइटें खराब हो गईं और अब पूरी सड़क अंधेरे में डूबी रहती है। रात के समय इस मार्ग से गुजरना बेहद मुश्किल हो गया है, जिससे राहगीरों में भय का माहौल बना रहता है।स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें खंभों पर लटकी हुई दिखाई दे रही हैं। इस पर लोगों ने तंज कसते हुए कहा कि ÷नगर पालिका परिषद रुदौली का विकास अब खंभों पर लटका नजर आ रहा है।÷ यह दृश्य स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।लोगों ने बताया कि दरगाह शरीफ़ रोड एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, खासकर शाम और रात के समय। अंधेरा होने के कारण चोरी, छिनैती और अन्य अप्रिय घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि केवल लाइटें लगाना ही पर्याप्त नहीं है, उनकी नियमित देखरेख और मरम्मत भी जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हो सके।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हुए कब तक समाधान करता है।

# श्रद्धालुओं को पानी खरीदना सामाजिक अपराधः महापौर

## 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम में बोले, अयोध्या तेजी से विकसित हो रहा नगर निगम



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** धार्मिक नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को पानी खरीदकर पीना सामाजिक अपराध है। यह बात महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने प्रेस क्लब में आयोजित 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि नगर निगम इस दिशा में लगातार प्रयासरत है कि किसी भी श्रद्धालु को यहां एक बूंद पानी भी खरीदकर न पीना पड़े।महापौर ने बताया कि जल्द ही शहर के प्रत्येक घर तक सरयू जल की पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। महानगर के छह वार्डों में 24 घंटे जलापूर्ति की योजना पर कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि नगर में 90 से अधिक वाटर कूलर व वाटर कियॉस्क के साथ सैकड़ों इंडिया मार्का-2 हैंडपंप लगाए गए हैं।उन्होंने बताया कि बस अड्डे के पीछे 500 श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है, वहीं पर्यटन विभाग के सहयोग से हनुमानगढ़ी के सामने छाजन लगाया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी के लिए नाले व पंप लगाए गए हैं, जिससे जलभराव की समस्या में काफी कमी आई है। महापौर के अनुसार पिछले तीन वर्षों में 235 सड़कों का निर्माण कराया गया है, जबकि 46 करोड़ रुपये की लागत से 90 नई सड़कों को स्वीकृति मिली है। हर वार्ड में एक करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य कराए गए हैं। विस्तारीकरण क्षेत्रों में भी लगभग पांच करोड़ रुपये प्रति वार्ड के हिसाब से सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।उन्होंने बताया कि नगर में 500 किलोमीटर सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है। साथ ही 12 करोड़ रुपये की लागत से सोलर लाइट लगाने की योजना भी जल्द शुरू होगी, जिससे प्रकाश व्यवस्था मजबूत होगी।

### मृदंग तिराहा का नाम बाबा पागल दास पर

महापुरुषों के सम्मान में नगर में कई पहल की जा रही हैं। महापौर ने बताया कि मृदंग तिराहा का नामकरण बाबा पागल दास के नाम पर किया जाएगा। वहीं कल्याण मंडपम का नाम लेफ्टिनेंट शशांक त्रिपाठी तथा देवकाली बाईपास तिराहे का नाम कारगिल शहीद जगदंबा पांडे के नाम पर रखा गया है। शहर में विशाल राष्ट्रीय ध्वज भी स्थापित किए जाएंगे।

### लता चौक के पास बनेगा फूड वेंडिंग जोन

लता चौक के पास आधुनिक फूड वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा, जहां स्ट्रीट फूड के साथ पेयजल व स्वच्छता की व्यवस्था होगी। अन्य स्थानों पर भी वेंडिंग जोन बनाने की योजना पर विचार चल रहा है। फव्वारों के संचालन, सफाई, जल निकासी व प्रदूषण से जुड़ी समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन महापौर ने दिया।

## वार्षिक उत्सव में बच्चों ने मन मोह लिया

**चिउटहां(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** मिठौरा ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट देउरवा में वार्षिकोत्सव के साथ नवारंभ उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें मेधावी बच्चों प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने पुरस्कृत किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय देवरवा के प्रांगण में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान स?मारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में ग्राम प्रधान श्रीमती उषा देवी- मुख्य अतिथि एवं प्रा0 शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष दिलीप विश्वकर्मा पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष- विद्यासागर पटेल, अटेवा के जिलाध्यक्ष  टी पी सिंह जी एवं ब्लाक अध्यक्ष विजय यादव एवं न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवज्जलित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सभी अतिथियों को विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र देकर एवं बैज लगाकर कर स्वागत किया गया। सभी अतिथियों आए उद्?बोधन किया गया। बच्चों द्वारा सरस्वती बन्दना एवं स्वागत भीर प्रस्तुत किया गया। मुम्न अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 8 में कु. मोचत, प्रथमसान कु0 दुर्गा-द्वितीय स्थान एवं कुन् बेनी- तृतीय स्थान, कसा -7 में कु. शिवानी-प्रथम स्थान, कुक आराधना- दितीय स्थान एवं अतुल कुमार-तृतीय स्थान, कक्षा-6 में-अंश कुमार- प्रयाग स्थान, कुरुनन्दनी - कितीय स्थान, एवं कु. बेली गोड- तृतीयस्थान, कशा-5 में आयुष निगम- प्रथम स्थान, कु. असता - द्वितीय स्थान तथा कुः अंगिका तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## डीएम के हस्तक्षेप से टूटा 35 वर्षों से अधिक का इंतज़ार, चकबन्दी वाद का हुआ समाधान



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त एवं परिणामोन्मुखी मंच बनता जा रहा है, जहां प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उसका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। जनसुनवाई में प्रस्तुत पहला प्रकरण ग्राम गोबरहा (गौरसादिकपुर) परगना देवा तहसील नवाबगंज निवासी तारावती उर्फ लीलावती से संबंधित था, जो विगत 35 वर्षों से चकबन्दी न्यायालय में लंबित चला आ रहा था।आवेदिका द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्षों से प्रकरण लंबित होने के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित पीठासीन अधिकारी चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम को तलब कर प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में अधिकारी द्वारा त्वरित सुनवाई करते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया, जिससे वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो सका। इसी क्रम में दूसरा प्रकरण सुनील कुमार गुप्ता, ज्ञानेंद्र कुमार सोनी एवं ओम प्रकाश गुप्ता, निवासी ग्राम अनवारी, परगना कुर्सी, तहसील फतेहपुर से संबंधित था, जिसमें आवेदकों के प्लाट पर वर्ष 2024 से भूमि कब्जेदारी का मामला न्यायालय में विचाराधीन था। जनसुनवाई में प्रकरण प्रस्तुत होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए धारा 134 वाद के अंतर्गत कब्जा दिलाया गया, जिससे आवेदकों को राहत प्राप्त हुई। दोनों ही प्रकरणों में शीघ्र निस्तारण से संतुष्ट आवेदकगण ने जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आभार व्यक्त किया तथा जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना की।

# बहुत मोहब्बत और अपनेपन से मिलते थे मो. मुस्तफ़िज़ अहमद

## गांधी भवन में आयोजित हुई नपा के पूर्व चेयरमैन हफीज भारती के पिता की शोकसभा

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा बुधवार को नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन हफीज भारती और वरिष्ठ पत्रकार अजीज अहमद अज्जू के पिता स्व. मोहम्मद मुस्तफ़िज़ अहमद की शोकसभा गांधी भवन में आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ बसपा नेता एवं नवाबगंज विधानसभा प्रभारी प्रदीप गौतम ने की। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने बताया स्व. मोहम्मद मुस्तफ़िज़ अहमद पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके थे। उनका मेरे प्रति अथाह स्नेह था। बीमारी से पहले वह गांधी जयन्ती समारोह के सालाना कार्यक्रम में शामिल होते रहे है। उनके निधन से समाज में जो रिक्तता आयी है उसकी पूर्ति असंभव है। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा 'कर्रा' ने कहा कि मो. मुस्तफ़िज़ अहमद बहुत मोहब्बत और अपनेपन से मिलते थे, अब न रहने के बावजूद ज़माने को छाँव देता रहेगा। स्व. मो. मुस्तफ़िज़



हमने इतने ऊर्जावान लोग उम्र के इस पड़ाव पर कम देखे हैं। उनके विचार बहुत स्पष्ट और खुले हुए थे। शिक्षाविद् अशोक शुक्ल ने कहा अपने पांचों बच्चों को उन्होंने बहुत शानदार तरीके से शिक्षित और प्रशिक्षित किया। मानवता और प्रेम के साथ समर्पण और सहिष्णुता का पाठ बचपन में ही पढ़ा दिया, जो उनके अहमद के बेटे पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी मुजीब अहमद ने कहा, मेरे पिताजी ने कभी हॉकी खेलने से मना नहीं किया। उनकी ही प्रेरणा से आज पूरे उत्तर प्रदेश में जाना व पहचाना जाता हूं। उन्होंने हमेशा अपने बेटों को आगे बढ़ाने में भरपूर सहयोग किया। नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हफीज भारती ने कहा, परिवार के मज़बूत स्तम्भ और समाज ने एक महान प्रहरी को हमने खो दिया। पिता स्व. मो. मुस्तफ़िज़ अहमद मेरे प्रेरणास्रोत थे। एक भरपूर ज़िन्दगी और तबियत भर काम करके उन्होंने अलविदा कहा, दूसरों को ऐसी ज़िन्दगी मिले की जो मकसद वह तय करें, उसे पूरा करते हुए ज़माना गुज़ार दें। सभा के अंत में हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के अयोध्या मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अजीज अहमद ने शोकसभा में आए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर खेल प्रशिक्षक तौहीद खान, अशोक शुक्ल, पाटेश्वरी प्रसाद, मो अदीब इकबाल, मो नावेद, हुमायूं नईम खान, रंजय शर्मा, शफीकुल, राजा बाली, मो आसिफ, विनय कुमार सिंह, फरीद अहमद, नज़मी, जियाउल हसन, हसीब अहमद, अशोक जासवाल, साकेत मौर्य, हसीब अहमद, राजेश यादव, मुजीब अहमद, विनय वर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

# एबीवीपी ने कुलसचिव कार्यालय घेरा, निगेटिव मार्किंग हटाने की मांग



**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) अयोध्या महानगर इकाई ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं में लागू निगेटिव मार्किंग के विरोध में कुलसचिव कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा।प्रांत सहमंत्री शिवम मिश्रा ने बताया कि बिना पूर्व सूचना लागू की गई माइनस मार्किंग से विद्यार्थियों में भय और असमंजस की स्थिति है। विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था छात्रों के शैक्षणिक भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

महानगर मंत्री जयश्री रावत व छात्रा रुचि पांडेय ने परीक्षा प्रणाली को सिलेबस के अनुरूप बनाने की मांग उठाई और मानसिक दबाव बढ़ने की बात कही। इकाई अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।ज्ञापन के दौरान कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बार कार्यवाहक अध्यक्ष रितेश ने मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन कार्यवाहक अध्यक्ष रितेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में अधिवक्ता चेम्बर्स के निर्माण की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। रितेश मिश्रा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया की सम्मानित अधिवक्ता बंधुओं की संख्या काफी अधिक है किंतु उनके बैठने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है जिसके कारण सम्मानित अधिवक्ता बंधुओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है तथा उनको अपना कार्य संपादित करने में कठिनाइयां हो रही है परिसर में कोई भी सुरक्षित स्थान शेष नहीं है जहां सम्मानित अधिवक्ता बंधु अपने बैठने का उचित प्रबंध कर सकें जिसके चलते वह वादकारियों को बेहतर विधिक सेवाएं प्रदान करने में दुश्वारियों का सामना कर रहे हैं।ऐसी विषम परिस्थितियां अधिवक्ता समाज की गरिमा व उनके सामाजिक स्तर को भी प्रभावित करती है साथ ही उनके मनोबल का ह्रास करती है जो सुचारू आधुनिक न्याय व्यवस्था को बाधित करने वाली स्थिति है और अधिवक्ता समाज की गंभीर समस्या है जिसपर सहानुभूति के साथ गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए प्रकरण का अविलंब सकारात्मक निस्तारण अतिआवश्यक है। कार्यवाहक अध्यक्ष मिश्र ने कहा कि हमेशा जनहित के लिए कार्य किया है वर्तमान समय में सम्मानित अधिवक्ता बंधुओं की प्रबल समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में अविलंब अधिवक्ता चैंबर्स का निर्माण करवाए जाने की मांग जिससे अधिवक्ता समाज की गरिमा व मान-सम्मान सुरक्षित रहे तथा आधुनिक न्याय व्यवस्था की अवधारणा फलीभूत हो। ज्ञापन देना में कार्यवाहक अध्यक्ष रितेश कुमार मिश्र सहित देवराम यादव कार्यवाहक महामंत्री, रमन द्विवेदी, सुनीत अवस्थी, पवन मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, अनुराग शुक्ला, सुषमा शर्मा, सतीश सोनी, राहुल कुमार वर्मा, अंकित मिश्रा, जय शंकर वर्मा, रितेश कुमार, श्रीकांत आदि अधिवक्तागण उपस्थिति रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकली भव्य बाइक रैली



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को भव्य बाइक रैली निकाली गई। जिला मुख्यालय से शुरू हुई रैली को सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

रैली के दौरान मोदी, योगी, पंकज चौधरी जिंदाबाद और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद जैसे नारों से पूरा नगर गूंज उठा। विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए रैली सक्सेना तिराहे पर पहुंची, जहां सभा आयोजित हुई।

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। वहीं विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, 5 शातिर गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में 5 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जो देशभर में मोबाइल फोन के माध्यम से साइबर ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पुराने मोबाइल फोन के बदले नकद या अन्य सामान देकर उन्हें इकट्ठा करता था और फिर उनके IMEI का दुरुपयोग कर ठगी करता था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक सजनु कुमार यादव और थाना श्यामदेउवा की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए परतावल क्षेत्र से इन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गांव-गांव घूमकर लोगों से पुराने मोबाइल फोन खरीदते थे और उन्हें कोलकाता में अपने सहयोगियों को बेच देते थे। वहां से ये फोन साइबर अपराध में प्रयोग किए जाते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 318 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 110 मोबाइल मदरबोर्ड, 5 अतिरिक्त मोबाइल, 55 फर्जी मोबाइल पर्चियां, 5700 रुपये नकद तथा 5 मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। बरामद सामान की अनुमानित कीमत लगभग 80 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह का इस्तेमाल OTP फ्रॉड, फिशिंग और फर्जी कॉलिंग जैसे साइबर अपराधों में किया जा रहा था। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि मोबाइल खरीद-बिक्री के दौरान सतर्कता बरतें और केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही लेन-देन करें।

## विहिप ने धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती

**बांसी सिद्धार्थनगर।** 14 अप्रैल 2026 को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल की जिला इकाई, बांसी द्वारा भव्य कार्यक्रम और विशाल रैली का आयोजन किया गया। जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रहरि की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भारी उत्साह के साथ सहभागिता की।रैली का शुभारंभ विहिप के जिला कोषाध्यक्ष विजय भास्कर के आवास से हुआ। यह रैली जिगनिहिवा, नरकटहा, बांसी रोडवेज चौराहा और पंचशिखा मंदिर से होते हुए मंगल बाजार पहुँची।

इसके पश्चात समाजसेवी विष्णु जायसवाल के कैंप पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला मंत्री धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने कहा 'बाबा साहब जात-पात का भेदभाव मिटाकर सर्व समाज में हिंदुत्व की सुदृढ़ स्थापना करना चाहते थे।

## सिसिबाए प्रांगण में राजगुरु सुखदेव सभागार के निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के प्रांगण में बुधवार को कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही के विधायक निधि से बनाए जाने वाले 'राजगुरु सुखदेव सभागार' के निर्माण के लिए भूमि पूजन सिला पूजन किया गया।

पूजन के पश्चात महामंत्री कृपा शंकर त्रिपाठी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह बार के लिए बहुत ही सुनहरा क्षण है हमारा सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है अंत में सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह सभी को आने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने कहा कि आप सब की उपस्थिति यह दर्शा रही है कि आप बार के प्रगति से कितने प्रसन्न है बार के प्रांगण में 'राजगुरुसुखदेव सभागार' का निर्माण हो जाने से हमारे सभी महिला अधिवक्ताओं को सुविधा प्राप्त होगी और इस सभागार को मातृशक्ति को सौंपा जाएगा इससे महिला सशक्तिकरण के अभियान को और मजबूती मिलेगा सभी अधिवक्ताओं वरिष्ठ व कनिष्ठ के आगमन के लिए हृदय से आभार कोशिश रहेगी की दो माह के अंदर इस सभागार का निर्माण संपन्न हो जाए सभा में प्रमोद कुमार सिंह अनूप दुबे बद्री बाल्मिक आदि ने भरपूर योगदान दिया। इस अवसर पर सिडको के जे.ई. भूपेंद्र सिंह के साथ में सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के समस्त वरिष्ठ जन सर्वश्री गंगाराम पांडे, परमात्मा प्रसाद मिश्रा,नजीर मलिक, विजय कुमार उपाध्याय, प्रभाकर मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, रमेश पांडे, अनिल विश्वकर्मा, शेखर सिंह, कन्हैया पांडे,चंद भूषण मिश्रा, विनायक मिश्रा, विनोद शुक्ला,दुर्गेश द्विवेदी, सच्चिदानंद झा, दिव्य प्रकाश शुक्ला, इंदु कुमार सिंह, देवानंद श्रीवास्तव, दिनेश तिवारी, नागेंद्र पांडे, अरुण तिवारी, प्रशांत मिश्रा,पवन चंद्र शुक्ला, प्रमोद दुबे आदि की उपस्थिति रही।

## बलवा व जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने बलवा व जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी उदयभान सिंह तथा सूर्यभान सिंह पुत्रगण अवधबिहारी सिंह निवासी ग्राम ताजपुर, थाना कोतवाली देहात के है।

वादी मनमोहन सिंह पुत्र साधू सिंह ग्राम पूरे सुखराज सिंह, ताजपुर निवासी मनमोहन ने थाना कोतवाली देहात में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 16 फरवरी 2026 की सुबह करीब सात बजे विपक्षीगण सूर्यभान, उदयभान, जितेन्द्र उर्फ जीतन, प्रहलाद, विजयपाल सिंह तथा अन्य अज्ञात लोगों ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड, सब्बल और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे मनमोहन सिंह घायल हो गए। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई सत्रोहन सिंह तथा परिवार की महिलाओं मंजू सिंह और शीला सिंह के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वे भी घायल हो गए। शोर सुनकर ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## काव्य संध्या में गूंजे शब्दों के स्वर, कवियों ने बांधा समां

**प्रेम, श्रृंगार, देशभक्ति और समसामयिक रचनाओं पर देर तक झूमते रहे श्रोता**

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जनपद की पंजीकृत साहित्यिक संस्था साहित्य सुधा की ओर से मंगलवार को आयोजित काव्य संध्या में कवियों ने अपनी सशक्त रचनाओं और मधुर काव्य पाठ से ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर तक मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे। प्रेम, श्रृंगार, देशभक्ति तथा समसामयिक विषयों पर आधारित कविताओं ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि ब्रह्मादेव शास्त्री 'पंकज' ने की, जबकि संचालन नियाज़ कपिलवस्तुवी ने प्रभावशाली शैली में किया। कार्यक्रम में नवोदित कवि विक्की तिवारी और शिवम त्रिपाठी सहित विजय कृष्ण नारायण सिंह, अभिमन्यु अनन्य, अरूणेश विश्वकर्मा, शिवसागर सहर, सलोनी उपाध्याय, किरनलता सिंह, संघशील झलक, शादाब शब्बीरी, पंकज सिद्धार्थ, कृष्ण कुमार मिश्रा, गंगेश मिश्रा अनुरागी, डॉ. गोविंद प्रसाद ओझा, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सुशील सागर, योग्य त्रिपाठी तथा कवि डॉ. दिनेश त्रिपाठी ने अपनी उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवियों ने समाज, राष्ट्र, मानवीय मूल्यों और बदलते समय की चुनौतियों पर केंद्रित कविताएं सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कई कविताओं पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष डॉ. गोविंद प्रसाद ओझा ने सभी आमंत्रित कवियों और प्रबुद्ध श्रोताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनपद में साहित्यिक वातावरण को मजबूत करने के लिए संस्था आगे भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखेगी। संयोजक वरिष्ठ चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ. विमल कुमार द्विवेदी ने कहा कि साहित्यिक आयोजन नई पीढ़ी को सामाजिक सरोकारों, संस्कारों और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक रामजी ओझा, सचिव सुमन ओझा, अधिवक्ता अंजनी कुमार दूबे, वरिष्ठ पत्रकार संतोष श्रीवास्तव, जितेन्द्र पांडेय, राजेश शर्मा, समाजसेवी श्रीधर पांडेय, प्रभात शुक्ला, सुधीर पांडेय, राणा प्रताप सिंह, नितेश पांडेय, पंकज पासवान, श्रीश श्रीवास्तव, मनोज कुमार, शिव दत्त अग्रहरी, नीरज श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## कंबाइन मशीन में लगी भीषण आग, चालक ने पोखरे में उतार कर बचाई फसल



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के हर्रैया गांव में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गेहूं की कटाई कर रही एक कंबाइन मशीन में अचानक आग लग गई। हालांकि, चालक की त्वरित सूझबूझ और साहस के चलते एक बड़ा हादसा होने से बच गया।मिली जानकारी के अनुसार, हर्रैया गांव के खेतों में कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई का काम चल रहा था। इसी दौरान मशीन के इंजन से अचानक चिंगारी निकली और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मशीन से उठती आग की लपटों को देख आसपास काम कर रहे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। खेत में सूखी फसल खड़ी होने के कारण आग के तेजी से फैलने और पूरी फसल जलकर राख होने का खतरा पैदा हो गया था।खतरे की गंभीरता को भांपते हुए कंबाइन चालक ने आपा नहीं खोया। आग की लपटों के बीच ही उसने मशीन को तेजी से दौड़ाया और पास ही स्थित एक पोखरे (तालाब) में उतार दिया। पानी के संपर्क में आते ही आग बुझ गई और लपटें शांत हो गई।ग्रामीणों का कहना है अगर चालक ने सूझबूझ न दिखाई होती, तो आग पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लेती। चालक ने अपनी जान जोखिम में डालकर हम किसानों की मेहनत बचा ली।जान-मालः इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मशीन की स्थितिः आग और पानी में उतरने के कारण कंबाइन मशीन को काफी तकनीकी नुकसान पहुंचा है।

**संभावित कारण :** प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह मशीन में तकनीकी खराबी या भीषण गर्मी के कारण ओवरहीटिंग को माना जा रहा है। ग्रामीणों ने चालक की बहादुरी की जमकर सराहना की है, जिसकी वजह से न केवल मशीन की आग बुझी, बल्कि आसपास के सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल भी सुरक्षित बच गई।

## राम अवतार मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने लहराया परचम, शिवम शुक्ला विद्यालय टॉपर

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा आज घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों में राम अवतार मेमोरियल पब्लिक स्कूल भिलौरी-भिलौरा स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

विद्यालय की छात्र .शिवम शुक्ला 96. 2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, दीपांशी यादव 91.06% अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्राचार्य विश्ववन्धु दूबे ने परीक्षा परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि इनके साथ ही दीपांशी यादव - 91.6%, आर्या राय - 90.8%, शीतल - 90.6%, शिवम उपाध्याय - 90.6%, खुशी त्रिपाठी - 89%, सबा - 89.2%, जया गुप्ता - 89.6%, गौरी सिंह - 88.2%, अमन चौधरी - 87.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

प्राचार्य ने जानकारी दी कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## स्वर्गीय आईपीएस प्रवीण कुमार की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 40 यूनिट रक्त संग्रहित

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद के बांसी विधानसभा क्षेत्र में आज पूर्व सांसद श्री जगदंबिका पाल के दामाद एवं भारतीय पुलिस सेवा (ढ्ढक्क) के दिवंगत अधिकारी स्वर्गीय प्रवीण कुमार की पुण्यतिथि भावपूर्ण तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर 'आईपीएस प्रवीण कुमार ट्रस्ट' द्वारा बांसी स्थित 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सांसद की सुपुत्री एवं प्रख्यात समाजसेवी पूजा पाल द्वारा की गई। उन्होंने अपने पति स्वर्गीय प्रवीण साहब की स्मृति में रक्तदान शिविर का नेतृत्व करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अस्पताल परिसर 'मजबूत कानून व्यवस्था और सेवा' के प्रतीक रहे प्रवीण साहब की यादों से जीवंत हो उठा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा 'रक्तदान महादान है। स्वर्गीय प्रवीण साहब जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी की स्मृति में इस प्रकार का आयोजन समाज में मानवता और सेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है।

स्थानीय युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया, जिसके फलस्वरूप 40 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। उपस्थित जनसमूह ने दिवंगत आईपीएस अधिकारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके अनुशासन और साहस को याद किया। कार्यक्रम के समापन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।स्वर्गीय प्रवीण साहब को उनकी ईमानदारी और जनसेवा के लिए जाना जाता था। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने न केवल अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि समाज में सुरक्षा का भरोसा भी कायम किया। आज के कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की भारी उपस्थिति उनके प्रति जनता के सम्मान को दर्शाती है।

## नेपाल में पाकिस्तानी गैंग की एंट्री! ज्वेलरी दुकानों को बना रहीं निशाना



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा से सटे कपिलवस्तु में ज्वेलरी दुकानों को निशाना बनाने वाले पाकिस्तानी गैंग का खुलासा हुआ है। नेपाल पुलिस ने चन्द्रौटा बाजार से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है, जो बेहद शातिर तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दे रही थीं।

मंगलवार शाम दोनों महिलाएं आम ग्राहक बनकर ज्वेलरी शॉप में घुसीं। नकदी दिखाकर गहने देखने लगीं और मौका मिलते ही कीमती जेवर पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद बुर्के के ऊपर मास्क लगाकर पहचान छिपाने की कोशिश की, लेकिन उनकी चाल ज्यादा देर नहीं चल सकी। दुकानदार को शक हुआ तो उसने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। तलाशी में जो खुलासा हुआ, उसने सबको चौंका दिया—दोनों के पास से पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद हुए। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान फैसलाबाद (पाकिस्तान) की रहने वाली कलसुम बीबी (20) और शबाना (41) के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि ये दोनों सिर्फ एक दुकान नहीं, बल्कि दो दिनों में तीन जगह वारदात कर चुकी हैं—योगीकुटी, तौलिहवा और चन्द्रौटा। इनका तरीका बेहद चालाक था—नकद पैसे दिखाओ, भरोसा जीतों और फिर गहने गायब। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या इसके पीछे कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय गैंग सक्रिय है।

## ज़िला पंचायत में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ ठेकेदार का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

अवधनामा संवाददाता




**अम्बेडकरनगर।** जिला पंचायत अम्बेडकरनगर में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध ठेकेदार राम अशीष मिश्रा ने मुख्य गेट के सामने पटरी पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।राम अशीष मिश्रा ने प्रेस नोट जारी कर आरोप लगाया है कि अध्यक्ष की मर्जी के खिलाफ निविदा डालने पर उनके 50 हजार रुपये के जमानत चेक पर हस्ताक्षर तक नहीं किए गए। भुगतान केवल माननीय उच्च न्यायालय के आदेश और अवमानना याचिका के बाद हुआ।

उन्होंने जलालपुर-मित्तुपुर रोड पर दो सड़कों के एमबी/बिल का भुगतान रोके जाने का भी आरोप लगाया। अवर अभियंता मृगेन्द्र द्वारा बिल तैयार करने के बावजूद अध्यक्ष ने भुगतान नहीं किया। आईजीआरएस शिकायत पर 'प्रक्रिया में है' का जवाब मिला, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। अंततः उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भुगतान किया गया। 25 मई के पत्र में तारकोल का पूरा विवरण दिया गया था।राम अशीष मिश्रा ने दावा किया कि अवमानना नोटिस मिलने के बाद अतुल वर्मा (सॉई कंस्ट्रक्शन के स्वामी श्रद्धा वर्मा के पति और अध्यक्ष के निकट सहयोगी) ने फोन कर कहा कि अध्यक्ष से हस्ताक्षर करवा देंगे, लेकिन हरिओम वर्मा को पैसा देना होगा। इसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास है। इसी तरह अभियंता अखिलेश ने दिनेश पाण्डेय के माध्यम से फोन कर धमकी दी कि इंजीनियर से मिल लीजिए, वरना नुकसान हो जाएगा। इसकी भी ऑडियो उपलब्ध है। तेजापुर-चंदापुर मार्ग पर तारकोल नहीं दिए जाने की शिकायत आईजीआरएस में की गई तो अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि फाइल अध्यक्ष के पास है। ग्रामसभा हिथूरी में किए गए कार्य की फाइल अध्यक्ष ने अपने पास रख ली, जिसके कारण अवर अभियंता सुनीता वर्मा बिल नहीं बना पा रही थीं। मिश्रा ने आरोप लगाया कि मजबूर होकर उन्होंने अतुल वर्मा, अभियंता और अपर मुख्य अधिकारी की मांग मान ली। हिथूरी मार्ग (लागत 16 लाख रुपये) पर 17.5 प्रतिशत यानी 2 लाख 80 हजार रुपये हरिओम वर्मा को डायरी डिस्पैच कमरे में दिए। पैसा मिलते ही उसी दिन तारकोल का इंडेंट बनाकर फाइल सुनीता वर्मा को दे दी गई।

## कर्नलगंज में खड़ी बाइक में लगी आग, हजारों का नुक़सान

**गोण्डा।** कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अंतर्गत गोंडा-लखनऊ मार्ग पर तहसील कर्नलगंज के निकट मंगलवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चौरसिया किराना एवं पूजन भंडार दुकान के सामने खड़ी एक बाइक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और उसकी लपटें पास स्थित दुकान के बरामदे तक पहुंच गई। घटना होते ही मौके पर हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोग तत्काल एकत्र हो गए और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों की तत्परता और सूझबूझ से आग को फैलने से काफी हद तक रोक लिया गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम भी कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पाया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। हालांकि आग की चपेट में आने से बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दुकान में रखा कुछ सामान भी जल गया।

## 48 घंटे में चोरी का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** थाना शोहरतगढ़ पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर चोरी की घटना का खुलासा कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन व नकदी भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, मु.अ.सं. 55/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेतिया मोड़ के पास संदिग्धों की घेराबंदी की। इस दौरान दो आरोपितों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में आनन्द कुमार यादव (24) निवासी ग्राम पोखरभिटवा थाना कपिलवस्तु और रंजीत विश्वकर्मा (25) निवासी ग्राम रसूलपुर टोला कल्लीपुर थाना कपिलवस्तु शामिल हैं। तलाशी के दौरान आनन्द के पास से एक मोटरोला मोबाइल व तीन हजार रुपये तथा रंजीत के पास से एक वीवी कंपनी का मोबाइल व दो हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपित शातिर किस्म के चोर हैं और इनके खिलाफ पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में अन्य घटनाओं में संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

## ई रिक्शा पलटने से 12 वर्षीय बालक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालक की जान चली गई। मालीपुर थाना क्षेत्र के कालेपुर महुवल निवासी आकाश पुत्र मनोज अपनी मां के साथ ई-रिक्शा से खजूरी बाजार से घर लौट रहा था। बताया जाता है कि वे लोग प्लाई आदि सामान लेकर आ रहे थे।

रास्ता खराब होने के कारण अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें आकाश दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## घर के भीतर विवाहिता ने फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर दी



**टांडा अम्बेडकरनगर नगर।** मोहल्ला मीरानपुरा जीवन बीमा कार्यालय के पास उस समय एकाएक हड़कंप मच गया जब एक घर में विवाहिता ने फंडे से लटककर अपनी जीवनलीला को समाप्त कर लिया उक्त घटना लगभग 12 बजकर 45 मिनट की है घटना उस समय की है जब विवाहिता का पति गणेश गुप्ता उस समय अपनी दुकान पर था घटना की सूचना उसकी मासूम दस साल की बच्ची सौम्या ने अपने पिता को दी जिस सूचना पर वह तुरंत दुकान से अपने घर आया तो उक्त घटना की सूचना थाना कोतवाली पुलिस को दी जिसपर एसआई वंदना व महिला कांस्टेबल ने एसआई निरंजन के नेतृत्व में वीडियोग्राफी कराते हुए शव को उतरवाकर पंचनामा कराते हुए शव को अपने कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना की असल जानकारी नहीं मिल पाई है वहीं मोहल्ले के लोगों का कहना है कि कुछ दिनों से विवाहिता शीला देवी कुछ तनाव में दिखाई देती थी विवाहिता का विवाह विगत एक दशक पूर्व गणेश गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता के साथ हुई थी विवाहिता शीला देवी सुल्तानपुर जनपद की रहने वाली थी घटना की असल जानकारी पुलिस सर्च कर रही है।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावभीनी विदाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** जलालपुर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के सम्मान में नगर स्थित दुल्हन मैरेज हॉल में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक शमशाद जहरा, परमावती देवी, उर्मिला देवी, मेराजुल हक, राजेन्द्र प्रसाद एवं तनवीर रज़ा को भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज का आजीवन पथप्रदर्शक होता है और वह कभी भी अपने दायित्वों से पूर्णतः सेवानिवृत्त नहीं होता। उनके अनुभव और मार्गदर्शन की आवश्यकता समाज को हमेशा बनी रहती है। समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी केपी सिंह, शिक्षक संघ अध्यक्ष बृजेश मिश्रा एवं जिला महामंत्री राजेश यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

## कर्नलगंज-कटरा रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास जानलेवा गड्ढे व सड़क की हुई मरम्मत

**खबर का असर**

**राहगीरों व क्षेत्रवासियों ने मीडिया का जताया आभार**

अवधनामा संवाददाता



**कर्नलगंज, गोण्डा।** तहसील क्षेत्र के कर्नलगंज-कटरा रोड पर शहीद मर्द मजार के पास रेलवे क्रॉसिंग स्थित सड़क पर बने जानलेवा गड्ढों और जर्जर सड़क को लेकर प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। आखिरकार प्रशासन जागा और सड़क मरम्मत कार्य शुरू कराकर गड्ढों को भरवाया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि लंबे समय से यह सड़क राहगीरों, स्कूली बच्चों, बाइक सवारों और अन्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। रेलवे क्रॉसिंग पार करते ही सड़क के बीच बने गहरे जानलेवा खतरनाक गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। स्थानीय नागरिक लगातार शिकायत कर रहे थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था।

मामले को मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाते हुए खबर प्रकाशित करने के बाद संबंधित विभाग हरकत में आया और सड़क की मरम्मत कराई गई। गड्ढे भरने और सड़क दुरुस्त होने से राहगीरों व वाहन चालकों को काफी राहत मिली है। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि अब सड़क को पूरी तरह मजबूत और सुरक्षित बनाया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने जनहित के इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने पर मीडिया का आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि मीडिया की पहल से उनकी आवाज जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंची और समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाया गया।

## दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन 17 व 18 अप्रैल को

**अम्बेडकरनगर।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 17 एवं 18 अप्रैल 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में 'दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रदेश के पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जिसमें उनकी व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन कैबिनेट मंत्री, दुग्ध विकास, पशुधन एवं मत्स्य विभाग, श्री धर्मपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा तथा इसमें वरिष्ठ प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी भी सम्मिलित रहेंगे।महोत्सव के अंतर्गत प्रदेश भर से लगभग 10 हजार से अधिक पशुपालकों एवं संबंधित हितधारकों को विभागीय योजनाओं, आधुनिक तकनीकों तथा डेयरी क्षेत्र में निवेश के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

## बीईओ ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी, नामांकन के लिए किया प्रेरित




अवधनामा संवाददाता

**उस्का बाजार सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उस्का बाजार अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द में बुधवार को स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर गांव में रैली निकाली। तख्तियों पर लिखे प्रेरणादायक स्लोगन जैसे- सब पढ़ें, सब बढ़ें, शिक्षा है जीवन का आधार, हर बच्चा स्कूल जाए आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। रैली के दौरान अभिभावकों से अपने बच्चों का समय पर विद्यालय में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की गई। बीईओ ने स्वयं भी पूरे गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार है और सभी अभिभावकों का दायित्व है कि वे अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। साथ ही संचारी रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई, स्वच्छ जल एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण बालजीत कुमार, अभय श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र, अमित, चंद्रजीत, सुप्रिया, अर्पिता, अर्चना, शीला, हरिकेश, राजाराम उपस्थित रहे।

# आयात की निर्भरता कम हो

भारत के लिये यह सबक है कि ऊर्जा आयात पर निर्भरता जितना कम हो आर्थिक प्रगति के लिये अच्छा होगा। ईधन सप्लाई में कोई कमी नहीं आनी चाहिये। इस सम्बन्ध में तामिलनाडु के कलप क्कम में स्थापित फास्ट ब्रीडर रिऐक्टर किटिकल होना ऐतिहासिक उपलब्धि कहा जायेगा। क्रिटकल का मतलब है रिऐक्टर में नियान्त्रि परमाणु, प्रक्रिया का शुरू होना। बिजली उत्पादन में यह पहल महत्वपूर्ण कदम होता है। दूसरे देशों पर नजर डाले तो पता चलता है अभी सिर्फ रूस के पास ही यह व्यवसयिक रूप से संचालित पीएफ्बीआर है। प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक अब्दुल कलाम द्वारा देखा गया यह सपना पूरा करने का उपक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है।



सात दशक पहले देखे गये इस सपनो की ओर बढ़ते हुये भारत ने तीन चरण पूरे किये है। पहला प्रेसराइज्ड हेवी वाटर री ऐक्टर है इसमें ईधन के रूप में यूरेनियम इस्तेमाल होता है। दूसरे चरणमें है फास्ट ब्रीडर रिऐक्टर स्थापित किया जाता है। तीसरे चरण में थोरियम का ईधन के रूप में इस्तेमाल होता है। भारत को इसमें दक्षता हासिल है हालाकी यूरेनियम का आयात किया जाता है। देश के समुद्री इलाकों में थोरियम का विशाल भन्डार है।

फास्ट फीडर बिजली बनाने के लिये ईधन भी बाहर से नहीं मनाना पड़ेगा। यह कदम तीसरे चरण के लिये जरूरी है। क्योकि भारत परमाणु ऊर्जा के लिये पूरी तरह आत्मनिर्भर होना चाहता है। रिऐक्टर की क्षमता 500 मेगावाट है। लक्ष्य है 2032 तक 2400 मेगावाट परमाणु बिजली बनने लगे। अभी यह लगभग 8000 मेगावाट है।

2047 तक 100 मेगावाट परमाणु ऊर्जा का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। सरकार ने 2047 तक 100 मेगावाट परमाणु ऊर्जा का महात्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। यह बिलकुल प्राप्त करने योग्य है। पर इसके लिये आम लोगों के सन्देह होने पर भी गौर करना उचित होगा। फ्रान्स और अमेरिका जैसे देश सुरक्षा कारणों की वजह से ऐसे प्रोजेक्ट बन्द कर चुके है। हालाकि भारत की स्थिति और जरूरत दोनो अलग है। इसके पास अपना योरियम है। कोई वजह नहीं की इसके इस्तेमाल और तकनीक पर आगे न बढा जाये। होमुजिस्टेट और बाब-अल-अन्देव स्टेट ने दिखाया है कि छोटे समुद्री मार्ग कैसे वैश्विक व्यापार और राजनीतिको प्रभावित कर सकते है। ये रास्ते आर्थिक झटको को भी बढ़ा सकते है। छोटे देशो की ताकत में इजाफा भी कर सकते है। बड़े संघर्ष शुरू कराने की वजह भी बन सकते है। सुरक्षित और वैकल्पित मार्गो के साथही कानूनी नियमों के बिना चोक प्वाइन्ट भविष्य का टाइम बम बने रहेगे।

न कुछ हंस के सीखा है न कुछ रोके के सीखा है
जो कुछ सीखा है तुम्हारे हो के सीखा है

## साथी: सिटिजन कैडेट्स

**मोहित मौर्य**

साथी नागरिक कैडेट' कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और कानून के प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके तहत, युवाओं को पुलिस और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें वे सामाजिक सेवा, सुरक्षा जागरूकता और सामुदायिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है, साथ ही पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ाना है। युवाओं को आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए भी प्रशिक्षित किया जाता है, जिससे वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभा सकें, खासकर उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में जहाँ पुलिस - नागरिक अनुपात कम है।

साथी कार्यक्रम के तहत युवाओं को समाज में जागरूकता फैलाने और व्यावहारिक अनुभव देने के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिनमें सड़क सुरक्षा जागरूकता, साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण, नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण अभियान, और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शामिल हैं। यह कार्यक्रम युवाओं को समाज से जुड़ने और सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश पुलिस महिला सम्मान प्रकोष्ठ द्वारा शुरू किए गए 'साथी-नागरिक कैडेट' कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को पुलिस के साथ जोड़ना और सामुदायिक जुड़ाव बढ़ाना है, जो महिलाओं को नेतृत्व कौशल विकसित करने और समाज सेवा में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है।

उत्तर प्रदेश पुलिस महिला सम्मान प्रकोष्ठ के 'इस कार्यक्रम के पहले चरण में, नागरिक कैडेटों को पहचान पत्र, बैज और टोपी प्रदान की जाएगी और वे पुलिस स्टेशन की मासिक बैठकों में भाग लेंगे। उन्हें कौशल विकास, परामर्श और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण भी मिलेगा। नागरिक कैडेट अपने क्षेत्र में कान और आंख के रूप में कार्य करेंगे, विशेष रूप से लिंग आधारित हिंसा के मामलों में, और महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाएंगे। वे ड्ढ्ढ्रक्क के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से महिलाओं और बच्चों से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी फैलाएंगे और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एनएसडीसी और राज्य कौशल विकास मिशनों के साथ साझेदारी की जाएगी।

साथी नागरिक कैडेट कार्यक्रम समाज में युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह पहल युवाओं में सामाजिक जागरूकता, सहयोग और नेतृत्व कौशल विकसित करती है, और पुलिस-नागरिक संवाद को मजबूत करती है। युवा जागरूकता अभियानों में भाग लेकर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाते हैं और आत्मविश्वास, जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। यह कार्यक्रम पुलिस और नागरिकों के बीच सहयोग बढ़ाकर समाज में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देता है, और यदि व्यापक स्तर पर लागू किया जाए, तो एक सुरक्षित और जिम्मेदार समाज का निर्माण कर सकता है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**नये मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के सामने न सिर्फ बिहार की जनता में एक कुशल प्रशासक की छाप छोड़ने की चुनौती है, बल्कि पार्टी की अपेक्षाओं एवं नीतीश कुमार द्वारा खींची रेखाओं से आगे निकलने के संघर्ष में भी उन्हें खरा उतरना होगा। सम्राट को उससे आगे ऐसा कुछ करना होगा, ताकि भाजपा उसके आधार पर भविष्य की दावेदारी पेश कर सके एवं अपने बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की पात्रता विकसित कर सके। बिहार में भाजपा का एक नया अध्याय शुरु हो रहा है, सम्राट के भरोसे से।**

# बिहार में संभावनाएं विकास की: अब सत्ता सम्राट की

बिहार की राजनीति लंबे समय से बदलाव, प्रयोग और नेतृत्व के उतार-चढ़ाव का साक्षी रही है। ऐसे परिदृश्य में जब लंबे इंतजार और जटिल कूटनीतिक समीकरणों के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में शासन स्थापित होने की स्थिति बनती है और सम्राट चौधरी जैसे नेता मुख्यमंत्री के रूप में उभरते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक संभावित राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह क्षण बिहार के लिए एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जहां अपेक्षाएं केवल शासन परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन की गुणवत्ता, दृष्टि और परिणामों की भी हैं। नये मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के सामने न सिर्फ बिहार की जनता में एक कुशल प्रशासक की छाप छोड़ने की चुनौती है, बल्कि पार्टी की अपेक्षाओं एवं नीतीश कुमार द्वारा खींची रेखाओं से आगे निकलने के संघर्ष में भी उन्हें खरा उतरना होगा। सम्राट को उससे आगे ऐसा कुछ करना होगा, ताकि भाजपा उसके आधार पर भविष्य की दावेदारी पेश कर सके एवं अपने बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की पात्रता विकसित कर सके। बिहार में भाजपा का एक नया अध्याय शुरु हो रहा है, सम्राट के भरोसे से।



ललित गर्ग

सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। वे कोई अप्रत्याशित या अपरिचित चेहरा नहीं हैं। बिहार की राजनीति में सक्रिय रहते हुए, उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और विभिन्न राजनीतिक धाराओं से गुजरते हुए उन्होंने राज्य की जटिलताओं को निकट से समझा है। उनकी राजनीतिक यात्रा उन्हें एक व्यावहारिक नेता के रूप में स्थापित करती है, जो केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन की वास्तविकताओं से भी जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व से बिहार की जनता को एक ऐसे प्रशासन की उम्मीद है जो नीतिगत स्पष्टता के साथ-साथ क्रियान्वयन की क्षमता भी रखता हो। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि बिहार में नेतृत्व का मूल्यांकन केवल व्यक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी नीतियों, प्राथमिकताओं और परिणामों के आधार पर होता है। पिछले वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से सामने आई है कि शासन की सफलता का निर्धारण केवल मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि उस व्यापक नीति-ढांचे से होता है जो केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करता है। भारतीय राजनीति में यह एक नया आयाम है, जहां केंद्र सरकार की नीतियां राज्यों के विकास की दिशा को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों के उदाहरण इस बात को पुष्ट करते हैं कि अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरों के बावजूद विकास की गति तेज रह सकती है, यदि नीतिगत समर्थन और प्रशासनिक इच्छाशक्ति



मजबूत हो। बिहार के संदर्भ में यह पहलू और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह राज्य लंबे समय तक अवसंरचनात्मक पिछड़ेपन, बेरोजगारी, पलायन और सामाजिक विषमताओं से जूझता रहा है। ऐसे में सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे इन जटिल समस्याओं के समाधान के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करें। केवल राजनीतिक स्थिरता पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि उसे विकासात्मक स्थिरता में परिवर्तित करना होगा। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निरंतर सुधार के साथ-साथ रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसर मिल सकें। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि बिहार के हालिया इतिहास में यदि किसी नेता ने प्रशासनिक सुधार और सुशासन की एक स्पष्ट छवि प्रस्तुत की है, तो वह नीतीश कुमार हैं। उन्होंने जिस समय सत्ता संभाली, उस समय बिहार 'जंगलराज' की छवि से जूझ रहा था। कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी, अवसंरचना लगभग ध्वस्त थी और राज्य की छवि राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक थी। ऐसे समय में नीतीश कुमार ने सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। विशेष रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साइकिल योजना जैसी पहलें सामाजिक परिवर्तन का आधार बनीं। उन्होंने प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे शासन के प्रति जनता का विश्वास पुनः स्थापित हुआ। नीतीश कुमार का व्यक्तित्व एक संतुलित, संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में उभरता है। वे आक्रामक राजनीति के बजाय संवाद और सहमति की राजनीति के पक्षधर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठाकर विकास के एजेंडे से जोड़ने का प्रयास किया। हालांकि समय के साथ उनकी राजनीतिक रणनीतियों और गठबंधनों में बदलाव ने उनकी छवि को कुछ हद तक प्रभावित भी किया, लेकिन उनके द्वारा स्थापित प्रशासनिक मानक आज भी बिहार के लिए एक संदर्भ बिंदु बने हुए हैं। सम्राट चौधरी के लिए यह एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों है कि वे इन स्थापित मानकों को न केवल बनाए रखें, बल्कि उन्हें और आगे बढ़ाएं। उन्हें यह समझना होगा कि बिहार की जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि परिणाम चाहती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी भी सुधार की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता, उच्च शिक्षा के अवसर, अस्पतालों की स्थिति और चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार ऐसे क्षेत्र हैं जहां ठोस कार्य की आवश्यकता है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार एक ऐसी समस्या है जो किसी भी विकासात्मक प्रयास को कमजोर कर सकती है। यदि सम्राट चौधरी वास्तव में एक प्रभावी और जनोन्मुखी शासन स्थापित करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचारमुक्त शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। डिजिटल गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग और निगरानी तंत्र को सशक्त बनाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं।

महिला सशक्तिकरण भी बिहार के विकास का एक महत्वपूर्ण आयाम है। पिछले वर्षों में इस दिशा में कुछ सकारात्मक पहलें हुई हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है। यदि सम्राट चौधरी इस क्षेत्र में ठोस और नवाचारी कदम उठाते हैं, तो यह बिहार की प्रगति को एक नई दिशा दे सकता है। पलायन की समस्या भी बिहार के लिए एक स्थायी चुनौती रही है। लाखों लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में जाते हैं, जिससे न केवल राज्य की श्रमशक्ति का क्षरण होता है, बल्कि सामाजिक संरचना पर भी प्रभाव पड़ता है। इस समस्या का समाधान केवल उद्योगों के विकास और स्थानीय रोजगार के अवसरों के सृजन से ही संभव है। कृषि आधारित उद्योग, लघु और मध्यम उद्योग तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर इस दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

# होर्मुज की नाकेबंदी से टूटती अनगिनत उम्मीदें

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के नक्शे पर महज एक संकरी रेखा है, लेकिन इस रेखा के दोनों किनारों पर आज जो ताकतें आमने-सामने खड़ी हैं, उनकी टकराहट की गूँज पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव तक पहुँच रही है। होर्मुज नाकेबंदी का यह संकट केवल दो देशों के बीच के सैन्य टकराव की कहानी नहीं है। यह उस पूरी व्यवस्था के दरकने की कहानी है जिस पर पिछले कई दशकों से वैश्विक व्यापार की रफ्तार, ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता और करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी टिकी हुई है। इस संकट की पृष्ठभूमि फरवरी 2026 के अंत में बनी जब अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने ईरान पर सैन्य हमले किए। ईरान ने इसके जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश की और वहाँ से गुजरने वाले जहाजों पर नियंत्रण की कोशिशें तेज कर दीं। यह वही जलमार्ग है जिससे सामान्य परिस्थितियों में विश्व के समुद्री तेल व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत गुजरता है। इसके बाद पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शांति वार्ताओं का एक लंबा दौर चला। सप्ताहों तक कूटनीतिक मेज पर बातचीत होती रही लेकिन जब ये वार्ताएँ बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई तो 13 अप्रैल 2026 को भारतीय समयानुसार शाम लगभग 7 बजकर 30 मिनट पर अमेरिका ने ईरान के सभी प्रमुख बंदरगाहों पर समुद्री नाकेबंदी लागू कर दी। इस एक घोषणा ने पूरी दुनिया की आर्थिक नब्ज को



महेन्द्र तिवारी

समुद्री बीमा दरों में तेज उछाल ने स्थिति को और जटिल बना दिया। जब जहाज संघर्ष क्षेत्र के पास से गुजरते हैं तो बीमा कंपनियाँ जोखिम के अनुपात में प्रीमियम बढ़ा देती हैं। इससे परिवहन की लागत बढ़ जाती है। जो जहाज वैकल्पिक मार्ग अपनाते हैं उन्हें अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है जिससे यात्रा का समय और ईंधन खर्च दोनों बढ़ जाते हैं। यह बढ़ी हुई लागत अंततः उन देशों तक पहुँचती है जो इस तेल के खरीदार हैं और वहाँ के उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा बोझ बनती है।

झकझोर कर रख दिया।

नाकेबंदी को सीमित रखने की कोशिश की गई। अमेरिकी सैन्य कमान ने स्पष्ट किया कि यह केवल उन जहाजों पर लागू होगी जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करते हैं या वहाँ से बाहर निकलते हैं। खाड़ी के अन्य देशों के बीच आवागमन को बाधित नहीं किया जाएगा। उद्देश्य यह था कि ईरान की तेल निर्यात क्षमता को कुचला जाए लेकिन वैश्विक व्यापार पूरी तरह ठप न हो। किंतु यह सीमित रणनीति भी बाजारों को स्थिर नहीं रख सकी। जैसे ही नाकेबंदी की घोषणा हुई, कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गई और कुछ ही घंटों में यह 101 से 104 डॉलर प्रति बैरल के बीच पहुँच गई। यह केवल तत्काल बाजार प्रतिक्रिया नहीं थी बल्कि इसमें आने वाले महीनों की गहरी अनिश्चितता का डर भी शामिल था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि यह संकट लंबा खींचा तो तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं।

ईरान की जवाबी चालों ने समुद्री व्यापार को जड़ से हिला दिया। सैकड़ों जहाज खाड़ी के बाहर लंगर डाले प्रतीक्षा करते रहे। लाखों बैरल तेल समुद्र में ही अटका रहा। अनुमान है कि प्रतिदिन लगभग 20,00,000 बैरल ईरानी तेल की आपूर्ति



इस नाकेबंदी से प्रभावित हो सकती है। यह आँकड़ा वैश्विक बाजार के लिए किसी गहरे घाव से कम नहीं है। जब इतनी बड़ी मात्रा में तेल आपूर्ति अचानक बाधित होती है तो उसकी प्रतिध्वनि केवल पेट्रोल पंपों पर नहीं बल्कि हर उस चीज की कीमत पर सुनाई देती है जिसे बनाने, उगाने या पहुँचाने में ऊर्जा की जरूरत होती है। समुद्री बीमा दरों में तेज उछाल ने स्थिति को और जटिल बना दिया। जब जहाज संघर्ष क्षेत्र के पास से गुजरते हैं तो बीमा कंपनियाँ जोखिम के अनुपात में प्रीमियम बढ़ा देती हैं। इससे परिवहन की लागत बढ़ जाती है। जो जहाज वैकल्पिक मार्ग अपनाते हैं उन्हें अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है जिससे यात्रा का समय और ईंधन खर्च दोनों बढ़ जाते हैं। यह बढ़ी हुई लागत अंततः उन देशों तक पहुँचती है जो इस तेल के खरीदार हैं और वहाँ के उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा बोझ बनती है। इस तरह होर्मुज में खींची गई एक रेखा दिल्ली, बीजिंग, टोक्यो और यूरोप की रसोइयों तक अपना असर दिखाती है।

एशिया इस संकट का सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा कच्चे तेल का आयातक देश है और उसकी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से पूरा होता है। ऊर्जा महंगी होने पर उसकी विनिर्माण लागत बढ़ेगी, उत्पाद महंगे होंगे और वैश्विक बाजार में उसकी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त कमजोर पड़ेगी। इसका असर उन देशों पर भी पड़ेगा जो चीनी वस्तुओं पर निर्भर हैं। भारत की स्थिति और भी अधिक नाजुक है। भारत अपनी कुल ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। तेल महंगा होने का अर्थ है कि परिवहन लागत बढ़ेगी, बिजली उत्पादन महंगा होगा, उद्योगों की लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु की कीमत ऊपर जाएगी। हाल की रिपोर्टों में यह सामने आया है कि तेल कीमतों में आई इस उछाल के कारण भारतीय मुद्रा पर भी दबाव बढ़ा है जो आयात को और महंगा बना देता है।

इस संकट का एक ऐसा पहलू भी है जिस पर आम तौर पर कम ध्यान जाता है और वह है खाद्य सुरक्षा पर पड़ने वाला असर। आधुनिक कृषि ऊर्जा पर बहुत अधिक निर्भर है। खाद बनाने में प्राकृतिक गैस का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। जब ऊर्जा महंगी होती है तो खाद महंगी होती है, खेती की लागत बढ़ती है और अनाज के दाम चढ़ते हैं। 2026 के इस संघर्ष ने पहले ही तेल और गैस के साथ-साथ खाद आपूर्ति को भी प्रभावित किया है। संयुक्त राष्ट्र से जुड़े आकलनों में गंभीर चेतावनी दी गई है कि यदि यह संकट लंबे समय तक बना रहा तो करोड़ों लोग गरीबी में धकेले जा सकते हैं और वैश्विक खाद्य संकट उभर सकता है। यह चेतावनी उन देशों के लिए विशेष रूप से भयावह है जो पहले से ही खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं।

यूरोप की स्थिति भी चिंताजनक है। महाद्वीप पहले से ही ऊर्जा संकट की मार झेल रहा है और इस नई घटना ने उसकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्थाएँ जो अभी धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही थीं, उन्हें एक और झटका लगा है। इस पूरे संकट के सामरिक आयाम भी कम जटिल नहीं हैं। ईरान ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि किसी सैन्य जहाज ने उसके प्रभाव क्षेत्र के समीप हस्तक्षेप किया तो उसे संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा और जवाबी कार्रवाई होगी। इसका मतलब यह है कि कोई भी छोटी सी घटना बड़े युद्ध की शुरुआत बन सकती है। इस क्षेत्र में 1980 के दशक में भी ईरान-इराक युद्ध के दौरान इसी जलमार्ग को लेकर भयंकर तनाव देखा गया था। लेकिन आज की परिस्थिति उस दौर से कहीं अधिक जटिल है क्योंकि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं अधिक आपस में बुनी हुई है। एक जगह की आग दूसरी जगह पहुँचने में अब ज्यादा वक्त नहीं लगता।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम : लैंगिक संतुलन स्थापित होगा

वैश्विक स्तरपर भारत ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के माध्यम से लोकतांत्रिक इतिहास में एक निर्णायक कदम उठाया है, जिसका उद्देश्य संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर राजनीतिक प्रतिनिधित्व में लैंगिक संतुलन स्थापित करना है। यह कदम केवल सांख्यिकीय प्रतिनिधित्व बढ़ाने का प्रयास नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और लोकतंत्र की गुणवत्ता को मजबूत करने का एक व्यापक दृष्टिकोण भी है। किंतु इस ऐतिहासिक पहल के साथ कई गंभीर प्रश्न और आशंकाएँ भी उभरकर सामने आई हैंविशेषकर प्रॉक्सी नेतृत्व या बैक-डोर कंट्रोल का खतरा, जिसमें निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के स्थान पर वास्तविक सत्ता उनके पति या अन्य पुरुष रिश्तेदारों के हाथों में होती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यह समस्या भारत तक सीमित नहीं है; विश्व के कई लोकतंत्रों में महिला आरक्षण या कोटा लागू होने के बाद इसी प्रकार की चुनौतियाँ सामने आई हैंइसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि हम इस अधिनियम के निहितार्थों, संभावित जोखिमों और सुधारात्मक उपायों का गहन विश्लेषण करें।ताकि



किशन भावनानी

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के दूरगामी सकारात्मक प्रभाव हमारे विज़न 2047 के लिए सटीक रूप से मील का पत्थर साबित हो।

भारत के कई राज्यों में पंचायत स्तर पर सरपंच पति की प्रवृत्ति एक स्थापित वास्तविकता बन चुकी है, जहाँ निर्वाचित महिला केवल नाममात्र की मुखिया होती है और वास्तविक शक्ति पुरुषों के हाथों में रहती है। यह स्थिति महिलाओं के सशक्तिकरण के मूल उद्देश्य को ही निष्प्रभावी कर देती है और उन्हें मात्र एक तुच्छ राजनीतिक औजार बना देती है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने के बाद बैक-डोर नेतृत्व की संभावनाएँ बढ़ सकती हैं।

साथियों बात अगर हम मुद्दों का विश्लेषण करें तो सबसे पहला और बुनियादी प्रश्न यह हैकि क्या महिला जनप्रतिनिधियों का पारिवारिक पुरुषों द्वारा नियंत्रित होना मतदाताओं के विश्वास का हनन है? लोकतंत्र की मूल आत्माप्रतिनिधित्व और उत्तरदायित्व पर आधारित होती है। जब मतदाता किसी महिला को उसकी ईमानदार छवि, सामाजिक संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता के आधार पर चुनते हैं, तब वे अपेक्षा करते हैं कि वही महिला नीति-निर्माण और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएगी। लेकिन यदि वास्तविक निर्णय उसके पति या परिवार के पुरुष सदस्य लेते हैं, तो यह न केवल मतदाता के विश्वास के साथ धोखा है, बल्कि लोकतंत्र की पारदर्शिता और जवाबदेही को भी कमजोर करता है। भारत के कई राज्यों में पंचायत स्तर पर सरपंच पति की प्रवृत्ति एक स्थापित वास्तविकता बन चुकी है, जहाँ निर्वाचित महिला केवल नाममात्र की मुखिया होती है और वास्तविक शक्ति पुरुषों के हाथों में रहती है। यह स्थिति महिलाओं के सशक्तिकरण के मूल उद्देश्य को ही निष्प्रभावी कर देती है और उन्हें मात्र एक तुच्छ राजनीतिक औजार बना देती है।



साथियों दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने के बाद बैक-डोर नेतृत्व की संभावनाएँ बढ़ सकती हैं। जब किसी क्षेत्र को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया जाता है,तोराजनीतिक दल और प्रभावशाली पुरुष नेता अपने परिवार की महिलाओं को उम्मीदवार बनाकर अप्रत्यक्ष रूप से सत्ता पर नियंत्रण बनाए रखने का प्रयास कर सकते हैं। यह प्रवृत्ति पहले से ही स्थानीय निकायों में देखी जा चुकी है और यह संभावना है कि यह अब राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक भी फैल सकती है। इस संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, कुछ अफ्रीकी और दक्षिण एशियाई देशों में महिला कोटा लागू होने के बाद प्रारंभिक वर्षों में प्रॉक्सी पॉलिटिक्स का चलन बढ़ा, जहाँ महिलाएँ केवल प्रतीकात्मक प्रतिनिधि थीं। हालांकि समय के साथ, शिक्षा, राजनीतिक प्रशिक्षण और सामाजिक जागरूकता के बढ़ने से यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे कम हुई। इससे यह स्पष्ट होता है कि केवल आरक्षण देना पर्याप्त नहीं है; उसके साथ संस्थागत और सामाजिक सुधार भी आवश्यक हैं।

साथियों तीसरा बिंदु यह है कि क्या अयोग्य या अक्षम पुरुष नेता, जो स्वयं चुनाव नहीं लड़ सकते, महिलाओं को आगे कर बैक-डोर से सत्ता पर नियंत्रण बनाए रखेंगे? यह आशंका पूरी तरह निराधार नहीं है। भारतीय राजनीति में परिवारवाद और वंशवाद पहले से ही एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। ऐसे में, यदि किसी पुरुष नेता पर कानूनी या राजनीतिक प्रतिबंध है, तो वह अपनी पत्नी, बेटी या अन्य महिला रिश्तेदार को उम्मीदवार बनाकर अप्रत्यक्ष रूप से सत्ता का उपयोग कर सकता है। यह न केवल लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा को कमजोर करता है, बल्कि योग्य और स्वतंत्र महिला नेताओं के उभरने में भी बाधा डालता है। इस समस्या का समाधान केवल कानूनी प्रावधानों से नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों की आंतरिक लोकतांत्रिक संरचना और उम्मीदवार चयन प्रक्रिया में अति अति सतर्कता व पारदर्शिता से ही संभव है।

साथियों चौथा और अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू अपराध और न्याय व्यवस्था से जुड़ा है। इंस्टीट्यूट फॉर क्राइम एंड जस्टिस पॉलिसी रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महिला कैदियों की संख्या पिछले दो दशकों में 162 प्रतिशत बढ़ी है, जो पुरुष कैदियों की वृद्धि दर (77 प्रतिशत ) से कहीं अधिक है। यह असंतुलन कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या महिलाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ रही है, या उन्हें आपराधिक नेटवर्क द्वारा जानबूझकर इस्तेमाल किया जा रहा है? कई मामलों में यह पाया गया है कि मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी और अवैध प्रवास जैसे अपराधों में महिलाओं को इसलिए शामिल किया जाता है क्योंकि उन्हें कम संदेहास्पद माना जाता है। यह स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है जब हम इसे राजनीतिक संदर्भ में देखते हैं। यदि आपराधिक तत्व महिलाओं को राजनीतिक ढाल के रूप में इस्तेमाल करने लगें, तो यह लोकतंत्र और कानून व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। विशेष रूप से सीमावर्ती राज्यों में, जहाँ अवैध प्रवास और तस्करी की समस्या अधिक है, यह जोखिम और भी बढ़ जाता है। साथियों पाँचवाँ मुद्दा आरक्षण के व्यावहारिक प्रभाव से जुड़ा है। यदि किसी विधानसभा या लोकसभा क्षेत्र को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया जाता है,और वहाँ पर्याप्त योग्य महिला उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं, तो यह संभावना है कि अपेक्षाकृत कम सक्षम उम्मीदवार ही निर्वाचित हो जाएँ। यह स्थिति मतदाताओं के लिए भी अन्यायपूर्ण हो सकती है,क्योंकि उन्हें अपनी पसंद के सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार का चयन करने का अवसर नहीं मिलता।

# डॉ अंबेडकर की शोभायात्रा साहू फूल और पेरियार की झांकियां शामिल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद के मथुरा वृंदावन विधानसभा क्षेत्र के वार्ड न. (38) सिविल लाइन के दामोदरपुरा में भारतीय संविधान के निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 135 वी जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई शोभायात्रा में बाबा साहब के साथ साथ साहू फुले पेरियार और भी महापुरुषों की झाकियां शामिल थी शोभायात्रा स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज शांतिनगर से शुरू हुई और अंबेडकर पार्क दामोदरपुरा में विचार गोष्ठी कर समापन किया गया इसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे बहुजन समाज पार्टी भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक ओमप्रकाश बघेल ने कहा मोबाइल नहीं चलता सिम कार्ड के विना, और भारत देश नहीं चलता संविधान के विना, और बताया अगर बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने महिलाओं को समाज में समान अधिकार, सम्मान और स्वतंत्रता दिलाने के लिए क्रांतिकारी कार्य किए, जिसमें संविधान के माध्यम से वोट देने का अधिकार, संपत्ति में समानता, और हिंदू कोड बिल के जरिए तलाक व विरासत के अधिकार शामिल हैं। अध्यक्षता राम शरण बाबू जी ने की सफल संचालन उदय सिंह बघेल ने किया सम्मानित उपस्थित रहे सुरेश निषाद पार्षद वार्ड नं 38 डालचंद्र बाबू बदनसिंह बघेल नन्द किशोर प्रमोद कुमार जाटव अमरसिंह बघेल चंदनसिंह अजीतकुमार मुकेश बघेल पप्पू बघेल मुंशी गिर्राज निषाद निरोत्तम बघेल दिनेश निषाद टीटू निषाद आदि गण उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जाति छात्रावास में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**मथुरा।** राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में भव्य कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूरन प्रकाश विधायक बलदेव रहे। विशिष्ट अतिथियों में सतीश वाल्मीकि ( जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा), जे.पी. मौर्य (उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा), तरुण प्रकाश, डॉ. सचिन शर्मा (डिप्टी सीएमओ), प्रशांत सिंह (जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी), सुशील कुमार (अधीक्षक समाज कल्याण विभाग), श्रीमती उषा (अधीक्षक समाज कल्याण विभाग), श्रीमती आभा सिंह (कोर्स कोऑर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना), डॉ. मुनेश कुमार (प्रवक्ता मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना), सर्वेश कुमार (प्रवक्ता मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना), प्यारेलाल तथा दर्शन सिंह शाक्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रावास की आवासीय छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# महेश सैनी ने ली सैनी सभा के अध्यक्ष पद की शपथ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला सैनी सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश सैनी का शपथग्रहण समारोह एवं महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती का आयोजन चामुंडा कॉलोनी स्थित महाराजा सूर्यसेन जूनियर हाईस्कूल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामभरोसी सैनी चांदी वालों ने की, जबकि संचालन भूपसिंह मास्टर व राम अचल मौर्य ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व ऑल इंडिया सैनी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रराज सैनी एवं समाज के उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिराव फुले और माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन् किया। इसके बाद उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश सैनी को समाज की एकता बनाए रखने व समाज के उत्थान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष रमेश सैनी, निरंजन प्रधान, पवन प्रधान, अशोक प्रधान, बुद्धि लाल सैनी, रमेश सैनी पीडब्ल्यूडी वाले, अनिल सैनी, सिब्बो बाबा, नवल सैनी, लक्ष्मन पार्षद, डॉ राजकुमार, भगवान सिंह सैनी आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का साफा, पटका एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश सैनी ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि वे अपने कार्यकाल में समाज में फैली कुरीतियों, अशिक्षा को दूर करने, आपसी भाईचारा बढ़ाने, बच्चों को शिक्षित करने तथा सरकार में राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समाज में संपर्क अभियान चलाएंगे। शपथग्रहण समारोह में नत्थो प्रधान, प्रभाती लाल सैनी, देवी सैनी मझोई, रतन सैनी, अमरी सैनी, बृजमोहन सैनी पूर्व पार्षद, एड. तोताराम, मदनलाल सैनी, घनश्याम सैनी, मेघश्याम सैनी पार्षद, दुल्हेराम, रामजीलाल, हरिमोहन सैनी, बलराम सैनी, भारत सिंह सैनी, ओमी पहलवान, मनोज सैनी, गब्बर सैनी, शीतल सैनी, बनवारी लाल सैनी, अभिमन्यु सैनी, राधाबल्लभ सैनी, राज कुमार सैनी, पुरुषोत्तम मेंबर, मुकेश सैनी, त्रिलोकी सिंगर, बनवारी सैनी, दौलत भाई, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान से समाज में खून के रिश्ते कायम होंगे अंबेडकर जी का सपना साकार होगा

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा महामना ज्योतिबा फुले एवं विश्व विद्वान संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल मथुरा पर दिनांक 14 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे से संयोजक संदेश कुमार कैन नेतृत्व में किया गया। रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम बाबा साहब एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर प्रतीक आत्मा को समर्पित कर रक्तदान कार्य प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर 26 युवाओं ने रक्तदान कर भारत में मानवीय मूल्य एवं समाज में भेदभाव खत्म करने का सकारात्मक कदम उठाकर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य रूप से पधारे बार एसोसिएशन छत के उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह एडवोकेट जी एवं संस्था की संस्थापक एडवोकेट बद्री प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से रक्तदान को भारतीय समाज से भेदभाव खत्म कर मानव मानव के बीच समानता स्थापित करने वाला सकारात्मक कदम बता कर रक्तदाताओं की प्रशंसा की।

अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने रक्तदाताओं के उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना के साथ समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

रक्तदान करने वालों में हुकम सिंह मुनेंद्र प्रताप सिंह संजय कुमार बीडीसी रवि कुमार क्रांति प्रसाद हेमंत सिंह भाटी दिनेश चंद्र प्रताप कुमार भारत कुमार सरजू हिमांशु अरुण कुमार एडवोकेट सतवीर सिंह अरविंद कुमार सिंह एडवोकेट एडवोकेट मनोज कुमार संदेश कुमार केन दिलीप कुमार केन दिनेश कुमार केन, राजवीर सिंह सचिन कुमार इंजीनियर गौरव राहुल सैनी रणजीत सिंह योगेश कुमार इंजीनियर विनय कुमार आदि लोग मौजूद रहे। रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करने वालों में, डॉ नीरज अग्रवाल सीएमएस मथुरा श्याम बाबू बाबा, अनिल अग्रवाल रामकिशन अग्रवाल जागेश्वर यादव रवि यादव रामकिशन अग्रवाल रमेश सैनी राजकुमार आजाद हाकिम सिंह प्रशासनिक अधिकारी pwd नवल ठेकेदारअमित वर्मा अंकित सागर बृजलाल कॉमरेड सागर सिंह आकाश बाबू विवेक कुमार एवं लोकेश कुमार राय मौजूद रहे।

# 'अभिलेखागार केवल दस्तावेजों के संग्रहण तक सीमित नहीं'



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा, कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व में, अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन के सहयोग से 'अभिनव तरीकों से अभिलेखागार के उपयोग एवं सामुदायिक सहभागिता' विषय पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता व स्वागत भाषण वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता एवं कार्यशाला संयोजक प्रो. (डॉ.) सैयद हैदर अली ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने अभिलेखागार के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में अभिलेखागार केवल दस्तावेजों के संग्रहण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये शिक्षण, संस्थागत स्मृति के संरक्षण तथा समाज के साथ सार्थक संवाद के सशक्त माध्यम बनते जा रहे हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में फटाफट चार्जर के निदेशक श्री माधवेंद्र, सिल्वर लाइनिंग से जफर अहमद तथा व्यवसाय प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुशीर अहमद की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस शैक्षणिक आयोजन को और अधिक समृद्ध बनाया।

## नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में स्कूटी रैली व हस्ताक्षर अभियान आयोजित

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी की महिला पदाधिकारियों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं द्वारा बुधवार को नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में स्कूटी रैली और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को महिलाओं का व्यापक समर्थन मिला और इसे उत्साहपूर्वक सफल बनाया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने आईटीआई मैदान से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पटेल नगर चौराहा, बुलेट चौराहा और पथरकटा चौराहा होते हुए पुनः आईटीआई मैदान में समाप्त हुई। इस दौरान महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण के समर्थन में जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गो को समान अधिकार देने की दिशा में लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

# भाकियू (किसान) में मथुरा से प्रदेश उपाध्यक्ष बने अक्षय, जिलाअध्यक्ष नेत्रपाल



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जय जवान जय किसान ओर जय विज्ञान के साथ किसान मजदूरों, जवानों, वैज्ञानिकों की सोच को साथ लेकर चल रही भारतीय किसान यूनियन किसान काम कर रही हैं जिस कारण सभी का सहयोग मिल रहा है ओर अधिकारी व विभागों के मंत्री यूनियन को गम्भीरता से लेते हुए सहयोग करते हैं उक्त विचार राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पवन सिंह एवं राष्ट्रीय सचिव ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार ने भारतीय किसान यूनियन किसान मथुरा महावन में आयोजित किसानों एवं मजदूरों जवानों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ,प्रदेश मंत्री नीतू शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिंस रावत , प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राघव ने भी संगठन की रीति नीति को समझाया ओर कुछ किसानों की समस्याओं को सुना ओर मौके पर ही आलाधिकारियों से वार्ता कर समाधान कराने हेतु बात की। उन्होंने बताया कि देश के करीब 15 प्रदेश में यूनियन मजबूती के साथ काम कर रहा है। यही एकमात्र संगठन है जिसके नाम में किसान लगा हुआ है। इस दौरान सभी आगंतुकों का साफा बांध कर ओर माला पटुका पहनाकर कर स्वागत किया।

बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु अक्षय भारद्वाज को प्रदेश उपाध्यक्ष, भगवान सिंह को प्रदेश सचिव एवं नेत्रपाल सिंह को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। मथुरा के किसानों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि किसान भाइयों की पानी का बंबा समस्या बिजली की समस्या तथा प्राइवेट स्कूलों में, मनमानी तरीकों से किताबों की बिक्री करना किसानों को समय पर फसल के लिए खाद नहीं मिलना सरकारी कार्यालय में कोई भी सरकारी अधिकारी बिना पैसे के काम नहीं करता है वह समस्या तमाम किसान समस्याओं पर चर्चा हुई।

# अंबेडकर जयंती पर रिफाइनरी ने बच्चों को बाँटे स्कूल बैग और स्टेशनरी



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी ने डॉ भीमराव अंबेडकर का 135वां जन्मोत्सव, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। रिफाइनरी नगर स्थित एम्प्लॉईस क्लब में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने संविधान निर्माता बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में आस- पास के स्कूलों के ज़रूरतमन्द बच्चे, रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी, ऑफिसर्स एसोसिएशन और कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी उयस्थित थे। सभी को संबोधित करते हुए श्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि डॉ अंबेडकर के नेतृत्व में भारत को एक मजबूत संविधान मिला जिसने हमें न सिर्फ अधिकार दिये बल्कि हमारे कर्तव्यों को भी परिभाषित किया हैद्य उन्होने कहा कि बाबा साहब ने देश से कई कु-प्रथाओं को मिटाने में योगदान दिया और जरूरतमंदों और महिलाओं के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन एक मिसाल है और हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।अंबेडकर जयंती के अवसर पर सामाजिक कल्याण की ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मथुरा रिफाइनरी ने 250 ज़रूरतमन्द बच्चों को स्कूल बैग और स्टेशनरी सामाग्री का वितरण किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दारा शिकोह पर पुस्तक का भव्य विमोचन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** मुस्लिम विश्वविद्यालय के सुल्तान जहां मंज़िल के कॉन्फ्रेंस हॉल में डॉक्टर मोहम्मद फारूक की पुस्तक 'दारा शिकोहः जीवन, दर्शन और रचनाएं' का गरिमामय विमोचन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी-यूपी एवं पूर्व वाइस चांसलर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी प्रोफेसर तारिक मंसूर ने पुस्तक का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में मंच पर पूर्व प्रॉक्टर प्रोफेसर वसीम अली, सेवानिवृत्त प्रोफेसर रज़ा उल्लाह खान और तिब्बिया कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. अब्दुल हक समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने दारा शिकोह के व्यक्तित्व और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रोफेसर रज़ा उल्लाह खान ने अपने संबोधन में कहा कि दारा शिकोह की विचारधारा आज के दौर में बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने गंगा-जमुनी तहज़ीब को भारत की असली पहचान बताते हुए कहा कि इसे मजबूत करने की आवश्यकता है, खासकर ऐसे समय में जब समाज में विभाजन की कोशिशें हो रही हैं।

### ■ गंगा-जमुनी तहज़ीब को मजबूत करने पर जोर

मुख्य वक्ता प्रोफेसर तारिक मंसूर ने दारा शिकोह को एक बहुआयामी व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि दारा शिकोह न केवल एक कुशल विचारक थे, बल्कि एक उत्कृष्ट आर्किटेक्ट और इंटरफेथ डायलॉग के अग्रदूत भी थे। उन्होंने हिंदुस्तान और विश्व पर उनके प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि विभिन्न धर्मों के बीच संवाद की पहल सबसे पहले दारा शिकोह ने ही की थी।

उन्होंने यह भी कहा कि जब तक समाज बहुसंख्यक समुदाय के साथ सामंजस्य बनाकर नहीं चलेगा, तब तक समावेशी विकास संभव नहीं है। अंत में उन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर पुस्तक लिखने के लिए लेखक मोहम्मद फारूक को बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षाविद, छात्र और बुद्धिजीवी मौजूद रहे, जिन्होंने इस विमोचन को एक विचारोत्तेजक और सार्थक पहल बताया। इस अवसर पर अपनी पुस्तक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए लेखक डॉ. मोहम्मद फारूक खान ने एक विचारोत्तेजक वक्तव्य दिया उन्होंने कहा कि 'दारा शिकोह केवल एक मुग़ल शहज़ादे का नाम नहीं है, बल्कि वह उस विचारधारा का नाम है जो दिलों को जोड़ती है। उनकी रचनाएं उपनिषदों और सूफीवाद के

# खतौनी की त्रुटियां अब नहीं बनेंगी बाधा, होगी फार्मर रजिस्ट्री

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जनपद में किसानों की सुविधा और पारदर्शी राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने खतौनी में नाम, अंश एवं अन्य त्रुटियों के सुधार के लिए उपलब्ध कराई गई ऑनलाइन सुविधा का व्यापक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अब किसान अपने रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार की गलती को आसानी से ऑनलाइन ठीक करा सकते हैं, जिससे उनकी फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया भी सुगम और बाधारहित हो सकेगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ऐसे कई प्रकरण सामने आ रहे हैं, जिनमें आधार कार्ड और खतौनी में नाम या अन्य विवरणों में अंतर होने के कारण किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे सभी कृषक भाई अब https://upbhulekh.gov.in/ansh/ लिंक के माध्यम से अथवा अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र (CSC) पर जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित प्रकरणों का राजस्व विभाग तहसील स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी पात्र किसान को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सुविधा का समयबद्ध लाभ लें और आवश्यक दस्तावेज, मोबाइल नंबर ओटीपी हेतु, एवं खतौनी के साथ जनसेवा केंद्र पहुंचकर अपनी समस्या दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी इस प्रक्रिया की निगरानी करें और प्रत्येक आवेदन का त्वरित व पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करें।

### ■ डीएम ने कृषकों से की अपील जनसेवा केंद्र पर दर्ज कराएं शिकायत, राजस्व विभाग करेगा त्वरित निस्तारण

# नारी शक्ति अधिनियमः देश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी महिलाएं

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** धानापुर कस्बा स्थित शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति आमजन को जागरुक करने के उद्देश्य से नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर धानापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक निकाली गई। इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ बड़ संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पदयात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में दफ्तियां लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में नारे लिखे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया।

पदयात्रा के समापन के बाद व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की जिला प्रतिनिधि जूली सिंह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए यह गर्व का विषय है कि देश के प्रधानमंत्री ने उन्हें सुनहरा अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि देश् की आधी आबादी को उनका अधिकार देने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी। इससे बहन-बेटियां और माताएं लोकसभा, राज्यसभा तथा प्रदेश की विधानसभाओं और विधा परिषदों में जाकर महिलाओं के अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगी और देश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी। डॉ. संदीप यादव ने कहा कि महिलाओं को समान सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकार एवं अवसर प्रदान कर समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। वहीं डॉ. प्रशांत मिश् ने भी अधिनियम पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रीना सिंह और डॉ. पूनम निर्मल के संयुक्त निर्देशन में किया गया। उन्होंने बताया कि समाज में महिलाओं की भागीदारी, अधिकार और सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

### ■ नारी शक्ति पदयात्रा का हुआ आयोजन

# डॉ. रंजना खरे ने किया सीएचसी का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**जालौन(उरई)।** सीएचसी में ट्रॉमा सेंटर के लिए प्रपोजल तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। यह बात महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रंजना दुबे ने मंगलवार को सीएचसी के निरीक्षण के दौरान कही। कहा कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की जाएगी और हेल्थ एटीएम मशीन को भी सही कराया जाएगा।

महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रंजना खरे मंगलवार को सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं के निरीक्षण के लिए पहुंची। जहां उन्होंने अस्पताल में जनरल वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, ओटी, लेबर रूम आदि का निरीक्षण किया। जिसमें व्यवस्थाओं से वह संतुष्ट दिखीं। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भी जानकारी ली। सीएचसी में एक्सरे मशीन तो है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट न होने की बात पर उन्होंने कहा कि वह जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती का प्रयास करेंगी। वहीं, हेल्थ एटीएम खराब होने की बात पर उन्होंने बताया कि इसको भी सही कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएचसी को रेफर सेंटर न बनाया जाए। मरीजा की स्थिति की गंभीरता को देखकर ही उसे रेफर किया जाए। हड्डी रोग विशेषज्ञ की बात पर उन्होंने कहा कि सीएचसी में ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने का प्रपोजल तैयार कर शासन को भेजा जाएगा।

# अभिभावक बच्चों के होते हैं प्रथम संरक्षक : स्नेहा

## 'मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन सुनिश्चित करने हेतु संचालित 'मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण)' के अंतर्गत पुलिस लाइन चन्दौली के नवीन सभागार में एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक चन्दौली आकाश पटेल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सकलडीहा स्नेहा तिवारी व क्षेत्राधिकारी सदर देवेन्द्र कुमार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समाज में उनकी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों के शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम शिविर में उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं, शिक्षकगण एवं अभिभावकों को जनपद के थानों पर संचालित मिशन शक्ति हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन हेल्प डेस्क का उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं का गोपनीय, संवेदनशील एवं त्वरित निस्तारण करना है। साथ ही हेल्पलाइन नंबर (112, 1090, 181, 1076, 1098) के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

### ■ बोलीं, उनकी जागरुकता से ही एक सुरक्षित समाज का निर्माण संभव

महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके महत्वपूर्ण कानूनी अधिकारों से अवगत कराया गया, जिसमें विशेष रूप से घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत बालकों, बालिकाओं के संरक्षण से संबंधित प्रावधान शिक्षकगण एवं अभिभावकों को विशेष रूप से जागरूक किया गया कि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें एवं बच्चों को भी जागरूक बनाएं।

साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलिंग आदि से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गए। उपस्थित छात्राओं, शिक्षकगण एवं अभिभावकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सकलडीहा स्नेहा तिवारी ने कहा यह जनपदीय पुलिस, विद्यालय और समाज के बीच समन्वय स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। शिक्षक एवं अभिभावक बच्चों के प्रथम संरक्षक होते हैं, इसलिए उनकी जागरूकता से ही एक सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों महिलाओं, बालिकाओं, शिक्षकगण एवं अभिभावकों को महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई।

# मेदांता फेफड़ों की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को देता है नई उम्मीद

अवधनामा संवाददाता

**गुरुग्राम, लखनऊ।** सुनीता देवी, जो एक गृहिणी थीं, अपने परिवार के लिए खाना बनाना बहुत पसंद करती थीं। वह अक्सर रसोई में ही नज़र आती थीं- कभी दाल में झाँककर यह देखतीं कि वह पकी है या नहीं, कभी लाल मिर्च का तड़का लगाने के लिए बिल्कुल सही समय का इंतज़ार करतीं, तो कभी भरता बनाने के लिए अपने चूल्हे पर बैंगन को बड़े सब्र से भूनतीं।

एक दिन सुनीता को ऐसी खांसी हो गई जो ठीक नहीं हो रही थी। सुनीता ने हर तरह की दवा आजमाई-खांसी की दवा, अदरक की चाय, काढ़ा लेकिन किसी से भी आराम नहीं मिला। कुछ कदम चलने पर भी उसकी सांस फूलने लगती थी और बात करना भी थका देने वाला हो गया था। आखिरकार, उसके परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए और कुछ जांचों के बाद डॉक्टर ने गंभीर स्थिति की पुष्टि की, सुनीता को क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (COPD) थी, और उन्होंने फेफड़े के प्रत्यारोपण की सलाह दी, जिसमें क्षतिग्रस्त फेफड़े को स्वस्थ फेफड़े से बदल दिया जाता है।

### ■ एडवांस्ड ट्रांसप्लांट तकनीक से मरीजों को मिला जीवन

मेदांता - द मेडिसिटी, जिसे न्यूज़वीक ने 2026 में भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल बताया था, में एक नवीनतम इंस्टिट्यूट ऑफ़ लंग ट्रांसप्लांटेशन है, जिसमें चेस्ट सर्जनों की एक मल्टीडिसिप्लिनरी टीम है। मेदांता के इंस्टिट्यूट ऑफ़ चेस्ट सर्जरी के चेयरमैन डॉ. अरविंद कुमार की नेतृत्व में, टीम एक मल्टीमॉडल अप्रोच अपनाती है जो मरीज़ को शुरुआती असेसमेंट से लेकर पोस्ट-ट्रांसप्लांट ट्रीटमेंट और रिहैबिलिटेशन तक पूरी देखभाल देती है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियमः महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का नया युग : रजनी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है, जहाँ समानता और न्याय की भावना को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। फिर भी लंबे समय तक महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अपेक्षाकृत सीमित रही। इस स्थिति को बदलने की दिशा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। यह अधिनियम न केवल महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान करता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक स्थिति को भी मजबूत करने का कार्य करता है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मुख्य उद्देश्य संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करना है, ताकि वे नीति-निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा सकें। यह अधिनियम महिलाओं को केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली शक्ति के रूप में स्थापित करता है।

इस अधिनियम के लागू होने के बाद महिलाओं की राजनीतिक स्थिति में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। अब तक राजनीति में महिलाओं की भागीदारी कई सामाजिक, आर्थिक और मानसिक बाधाओं के कारण सीमित रही। लेकिन आरक्षण मिलने से इस अधिनियम के माध्यम से महिलाओं की दिशा भी सकारात्मक रूप से बदलेगी। अब महिलाएं राजनीति को केवल पुरुषों का क्षेत्र नहीं मानेंगी, बल्कि इसे अपने अधिकार और कर्तव्य के रूप में देखेंगी।

शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से महिलाएं खुद को राजनीतिक रूप से सक्षम बनाएंगी। सामाजिक मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखेंगी। स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक नेतृत्व की भूमिका निभाएंगी।

महिलाओं के लिए राजनीति में स्थापित होना अब पहले से अधिक सहज और संभव होगा। इसके लिए उन्हें 1. शिक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता देनी होगी। 2. स्थानीय राजनीति (पंचायत, नगर निकाय) से शुरुआत करनी होगी। 3. सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से अपनी पहचान बनानी होगी। 4. राजनीतिक दलों के साथ जुड़कर संगठनात्मक अनुभव प्राप्त करना होगा। 5. डिजिटल प्लेटफॉर्म और मीडिया का उपयोग कर अपनी आवाज को व्यापक स्तर तक पहुँचाना होगा।

नई पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी कि वे भी नेतृत्व की भूमिका निभा सकती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र में एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करता है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है। आने वाले समय में महिलाएं राजनीति में न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी, बल्कि नेतृत्व करते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। समाजसेवी के रूप में मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होगा। यह अधिनियम उस उज्जवल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है, जहाँ महिलाएं बराबरी के साथ देश की प्रगति में सहभागी बनेंगी।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ परीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** छिबरामऊ सिटी हॉस्पिटल के तत्वाधान में कपूर गाँव में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच, साई डायग्नोस्टिक के माध्यम से आवश्यक परीक्षण तथा चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

बुधवार को आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 से अधिक मरीजों की निःशुल्क जांच, दवा एवं चिकित्सकीय सलाह प्रदान की गई। इस दौरान प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. शरद द्विवेदी कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. परवेज आलम, डॉ. प्राची शुक्ला एवं प्रधान सद्दाम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मौलाना आसिम बिहारी की 136वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



अवधनामा संवाददाता

■ पसमांदा समाज के उत्थान के लिए संगठित प्रयास जरूरी : मारूफ अंसारी

**लखनऊ।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय कार्यालय, लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम आंदोलन के अग्रदूत मौलाना अली हुसैन आसिम बिहारी की 136वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी ने कहा कि मौलाना आसिम बिहारी पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रमुख चेहरा और दूरदर्शी सामाजिक चिंतक थे। उन्होंने बताया कि उनका जन्म 15 अप्रैल 1890 को बिहार शरीफ में एक साधारण बुनकर परिवार में हुआ था और उन्होंने पसमांदा मुसलमानों के अधिकारों तथा शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और युवाओं ने उनके विचारों को आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक बताया। मारूफ अंसारी ने कहा कि मौलाना आसिम बिहारी ने पिछड़े मुस्लिम समाज को संगठित करने और शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने की जो राह दिखाई, वही आज भी मार्गदर्शक है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय प्रधान महासचिव द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष अकील अहमद अंसारी, प्रदेश सचिव डॉ. जैनुल आबदीन तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी बन्ने अली अल्वी को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई।

लखनऊ जिला अध्यक्ष फैज मोहम्मद ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, जागरूकता और आपसी एकता बेहद जरूरी है। उन्होंने पसमांदा मुसलमानों को देश की मुख्यधारा में लाने के लिए संगठित प्रयासों पर जोर देते हुए युवाओं से अपील की कि वे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों के प्रति भी जागरूक रहें। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में फैली पिछड़ेपन की समस्या को दूर करने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है, जिसके लिए सामाजिक संगठनों और स्थानीय नेतृत्व को मिलकर कार्य करना होगा।

### आसिम बिहारी ने जीवन भर दबे-कुचले पसमांदा समाज के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया : मारूफ



**मलिहाबाद।** स्वतंत्रता सेनानी, प्रथम पसमांदा संगठन जमीयतुल मोमिनीन (मोमिन कॉन्फ्रेंस) के संस्थापक एवं भारत विभाजन के प्रबल विरोधी मौलाना अली हुसैन आसिम बिहारी की यौम-ए-पैदाइश के अवसर पर आज आसिम बिहारी हाउस, मलिहाबाद में उन्हें फूल चढ़ाकर खिराज-ए-अकीदत पेश की गई तथा उपस्थित लोगों ने उनके लिए दुआ-ए-मग़फिरत की। इस अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी ने कहा कि आसिम बिहारी ने अपने जीवन भर दबे-कुचले पसमांदा समाज के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी निभाई। वे मज़हब के आधार पर देश के विभाजन के सख्त विरोधी थे और उन्होंने इसका पुरज़ोर विरोध किया। उन्होंने पसमांदा समाज में शैक्षणिक सुधार के लिए अनेक अभियान चलाए तथा प्रौढ़ शिक्षा को बढ़ावा दिया। उनका संपूर्ण जीवन समाज में समानता, न्याय, शिक्षा और मानव गरिमा के उच्च आदर्शों को समर्पित रहा। उनके विचार और सिद्धांत सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम में इमरान अंसारी, रसूल अहमद, कमर अहमद, सद्दाम अंसारी, अशोक रावत, राजेंद्र बाबा, मोहम्मद सलीम, शमशाद अहमद, हाफिज सईद, अब्दुल मजीद एवं ममीतुज्जमा अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एमजीएम पीजी कॉलेज की छात्राओं द्वारा पद यात्रा निकाली गई




अवधनामा संवाददाता

**संभल।** एम.जी.एम. पी.जी. कॉलेज संभल में मिशन शक्ति अभियान फेज़ 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत व नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार अभियान के संदर्भ में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा एक पद यात्रा निकाली गई जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लागू करा कर रहेंगी और प्रतिज्ञा की कि वे अपना अधिकार प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। इस हेतु वे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी।

दुनिया को दिखाएंगी कि पुरुष और महिला में कोई भेदभाव नहीं है महिला भी वह कार्य कर सकती है जो एक पुरुष कर सकता है ।महिलाएं जो लक्ष्मी का स्वरूप कहीं जाती है यदि किसी समय उनको दुर्गा व काली भी बनना पड़े तो वह बन सकती हैं। इस पदयात्रा कार्यक्रम में 50 छात्राएं व महाविद्यालय की 5 महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। पदयात्रा का संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डा.रीतू भटनागर द्वारा किया गया।

## भाजपा नेता ने जनता दरबार में 165 लोगों की सुनी समस्याएं

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह द्वारा आयोजित जनता दरबार में आम जनमानस की समस्याएं सुनी गई। कार्यक्रम में लगभग 165 लोग उपस्थित हुए, जिन्होंने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान भाजपा नेता राजेश सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वह हमेशा गरीबों के सुख-दुख में खड़े रहे हैं और आगे भी जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर काटे पन्द्रह चालान



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर व क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने दोपहिया वाहनों की सघन जांच की। चेकिंग अभियान की खबर सुनकर दो पहिया वाहन चालक गलियों में बाईके दौडाते नजर आए। बुधवार को नगर के तिराहा पर कोतवाली के निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी एवं कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी ने कांस्टेबल प्रशांत बालीयान, दीपांशु गंगवार, जितेन्द्र कुमार, गगन कुमार आदि की टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान करीब 40 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से बिना हेलमेट व तीन सवारी पर 15 दोपहिया वाहनों के चालान काटे गए। निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी एवं कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाया गया है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

# जंग-ए-आज़ादी में मुस्लिम महिलाओं का योगदान

■ बज़्म-ए-ख्वातीन के तत्वावधान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** बज़्म-ए-ख्वातीन के तत्वावधान में एक गरिमामय कार्यक्रम 'जंग-ए-आज़ादी में मुस्लिम महिलाओं का योगदान' शीर्षक से ज़नाना पार्क, अमीनाबाद में आयोजित किया गया, जिसमें सम्मानित अतिथियों, बुद्धिजीवियों और बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेगम शहनाज़ सिदरत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अनु चित्रांश(बाराबंकी) उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में मुस्लिम महिलाओं की अद्वितीय कुर्बानियों और सेवाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने बेगम हजरत महल की बहादुरी और नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में लखनऊ में अंग्रेजों के खिलाफ प्रभावी प्रतिरोध किया। इसी तरह रानी लक्ष्मीबाई, आबदी बेगम (बी अम्मां, रामपुर) के संघर्ष की सराहना करते हुए बताया गया कि उन्होंने खिलाफत आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जनजागरण किया।

कार्यक्रम में अन्य मुस्लिम महिला नेताओं जैसे बेगम सुल्ताना हयात, अरुणा आसफ अली,, सुरैया तैयब जी,, बेगम अफ़ज़ा मुरादाबादी तथा अन्य महिलाओं के योगदान को भी उजागर किया गया, जिन्होंने अपने संघर्ष और नेतृत्व के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को सशक्त बनाया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में इन महान महिलाओं के त्याग से प्रेरणा लेकर महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। विशेष रूप से डॉ. नीरजा श्रीवास्तव, आफरीन सिद्दीकी, सारिका श्रीवास्तव, सफिया सिद्दीकी, रिजवाना अंसारी,रिजवाना मजीद और ज़ैनब सिद्दीकी ने अपने विचार व्यक्त किए।

अंत में नशत हयातुल्लाह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और यह संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी ऐसे सार्थक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखा जाएगा। बज्म-ए-ख्वातीन यूथ विंग की बच्चियों ने इन महान महिलाओ को जीवित प्रस्तुत किया, इसके लिये बेगम शाहनाज सिदरत ने उनको एजाज-ए-बज़्म अवार्ड से सम्मानित भी किया।

# फतेहपुर में आईपीएल सट्टेबाजी का फैलता नेटवर्क, देवीगंज बना केंद्र : शीबू खान

अवधनामा संवाददाता




**फतेहपुर।** जनपद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान अवैध सट्टेबाजी का कारोबार तेजी से पैर पसार रहा है। सूत्रों की मानें तो शहर का देवीगंज स्थित पन्ना मार्केट इस अवैध गतिविधि का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित होने की चर्चाएं आम हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस नेटवर्क में एक पूर्व सभासद के साथ-साथ कुछ कारोबारी वर्ग के लोग भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग अपने सहयोगियों के माध्यम से जिले के विभिन्न इलाकों में सट्टेबाजी का संचालन कर रहे हैं और एक संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहे हैं। सट्टेबाजों द्वारा खासतौर पर युवाओं और नाबालिगों को निशाना बनाया जा रहा है। आसान पैसे के लालच में उन्हें इस धंधे में फंसाया जा रहा है, जिससे कई लोग आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। कुछ मामलों में लोगों के कर्ज में डूबने की भी बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार सट्टा केवल मैच के नतीजों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर गेंद, चौके-छक्के और खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी दांव लगाए जा रहे हैं। एक-एक मैच में लाखों से लेकर करोड़ों रुपये तक के लेन-देन की चर्चा है, जिससे इस अवैध कारोबार का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सट्टेबाजी में लिप्त लोगों ने पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा ले रखा है। व्हाट्सएप के माध्यम से आईडी बनाकर सट्टा खिलाया जा रहा है, जिसमें ?10,000 से लेकर लाखों रुपये तक की रकम शामिल होती है। इसके अलावा डिजिटल पेमेंट, कोड वर्ड और लगातार लोकेशन बदलने जैसे तरीकों से पुलिस को चकमा दिया जा रहा है। देवीगंज के अलावा राधानगर और आसपास के क्षेत्रों में भी इस नेटवर्क के फैलने की जानकारी मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अवैध गतिविधि खुलेआम संचालित हो रही है, लेकिन अब तक इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

नागरिकों ने प्रशासन और पुलिस से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस तरह के अवैध कारोबार पर रोक लगाई जा सके और युवाओं को इसके दुष्परिणामों से बचाया जा सके।

# देवरियाः सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट घोषित

■ नेशनल पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर के नेशनल पब्लिक स्कूल का इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परिणाम रहा, जिससे विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

रिजल्ट घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में सफल छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रबंधन और शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के मेधावी छात्रों में अंश राय ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा तान्या राव (94%), आदित्य तिवारी (93.4%), अंकुश राव (93.2%), दामिनी प्रताप (93.1%), अंश कुमार यादव (93%), अनुष्का यादव (92.5%), अर्णव श्रीवास्तव (90.3%), आदर्श कुमार यादव (90%) एवं नंदिनी यादव (90%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मृदुला सिंह बघेल ने कहा कि छात्रों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी लगन से लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक संजय शंकर मिश्र ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भी बच्चों की सफलता पर खुशी जताई। इस अवसर पर शिक्षकों ने छात्रों को आगे की पढ़ाई और करियर के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी दिया। विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाई स्कूल की परीक्षा में नगर के बेटे ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ परिजनों ने इस उपलब्धि पर मिष्ठान खिलाकर जताई खुशी

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के एक होनहार छात्र ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे नगर का नाम रोशन कर दिया। छात्र की इस उपलब्धि से परिजनों के साथ-साथ विद्यालय एवं क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर के मोहल्ला दिलशाद नगर निवासी छात्र जयंत शाक्य पुत्र सुनील कुशवहा एडवोकेट ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर हाई स्कूल परीक्षा में पचासी अंक प्राप्त किए। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, परिवार में जश्न का माहौल बन गया। परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और बेटे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जयंत ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही यह संभव हो सका। उसने बताया कि आगे चलकर वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा करना चाहता है।

# लव जिहाद के विरुद्ध एक युद्ध का बिगुल

■ 19 अप्रैल को लखनऊ समेत अवध प्रांत के 14 जिलों में महापंचायत

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा द्वारा 'एक युद्ध लव जिहाद के विरुद्ध' अभियान के अंतर्गत दिनांक 19 अप्रैल, रविवार को पटेल स्मारक पार्क, हजरतगंज में एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत का उद्देश्य समाज को जागरूक करना, बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा लव जिहाद जैसे गंभीर मुद्दे पर व्यापक जनसंवाद स्थापित करना है।

कार्यक्रम संयोजक अनुराग शुक्ला ने बताया कि बीते कुछ समय से लगातार ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें सुनियोजित तरीके से हिंदू बेटियों को प्रेम के जाल में फंसाकर उनका शोषण और धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह केवल व्यक्तिगत घटनाएं नहीं, बल्कि एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा होती हैं,साथ ही इसका आतंकवाद से भी कहीं न कहीं कनेक्शन होता है,जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

श्री शुक्ला ने कहा कि लव जिहाद की घटनाएं समाज के लिए नासूर बन गई है, और इसको मात्र एक घटना न माने बल्कि यह एक संगठित अपराध है, और देश की अखंडता के लिए भी खतरा है, इस लिए लव जिहादियों पर गैंगस्टर एक्ट और इस को भी देशद्रोह की श्रेणी में मानते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा में अपराध दर्ज किए जाए।

संघर्ष मोर्चा का यह भी आरोप है कि इस प्रकार की गतिविधियों के पीछे संगठित नेटवर्क सक्रिय होते हैं, जिनकी फंडिंग और संचालन की जांच आवश्यक है। सरकार और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई करते हुए दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि समाज में भय का माहौल खत्म हो और बेटियां सुरक्षित रह सकें। हाल ही में लखनऊ में हुई लव जिहाद की घटनाएं जैसे कि केजीएमयू मेडिकल कॉलेज में लव जिहाद का केस सामने आया था साथ ही कुछ दिन पहले गोमतीनगर थाने में एक युवती को नौकरी दिलाने के बहाने पहले दोस्ती की फिर प्रेमजाल में फंसाया फिर शोषण इस प्रकार की घटनाएं आम है अभी लखनऊ हाई कोर्ट में भी लव जिहाद की शिकार महिला ने खुदकुशी करने का प्रयास किया।

महापंचायत में लखनऊ जिले से सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न समाज के प्रतिनिधि, संत-महात्मा, महिला संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। इस दौरान जागरूकता अभियान को और तेज करने, कानूनी उपायों पर चर्चा करने तथा एक मजबूत सामाजिक रणनीति तैयार करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा ने सभी जागरूक नागरिकों से अपील की है कि वे इस महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और समाज की बेटियों की सुरक्षा के लिए इस अभियान को मजबूत बनाएं। 'अब समय आ गया है कि समाज एकजुट होकर अपनी बेटियों की रक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाए। '

### दुर्गा बन तू काली बन कभी न बुर्के वाली बन

संवाददाता सम्मेलन में अनुराग शुक्ला (प्रांत कार्यक्रम संयोजक), विजय बहादुर (अध्यक्ष अवध जागरण न्यास) कृष्ण कुमार मिश्रा (सांस्कृतिक गौरव संस्थान), ज्योत्सना श्रीवास्तव (सामाजिक कार्यकर्ता) विकास शुक्ला (महानगर प्रभारी) संतोष सिंह तिलन (संयोजक लखनऊ ग्रामीण) राजेश कुमार सिंह (संयोजक लखनऊ पश्चिम) अनीता तिवारी (संयोजक लखनऊ दक्षिण), मंटू तिवारी (संयोजक लखनऊ पश्चिम), अनिल चौबे, सूर्यभान विश्वकर्मा, के के दीक्षित, विजय कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने छिबरामऊ सड़क हादसे के परिजनों से व्यक्त की संवेदना



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** विगत दो दिन पूर्व छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम भाउलपुर मे कोयला लदे ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से इसकी चपेट मे आकर दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व सचिव सहित कांग्रेसजनों ने पीड़ितों के आवास पर पहुंचकर हाल जाना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बुधवार को छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम भाऊलपुर में दो दिन पूर्व कोयला के भरे ट्रक पलटने से हुई दुर्घटना में रूमित गुप्ता के पिताजी एवं दुर्गा नगला के राजू बाथम की बेटी के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय मिश्र ने उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी तथा सरकार से मांग कि दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर उन्हें 50 लाख की मदद कर घटना की निष्पक्ष जांच कराए। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, देवकीनंदन दुवे, सीबी सिंह, प्रियंका दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष विकास मिश्रा, ऋषभ दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## जफराबाद में भीषण आग से घर खाक, बाइक समेत 20 बोरी धान जला

**फतेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्रांतर्गत थाना सुल्तानपुर घोष के जफराबाद मजरे मंडवा गांव में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब राजू यादव के घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में पूरा घर जलकर खाक हो गया और गृहस्थी का सारा सामान नष्ट हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग लगने से एक मोटरसाइकिल, लगभग 12 कुंतल धान (करीब 20 बोरी) सहित घर में रखा अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जल गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने खाने-पीने और रहने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के युवा जिलाध्यक्ष विवेक सिंह एडवोकेट अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ युवा ब्लॉक अध्यक्ष ऐरायां दीपक मौर्य और ब्लॉक महासचिव बालराज सिंह समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# बिना खेले चला एमएस धोनी मैजिक!



**चेन्नई।** आईपीएल 2026 में एमएस धोनी का मैजिक मैदान पर उतरे बिना भी देखने को मिला, जब उन्होंने मैच से पहले नूर अहमद से लंबी बातचीत की। इसके बाद अफगानी स्पिनर ने केकेआर के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच का रुख पलट दिया। सीएसके की जीत में नूर अहमद की अहम भूमिका रही, जिससे यह साबित हुआ कि धोनी का अनुभव और मार्गदर्शन आज भी टीम के लिए गेम-चेंजर है।

महेंद्र सिंह धोनी भले ही चोटिल होने के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक नहीं खेल पाए हैं, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रदर्शन में उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है जिसकी एक बानगी स्पिनर नूर अहमद के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन में देखने को मिली।

अफगानिस्तान के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर इस मैच से पहले तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लेकिन नेट पर अभ्यास के दौरान धोनी से लंबी बातचीत के बाद उनके खेल में बदलाव देखने को मिला। उन्होंने केकेआर के खिलाफ चार ओवरों में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने बीच के ओवरों में अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन के विकेट लेकर सीएसके की 32 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

पिच से गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन नूर बल्लेबाजों पर हावी होने में कामयाब रहे। सीएसके के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने नूर की मैच से पहले धोनी के साथ हुई बातचीत के बारे में बात की। धोनी पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं।

श्रीराम ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, विकेट से थोड़ी मदद मिल रही थी। केकेआर के खिलाफ उनकी गेंद की गति हवा में थोड़ी धीमी थी। गेंद पर साइड स्पिन ज्यादा थी और ड्रॉप भी ज्यादा था। इस पर वह काम कर रहे हैं। धोनी ने अभ्यास सत्र के दौरान उनसे काफी देर तक बात की और उन्हें लेग अधिक ब्रेक करने के लिए प्रेरित किया।?

# एक्सेलसन ने पेशेवर बैडमिंटन से लिया संन्यास

## दो-दो बार ओलंपिक और विश्व चैंपियन रह चुके

**कोपेनहेगन।** दुनिया के दिग्गज शटलर और दो बार के ओलंपिक और दो बार के विश्व चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने पेशेवर बैडमिंटन से संन्यास लेने का एलान कर दिया है। 32 साल की उम्र में लिया गया यह फैसला खेल जगत के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। एक्सेलसन ने यह निर्णय लंबे समय से चल रही पीठ की गंभीर चोट के कारण लिया, जिसने पिछले दो वर्षों से उनके करियर को बुरी तरह प्रभावित किया था।

एक्सेलसन ने अपने संन्यास के पीछे की वजह साफ करते हुए कहा कि अब उनका शरीर उन्हें खेलने की अनुमति नहीं दे रहा है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर संन्यास का एलान करते हुए लिखा, जैसा कि ज्यादातर लोग जानते हैं, मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में मेरी सर्जरी हुई थी और उसके बाद लंबा रिहैबिलिटेशन चला, लेकिन अक्तूबर में मुझे फिर से झटका लगा। तब से मैं

**भूमिका**

**एक्सेलसन ने अपने संन्यास के पीछे की वजह साफ करते हुए कहा कि अब उनका शरीर उन्हें खेलने की अनुमति नहीं दे रहा है।**

उस स्तर पर खेल या ट्रेनिंग नहीं कर पा रहा हूं, जैसा जरूरी है। दर्द की वजह से मैं खेल नहीं पा रहा हूं और इसी कारण मुझे यह बेहद कठिन फैसला लेना पड़ा।

एक्सेलसन ने बताया कि यह फैसला उन्होंने डॉक्टरों और सर्जन की सलाह के बाद लिया है। उन्होंने कहा, यह फैसला मैंने अपने सर्जन और डॉक्टरों से सलाह लेकर लिया है। उनका कहना है कि जिस तरह का



दर्द मैं अभी महसूस कर रहा हूं, उसमें फिर से सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। अगर वह सफल नहीं होती, तो और गंभीर ऑपरेशन करना पड़ सकता है।

ऐसे में मैं उस स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाऊंगा। यह मेरा शरीर है जो मुझे रुकने का संकेत दे रहा है और मुझे डॉक्टरों की सलाह माननी होगी। एक्सेलसन ने बहुत कम उम्र में ही अपने टैलेंट का लोहा मनवा दिया था। 2010 में उन्होंने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रचा और ऐसा करने वाले पहले यूरोपीय खिलाड़ी बने। उसी साल उन्होंने सीनियर स्तर पर डेब्यू किया और साइप्रस इंटरनेशनल खिताब जीतकर अपने करियर की दमदार शुरुआत की। 2014 में उन्होंने स्विस ओपन ग्रां प्री गोल्ड जीतकर अपनी पहचान और मजबूत की। इसी साल उन्होंने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता। 2016 में उन्होंने इतिहास रचते हुए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड सुपरसीरीज फाइनल्स में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले यूरोपीय खिलाड़ी बने।

**ओलंपिक में रचा इतिहास**

एक्सेलसन का करियर ओलंपिक में शानदार रहा। उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में महान लिन डैन को हराकर कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा टोक्यो 2020 में उन्होंने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया था। इसके बाद 2024 पेरिस ओलंपिक में उन्होंने अपना टाइटल डिफेंड किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया था। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड जीतना उनके करियर का सबसे बड़ा मुकाम रहा, जिसने उन्हें बैडमिंटन सुपरस्टार बना दिया। वह 2017 में ग्लासगो और 2022 में टोक्यों में विश्व चैंपियन का खिताब भी जीत चुके हैं।

# विवादों के बीच ग्लैमर का तड़का: युजवेंद्र चहल के बीच विवाद के बीच धनश्री वर्मा ने सोशल मीडिया पर बोल्ड अंदाज में बोल्ड लुक दिया

**मुंबई।** धनश्री वर्मा का चॉकलेट ब्राउन गाउन लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। उनके स्टाइलिश आउटफिट और यूनिक कैप्शन ने फैंस का दिल जीत लिया है। इस पोस्ट ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनका फैशन सेंस लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल इन दिनों विवादों में फंसे हुए हैं। एक्ट्रेस तानिया चटर्जी को उन्होंने कथित तौर पर इंस्टाग्राम पर क्यूट लिखा मैसेज भेजा था, जिसको इस अभिनेत्री ने वायरल कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।

अब चहल की एक्स-वाइफ और डांसर-इन्फ्लुएंसर धनश्री वर्मा ने अपने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर आग लगा दिया है। चॉकलेट ब्राउन गाउन में उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और फैंस उनके इस अंदाज के दीवाने हो गए हैं। इतना ही नहीं, धनश्री ने अभिनेता अपारशक्ति



खुराना और श्रेयस अय्यर की बहन श्रेष्ठा अय्यर के साथ डांस कोलैबोरेशन का वीडियो भी शेयर किया है। उनकी इन तीन हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट ने मानो इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।

धनश्री ने गाउन में फोटो पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा, आप खुद को व्यक्त करें, मैंने तो किया है। यह वर्डप्ले न सिर्फ उनके आउटफिट से मेल खाता है, बल्कि उनके कॉन्फिडेंस और स्टाइल को भी बखूबी दर्शाता है। पोस्ट देखने से पहले ही यह कैप्शन फैंस का ध्यान खींच लेता है।

धनश्री का यह चॉकलेट ब्राउन हल्टर-नेक कटआउट मैक्सी ड्रेस उनके पूरे लुक का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन रहा। यह आउटफिट न सिर्फ उनके फिगर को हाइलाइट करता है, बल्कि एक बोल्ड और क्लासी वाइब भी देता है। गाउन का रंग और डिजाइन मिलकर ऐसा इम्पैक्ट छोड़ते हैं कि नजरें हटाना मुश्किल हो जाता है।

धनश्री के इस लुक में बैलेनसियागा का मिनी बैग भी शामिल था। यह बैग भले ही छोटा था, लेकिन इसने पूरे लुक में एक सटल लग्जरी एलिमेंट जोड़ दिया, जो स्टाइल को और ऊंचा ले गया। धनश्री के हेयरस्टाइल ने भी उनके लुक को पूरा किया।

इस पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ कई सेलिब्रिटीज ने भी रिएक्ट किया। क्रिकेटर श्रेयस अय्यर की बहन श्रेष्ठा अय्यर ने कमेंट सेक्शन में फायर इमोजी के साथ अपना रिएक्शन दिया, जो तेजी से वायरल हो गया।

धनश्री ने अभिनेता अपारशक्ति खुराना के साथ डांस वीडियो भी शेयर किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने मित्ता रोड़ और स्वरा वर्मा के सुपरहिट सॉन्ग शीशा पर श्रेष्ठा अय्यर के साथ डांस किया।

## रहाणे ने दिए टीम में बदलाव के संकेत

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत हासिल की और कमबैक के संकेत दिए हैं। इस मुकाबले के बाद जहां केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम में बदलाव के संकेत दिए, वहीं सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने अपनी खराब फॉर्म को लेकर खुलकर बात की। मैच के बाद रहाणे ने माना कि गेंदबाजी यूनिट ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन बल्लेबाजी में टीम पिछड़ गई। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि गेंद से हमने बहुत अच्छा काम किया। इस विकेट पर 190 रन अच्छा स्कोर था, खासकर जब पावरप्ले में उन्होंने 70 के करीब रन बनाए। उसके बाद उन्हें रोकना शानदार प्रयास था। लेकिन हमारी बल्लेबाजी की शुरुआत धीमी रही, पावरप्ले में सिर्फ 36-37 रन बनाना अहम रहा।

# चार हार के बाद बीसीसीआई की मार!

**चेन्नई।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। टीम जहां पांच मैचों में जीत का खाता नहीं खोल पाई है, वहीं कप्तान अजिंक्य रहाणे की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। खराब प्रदर्शन के बीच अब उन पर बीसीसीआई ने जुर्माना भी ठोका है। बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने रहाणे को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दंडित किया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है। आगे बताया गया, यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध है, इसलिए उन्हें 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रहाणे की कप्तानी में केकेआर का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है और



अंक तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है। ताजा मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी टीम को 32 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे दबाव और बढ़ गया है।

इस मैच में सीएसके के गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। स्पिनर नूर अहमद ने 3/21 के आंकड़े के साथ केकेआर की कमर तोड़ दी, जबकि अंशुल कंबोज ने 2 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 192/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया और फिर गेंदबाजों के दम पर केकेआर को 160/7 पर रोक दिया।

**बल्लेबाजी फिर बनी केकेआर की कमजोरी**

केकेआर की बल्लेबाजी एक बार फिर नाकाम रही। टीम ने ओपनिंग कॉम्बिनेशन में बदलाव करते हुए सुनील नरेन और फिन एलेन को भेजा, लेकिन यह दांव भी सफल नहीं हुआ। पावरप्ले में ही टीम 36/2 पर सिमट गई, जो 2024 के बाद सबसे खराब शुरुआत में से एक है। रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन बड़े शॉट्स की कमी और लगातार विकेट गिरने से टीम लक्ष्य से काफी दूर रह गई।

अंत में रमणदीप सिंह (35) और रोवमैन पॉवेल (31*) ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

केकेआर के लिए अब आगे का सफर आसान नहीं है। टीम को जल्द ही अपनी रणनीति और संयोजन में बदलाव करना होगा, वरना प्लेऑफ की उम्मीदें शुरुआती दौर में ही खत्म हो सकती हैं।

## नेहा धूपिया ने किया हॉलीवुड में डेब्यू

**मुंबई।** अभिनेत्री नेहा धूपिया अपनी अपकमिंग फिल्म %52 ब्लू% को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म से वह हॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म के मेकर्स ने इसका पहला लुक और ट्रेलर जारी किया है। नेहा धूपिया इसमें एक अलग लुक में नजर आ रही हैं। यह फिल्म फीफा वर्ल्ड कप 2022 के बैकग्राउंड में एक भारतीय प्रवासी मजदूर की जिंदगी पर आधारित है।

2 मिनट 11 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि नेहा धूपिया ने उस व्यक्ति (यादव शशिधर) की मां का किरदार निभाया है, जो लियोनेल मेस्सी का बहुत बड़ा फैन है। वो लियोनेल मेस्सी से मिलने विदेश जाता है। वहां जाकर वह फंस जाता हैं। भारत में आशीष का परिवार पहले तो उनके विदेश जाने पर खुश होता है, बाद में जब वह वापस नहीं आता है, तो परिवार के लोग परेशान होते हैं। बेटे के दूर हो जाने पर नेहा धूपिया भी परेशान होती हैं।

# शुरू हुई फोर्स 3 की शूटिंग, दिखी जॉन अब्राहम और हर्षवर्धन राणे की झलक




**मुंबई।** जॉन अब्राहम अपनी अपकमिंग फिल्म फोर्स 3 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी है। पोस्ट में जॉन अब्राहम के अलावा हर्षवर्धन राणे की भी झलक दिखी है। आइए जानते हैं पोस्ट में और क्या खास है?

मेकर्स ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें जॉन अब्राहम बंदूक लिए नजर आते हैं। इसके बाद उनका टकराव हर्षवर्धन राणे के साथ होता है। दोनों का लुक काफी डैशिंग है। दोनों जबरदस्त बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है जब कोई न रुकने वाला किसी न हिलने वाले से टकराता है, तो एक तूफान जन्म लेता है। फोर्स 3 19 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

ख्याल रहे कि सितंबर 2011 में फोर्स फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म फोर्स रिलीज हुई थी। दर्शकों ने इसे खूब प्यार दिया था। इसमें जेनेलिया डिसूजा और विद्युत जामवाल थे। 28 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

**फोर्स 2 का कलेक्शन**

सितंबर 2016 में फोर्स 2 रिलीज हुई थी। इसमें जॉन अब्राहम के साथ सोनाक्षी सिन्हा और ताहिर भसीन थे। इसे भी दर्शकों ने खूब सराहा था। 41 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 58.8 करोड़ रुपये कमाए थे।

**फोर्स 3 के बारे में**

फोर्स 3 के निर्माता जॉन अब्राहम हैं। इस फिल्म के निर्देशक भाव धूलिया हैं, जिन्होंने द फ्रीलांसर का निर्देशन किया है। इस फिल्म के लेखक सीमाब हाशमी हैं।

# 'कॉकटेल 2' के लिए कृति सेनन ने कैसे घटाया अपना वजन?

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना जल्द ही अपनी आने वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' में नजर आने वाले हैं। ये फिल्म 2012 में आई 'कॉकटेल' का सीक्वल है। 'कॉकटेल 2' के क्लिप्स में कृति काफी फिट और बोल्ड नजर आ रही हैं। अब उन्होंने इसी को लेकर अपनी डाइट और रूटीन को लेकर खुलकर बात की। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा।

आईएएनएस से बातचीत में कृति सेनन ने कहा, 'सच कहूं तो 'कॉकटेल' के दौरान ही ऐसा हुआ था जब मैं बहुत स्ट्रिक्ट डाइट और कंसिस्टेंट वर्कआउट रूटीन पर थी और पहली बार मैंने कैलोरी-डेफिसिट डाइट फॉलो की, जो मैंने पहले कभी अपनी जिंदगी में नहीं किया था।

हम इटली के सिसिली में शूट कर रहे थे और वहां खाने की बात करें तो ज्यादातर पिज्जा, पास्ता, पिज्जा वही सब होता है। और मैं बस सोचती रह जाती थी।'

**क्या होती है कैलोरी-डेफिसिट डाइट?**

कैलोरी-डेफिसिट डाइट का मतलब शरीर की नॉर्मल कैलोरी मात्रा से कम कैलोरी लेना। इसका मोटिव वजन घटाने के लिए शरीर में जमा फैट को एनर्जी के रूप में इस्तेमाल करने पर मजबूर करना होता है। इसमें आमतौर पर रोज के खाने में 500-1000 कैलोरी कम की जाती है, जिससे हर सप्ताह लगभग 1 किलो वजन कम हो सकता है।

**'कॉकटेल 2' पर क्या बोलीं एक्ट्रेस?**

हाल ही में जूम के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की और फैंस को आने वाली फिल्म की झलक दी। एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपनी पिछली फिल्म के मुकाबले कुछ हल्का-फुल्का करना चाहती थीं।

उन्होंने कहा, 'कॉकटेल 2' बिल्कुल सही समय पर आई। मैं यही चाह रही थी। मैं एक यंग, अर्बन और फन से भरी रोम-कॉम स्पेस में जाना चाहती थी।' उन्होंने आगे कहा, 'हां, यह एक सीक्वल है, लेकिन मेरे हिसाब से यह एक 'वाइब' सीक्वल है। इसकी कहानी पूरी तरह अलग है, किरदार पूरी तरह अलग हैं, और उनकी बैकस्टोरी भी बिल्कुल अलग है।'

**फिल्म कॉकटेल 2 की रिलीज डेट**

यह फिल्म 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कॉकटेल 2 एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। कॉकटेल 2 साल 2012 में आई फिल्म कॉकटेल का सीक्वल है। कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना जैसे एक्टर लीड रोल में हैं।



# पिता को खोने के बाद माँ ही बनी सहारा



सुशोभन सोनू राय

कई लोगों के लिए परफॉर्मिंग आर्ट्स की दुनिया में कदम रखने की शुरुआत बचपन की किसी रुचि से होती है। सुशोभन सोनू राय के मामले में भी ऐसा ही हुआ। नृत्य के प्रति उनका आकर्षण ही उन्हें पहली बार मंच तक लेकर आया और वहीं से धीरे-धीरे उनका रुझान अभिनय और मॉडलिंग की ओर बढ़ा। समय के साथ उन्हें टेलीविजन धारावाहिकों, विज्ञापनों और बाद में फिल्मों में काम करने का अवसर मिला। सुशोभन का जन्म कोलकाता के एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ। हालांकि बचपन से ही जीवन आसान नहीं रहा। बहुत कम उम्र में ही उन्होंने अपने पिता को खो दिया। उस समय उनकी उम्र मात्र साढ़े तीन वर्ष थी। उनके पिता कोलकाता के वीईसीसी (VECC) में कार्यरत थे। पिता के निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनकी माँ पर आ गई। नौकरी संभालने के साथ-साथ उन्हें घर और बच्चे के भविष्य की जिम्मेदारी भी अकेले ही निभानी पड़ी। जीवन के उस दौर ने सुशोभन के भीतर संघर्ष और आत्मविश्वास दोनों को मजबूत किया।

बचपन से ही उन्हें नृत्य के प्रति गहरा लगाव था। उन्होंने एक डांस इंस्टीट्यूट में दाखिला लिया और लगभग दो वर्षों तक वेस्टर्न डांस का प्रशिक्षण प्राप्त किया। पॉप डांस उनकी पसंदीदा शैली थी। उन्होंने कई मंचीय कार्यक्रमों और सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लिया, जिससे उनकी परफॉर्मिंग क्षमता और निखरी। परिवार चाहता था कि वे संगीत की ओर जाएं, लेकिन अपनी रुचि के कारण उन्होंने नृत्य को ही अपने करियर का पहला कदम बनाया। पढ़ाई के मामले में भी सुशोभन नियमित रहे। वर्ष 2016 में उन्होंने दमदम मोतिजील रवींद्र महाविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। शुरुआत में उन्होंने मुंबई में विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन दिए। कुछ समय बाद वे कोलकाता लौट आए। वहां लगभग दो वर्षों तक उन्होंने निर्देशक और निर्माता पियूष साहा के मार्गदर्शन में अभिनय कार्यशालाओं और प्रशिक्षण में भाग लिया। इसी दौरान उन्होंने अभिनय की बुनियादी और आवश्यक कौशल विकसित किए। साल 2019 में उन्होंने आकाश आठ चैनल के धारावाहिक 'आनंदमयी माँ' से टेलीविजन पर अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। दिवंगत निर्देशक देविदास भट्टाचार्य के निर्देशन में वे एक वैष्णव भक्त की भूमिका में नजर आए। इसके बाद उन्होंने लगातार कई धारावाहिकों में काम किया, जिनमें स्टार जलसा के 'मोहर', 'कोड़ापाखी', 'तितली', 'खेलाघर' और जी बांग्ला के 'जमुना ढाकी' शामिल हैं। खासतौर पर 'कोड़ापाखी' में पार्नो मित्रा के साथ एक नकारात्मक भूमिका निभाने से उनके अभिनय करियर में एक अलग आयाम जुड़ा। कोविड-19 महामारी के दौरान जब टेलीविजन के काम की गति धीमी पड़ गई, तब सुशोभन ने मॉडलिंग की ओर ध्यान देना शुरू किया। वर्ष 2023 से उन्होंने विभिन्न ब्रांड्स के विज्ञापनों में काम करना शुरू किया। एक मॉडल के रूप में वे हॉलिडे इन होटल, डाबर, वेलोसिटी आईवेयर, अमेज़न, स्पेंसर, बिग बाज़ार सहित कई ब्रांड्स के साथ काम कर चुके हैं।

इसके अलावा सुसोवन ने एक ब्यूटी पेजेंट में भी हिस्सा लिया। कोलकाता में आयोजित 'एथनिक एलीगेंस 2025' प्रतियोगिता में वे फर्स्ट रनर-अप बने। इस प्रतियोगिता में उन्होंने पोर्टफोलियो प्रेजेंटेशन, रैंप वॉक और इंटरव्यू जैसे तीन चरणों को सफलतापूर्वक पार किया।

टेलीविजन और मॉडलिंग के बाद अब उन्होंने बंगाली सिनेमा में भी कदम रखा है। फिल्म 'टेक केयर भालोबाशा' में उन्होंने 'जॉय' नामक किरदार निभाया है। यह उनका पहला बड़े पर्दे का काम है। फिल्म की कहानी चार दोस्तों और उनके रिश्तों में आने वाले उतार-चढ़ाव के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी के विभिन्न मोड़ों पर जॉय का किरदार अन्य पात्रों की भावनात्मक दिशा को प्रभावित करता है। कभी संयमित, कभी संकोची और कभी सहज मित्रता के भाव के साथ यह किरदार कहानी के माहौल को आगे बढ़ाता है।

## इमरान खान के फैंस ने की जाने तू या जाने ना की री-रिलीज की मांग

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 'जाने तू या जाने ना' आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई है। इमरान खान और जेनेलिया डिसूजा की यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म दोस्ती और प्यार की एक प्यारी कहानी बताती है। इसके यादगार गाने और मजेदार किरदारों की वजह से यह फिल्म पॉप कल्चर का हिस्सा बन गई। इमरान के फैंस इस फिल्म की री-रिलीज की मांग कर रहे हैं। जिस पर इमरान ने अपनी राय पेश की है। हाल ही में आमिर खान प्रोडक्शंस ने फिल्म 'जाने तू या जाने ना' के एक पुराने वीडियो को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया, जिसमें इमरान खान के किरदार 'जय सिंह राठौर' के अलग-अलग मूड दिखाए गए थे। इस वीडियो ने दर्शकों की पुरानी यादें ताजा कर दीं। कई फैंस अब इस फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज करने की मांग कर रहे हैं।

# कृष्णावतारम की पहली झलक देख खुश हुए यूजर्स

**मुंबई।** फिल्म कृष्णावतारम का ट्रेलर हाल ही में भव्य तरीके से श्री कृष्ण जन्मभूमि में लॉन्च किया गया। यह इवेंट काफी खास रहा, क्योंकि इसे भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि से जोड़कर पेश किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर धार्मिक माहौल के बीच रिलीज किया गया, जिससे इसमें एक अलग ही दिव्यता देखने को मिली। मेकर्स ने इस मौके को खास बनाने के लिए बड़े स्तर पर आयोजन किया। आइए जानते हैं ट्रेलर में क्या है खास। कृष्णावतारम के 3:30 मिनट के ट्रेलर में श्री कृष्ण की रास लीलाओं से लेकर महाभारत तक का समय बताया गया है। शुरूआत में जहां एक तरफ हमें राधा-कृष्ण का पवित्र प्रेम दिखाई देता है, वहीं दूसरी ओर उनके विरह को भी दर्शाया गया है। ट्रेलर के आखिरी मोड़ तक आते-आते हमें द्रौपदी के चीर हरण और महाभारत जैसे ऐतिहासिक झलकियां भी दिखाई देती हैं। इन सब के बीच श्री कृष्ण की सादगी और उनका सच्चाई और धर्म के लिए योद्धा बनना भी ट्रेलर में बखूबी दिखाया गया है।



ट्रेलर देखकर ऐसा लगता है, जैसे फिल्म में उनके प्रेम से लेकर महाभारत तक के समय को दिखाया जाएगा। वहीं इसके सीन भी काफी रियल और इंटेंस नजर आ रहे हैं।

फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद फैंस भी काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। कुछ यूजर्स ने तो इसकी तुलना रणबीर कपूर की 'रामायण' से करनी शुरू कर दी है। वो इसे 'रामायण' के टीजर से बेहतर बता रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया- 'अद्भुत और शानदार है।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- 'एनर्जी अलग ही है।' वहीं कुछ यूजर ट्रेलर को काफी अच्छा बता रहे हैं।

मूवी में सिद्धार्थ गुप्ता कृष्ण के किरदार में, राधा के किरदार में सुष्मिथा भट, सत्यभामा के किरदार में संस्कृति जयाना और रुक्मिणी के रोल में निवासिनी कृष्णन नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन हार्दिक गज्जर ने किया है और इसे साजन राज कुरुप और शोभा संत के साथ पूनम श्रॉफ और पार्थ गज्जर ने प्रोड्यूस किया है।

कृष्णावतारम यह फिल्म तीन भागों में रिलीज होगी। इसके पहले पार्ट का नाम कृष्णावतारम पार्ट 1 द हार्ट (हृदयम) है । मूवी 7 मई 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कुल मिलाकर, ट्रेलर लॉन्च से ही फिल्म को लेकर काफी चर्चा शुरू हो गई है, और दर्शक अब इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका; अग्रिम जमानत पर लगी रोक





**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई ट्रांजिट बेल पर रोक लगा दी और उन्हें तीन हफ्ते में जवाब देने का निर्देश दिया। हालांकि, कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि खेड़ा असम की अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई एक हफ्ते की अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी है। यह मामला असम में दर्ज उस एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ कई पासपोर्ट रखने के आरोप लगाए थे। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरीऔर अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने इस मामले में खेड़ा को नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। यह नोटिस असम सरकार की उस याचिका पर जारी किया गया, जिसमें तेलंगाना हाई कोर्ट द्वारा दी गई ट्रांजिट बेल पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि फिलहाल संबंधित आदेश (ट्रांजिट बेल) पर रोक लगाई जाती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर खेड़ा असम की संबंधित अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश उस प्रक्रिया में बाधा नहीं बनेगा। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी और तब तक सभी पक्षों को अपना जवाब दाखिल करना होगा। सुनवाई के दौरान असम सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि तेलंगाना हाई कोर्ट को इस मामले में सुनवाई का अधिकार क्षेत्र नहीं था, क्योंकि कथित अपराध और एफआईआर दोनों असम में दर्ज हैं।

उन्होंने इसे फोरम चुनने की कोशिश बताते हुए कानून का दुरुपयोग करार दिया। असम सरकार ने स्पेशल लीव पिटीशन दायर कर 10 अप्रैल को तेलंगाना हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें खेड़ा को एक सप्ताह के लिए ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी गई थी। हाई कोर्ट ने यह राहत इसलिए दी थी ताकि खेड़ा संबंधित अदालत में नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। तेलंगाना हाई कोर्ट की एकल पीठ, जस्टिस के सुजाना ने आदेश दिया था कि गिरफ्तारी की स्थिति में खेड़ा को एक सप्ताह के लिए अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाए। खेड़ा ने यह राहत तब मांगी थी जब असम पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

वहीं, खेड़ा की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तेलंगाना हाई कोर्ट में दलील दी थी कि यह मामला राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है और अधिकतम यह मानहानि का मामला बनता है, जिसमें गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है।

यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भूयान सरमा पर कथित रूप से आपत्तिजनक और मानहानिकारक टिप्पणी करने से जुड़ा है। असम पुलिस ने खेड़ा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें मानहानि, जालसाजी और आपराधिक साजिश जैसे आरोप शामिल हैं।

## महिला आरक्षण की आड़ में देश का राजनीतिक नक्शा बदलने की कोशिश

**मुंबई।** संजय राउत ने प्रस्तावित परिसीमन पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के नाम पर देश का राजनीतिक संतुलन बदलने की कोशिश हो रही है और इससे दक्षिण भारत में असंतोष बढ़ सकता है। उन्होंने इस पर जल्दबाजी न करने और सर्वदलीय चर्चा की मांग की।

उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति जताते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के नाम पर देश का राजनीतिक संतुलन बदलने की कोशिश की जा रही है, जिससे पूरे देश का राजनीतिक नक्शा प्रभावित हो सकता है। राउत ने कहा कि लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने और राज्यों को 815 व केंद्र शासित प्रदेशों को 35 सीटें देने के प्रस्ताव के पीछे सरकार की मंशा साफ नहीं है। उनका कहना है कि यह कदम केवल महिलाओं के सशक्तिकरण तक सीमित नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक बदलाव की ओर इशारा करता है।

# खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की बैठक



**नई दिल्ली।** परिसीमन को लेकर सियासत अब सीधी टकराव की राह पर पहुंच गई है। मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है, तो इस मामले में डीएमके और टीएमसी भी आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। महिला आरक्षण के साथ जुड़े परिसीमन पर विपक्ष छिपे एजेंडे का आरोप लगा रहा है, जिससे सियासी पारा चरम पर है और संसद में जोरदार भिड़ंत तय मानी जा रही है। दरअसल, सरकार 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुला रही है। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन लाकर 2029 से महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी है। इस कानून के तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33त्न आरक्षण दिया जाएगा। इसके लिए परिसीमन प्रक्रिया भी की जाएगी, जिसमें लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर करीब 850 तक की जा सकती है। ऐसे में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का कहना है कि परिसीमन से राज्यों के बीच सीटों का संतुलन बदल सकता है, जिससे कुछ राज्यों का राजनीतिक प्रभाव कम हो सकता है।

देशभर में महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर सियासत सातवें आसमान पर पहुंच गया है। ऐसे में अब इस मामले में सरकार के विरोध में कांग्रेस ने संसद के विशेष सत्र से पहले अपनी रणनीति तेज कर दी है। इसी सिलसिले में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर शीर्ष नेताओं की अहम बैठक भी बुलाई गई, जिसमें महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने तय किया कि संसद में इन दोनों मुद्दों पर सरकार को घेरा जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार जो बिल ला रही है, उसकी मंशा ठीक नहीं है और इससे लोकतंत्र को नुकसान हो सकता है।

# तकनीक नहीं ले सकती संवेदनशीलता की जगह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का युवा डॉक्टरों को संदेश



**नागपुर।** राष्ट्रपित द्रौपदी मुर्मू ने एम्स नागपुर के दीक्षांत समारोह में युवा डॉक्टरों से नवाचार, शोध और लगातार सीखने की अपील की। उन्होंने कहा कि तकनीक कितनी भी उन्नत हो जाए, वह करुणा, ईमानदारी और मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण की जगह नहीं ले सकती।

राष्ट्रपित द्रौपदी मुर्मू ने नागपुर स्थित एमस के दूसरे दीक्षांत समारोह में युवा डॉक्टरों को नवाचार, शोध और सतत सीखने को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नैतिक मूल्यों का सर्वोच्च स्थान है और कोई भी तकनीक मानवीय संवेदना की जगह नहीं ले सकती। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि जिज्ञासा ही प्रगति की नींव है। चिकित्सा विज्ञान में नए समाधान खोजने की प्रेरणा डॉक्टरों को न केवल बेहतर पेशेवर बनाएगी, बल्कि सेवा के अधिक अवसर भी प्रदान करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि डॉक्टरों में सेवा भावना के साथ-साथ आजीवन सीखने की प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए।

मुर्मू ने स्पष्ट किया कि तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, वह करुणा, ईमानदारी और मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण का विकल्प नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता बनाए रखें, यही आपको एक अच्छा डॉक्टर ही नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान भी बनाती है। उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य का जिक्र करते हुए कहा कि देश के बेटे-बेटियां मिलकर इस सपने को साकार करेंगे। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को मानवता की सेवा का विशेष अवसर मिला है, जिस पर उन्हें गर्व होना चाहिए और इसे संवेदनशीलता के साथ निभाना चाहिए। सरकार की स्वास्थ्य संबंधी पहलों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन कल्याण आरोग्य योजना के तहत 43 करोड़ से अधिक हेल्थ कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनमें प्रत्येक परिवार को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर मिलता है। इसके अलावा, देशभर में 1.85 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित कर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि आज डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र न केवल अपने जीवन में सफलता हासिल करेंगे, बल्कि देशवासियों को स्वस्थ रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# विपक्ष ने लगाए स्ट्रॉन्गरूम सुरक्षा में चूक के आरोप, चुनाव आयोग को लिखा पत्र, सबूत भी किए पेश



**असम।** असम में विपक्ष नेता देबब्रत सैकिया ने स्ट्रॉन्गरूम सुरक्षा में गंभीर खामियों का आरोप लगाया, कहा चुनाव सामग्री असुरक्षित थी, डबल-लॉक नियमों का उल्लंघन हुआ और प्रक्रिया की विश्वसनीयता खतरे में है। असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कई विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्गरूम की सुरक्षा में गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया है। सैकिया ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग गोयल को लिखे पत्र में नाजिरा सहित अन्य निर्वाचन क्षेत्रों की चुनाव सामग्री के रखरखाव, भंडारण और सुरक्षा में गंभीर खामियों का दावा किया है। उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में फोटो और वीडियो के सबूत भी दिए हैं। नाजिरा से कांग्रेस उम्मीदवार सैकिया ने अपने पत्र में कहा कि उन्होंने कल दोपहर शिवसागर सरकारी उच्चतर माध्यमिक और बहुउद्देशीय विद्यालय में सामग्री सुरक्षा कक्ष का दौरा किया। उन्होंने पाया कि नाजिरा और अन्य निर्वाचन क्षेत्रों की चुनाव सामग्री रखने के लिए निर्धारित कमरे नंबर ग्यारह, बारह और तेरह निर्धारित ईसीआई मानदंडों के अनुसार नहीं रखे गए थे। निरीक्षण किए गए दरवाजों में से केवल एक ही ताले से सुरक्षित था, और वह भी ठीक से सील नहीं किया गया था। कई दरवाजे केवल अंदर से बंद थे या साधारण कुंडी से लगे थे, जिससे उन्हें आसानी से खोला जा सकता था। उन्होंने बताया कि अनिवार्य डबल-लॉक प्रणाली का पालन नहीं किया गया था। सैकिया ने दावा किया कि नाजिरा के चुनाव कागजात वाले दरवाजों में से एक को हल्का धक्का मारकर खोला जा सकता था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संवेदनशील चुनाव कागजात असुरक्षित पाए गए, जिससे चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता खतरे में पड़ गई। विपक्ष के नेता ने आरोप सुरक्षा के लिए तैनत जवान भी इसकी सुरक्षा नहीं कर रहे थे। सीआरपीएफ कर्मियों ने संकेत दिया कि उनकी तैनाती में विशेष रूप से चुनाव सामग्री कक्षों की सुरक्षा शामिल नहीं थी। सैकिया ने कहा कि यह सुरक्षा व्यवस्था में एक गंभीर चूक को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उचित सीलिंग, डबल-लॉकिंग और सुरक्षा व्यवस्था की अनुपस्थिति से महत्वपूर्ण चुनाव सामग्री के साथ छेड़छाड़ या दुरुपयोग का जोखिम पैदा होता है। सैकिया ने चुनाव आयोग के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ईवीएम के साथ संग्रहीत कागजात के अलावा अन्य चुनाव कागजात को एक ट्रेजरी या उप-ट्रेजरी में या अधिकृत पर्यवेक्षण के तहत डबल-लॉक प्रणाली वाले एक सुरक्षित स्ट्रॉन्गरूम में रखा जाना चाहिए।

## मुंबई मेट्रो 2B साइट पर हादसा: निर्माण कार्य के दौरान पलटा 400 टन का क्रेन

**मुंबई।** मुंबई में मेट्रो लाइन 2B के निर्माण कार्य के दौरान बुधवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के पास एशियन हार्ट हॉस्पिटल जंक्शन के नजदीक काम कर रहा 400 टन क्षमता वाला मोबाइल क्रेन अचानक पलट गया। यह क्रेन प्री-कास्ट बीम उठाने का काम कर रहा था, तभी अचानक तकनीकी खराबी आने से यह हादसा हुआ। यह काम ठेकेदार कंपनी जे कुमार इन्फ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा था, जबकि परियोजना की निगरानी मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी कर रही है। अच्छी बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी तरह की चोट या जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही MMRDA के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

# अमेरिका को सीधे चुनौती दे रहा ईरान, चीन के बाद होर्मुज से गुजरे दो और जहाज

**लंदन।** अमेरिकी पाबंदियों के बावजूद दो मालवाहक जहाज अपनी पहचान छिपाकर ईरान के बंदरगाहों तक पहुंच गए। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने पाबंदी तोड़ने वाले जहाजों को पूरी तरह नष्ट करने की चेतावनी दी है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अमेरिकी पाबंदी के बावजूद दो मालवाहक जहाज ईरान के बंदरगाहों तक पहुंचने में सफल रहे। ब्रिटिश शिपिंग मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन जहाजों ने पकड़े जाने से बचने के लिए अपने स्वचालित पहचान प्रणाली (एआईएस) के डेटा में चालाकी से बदलाव किया था। ब्रिटिश मीडिया संस्थान लॉयड लिस्ट ने बताया कि जब से अमेरिका ने ईरान आने-जाने वाले जहाजों पर पाबंदी लगाई है, तब से कुछ जहाज अपनी मंजिल की जानकारी बदल रहे हैं। ईरान के झंडे वाले दो कंटेनर जहाजों ने पहले अपनी मंजिल दक्षिणी ईरान का बंदर अब्बास बंदरगाह बताया था। लेकिन नाकेबंदी शुरू होते ही उन्होंने अपने संदेश को बदलकर पीजी पोर्ट्स (फारस की खाड़ी के बंदरगाह) कर दिया। इस चालाकी की मदद से वे मंगलवार को सफलतापूर्वक बंदर अब्बास पहुंच गए।

जानकारों का कहना है कि जहाजों के इस कदम से अमेरिकी खुफिया तंत्र के लिए जानकारी जुटाना मुश्किल हो जाएगा। अब इन जहाजों को ट्रैक करने के लिए अमेरिका को और ज्यादा संसाधनों की जरूरत पड़ेगी।

दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने मंगलवार को बताया कि इस मिशन में 10,000 से ज्यादा सैनिक तैनात हैं। इनमें नाविक, मरीन और वायु सैनिक शामिल हैं। इस घेराबंदी में एक दर्जन से ज्यादा युद्धपोत और दर्जनों विमानों की मदद ली जा रही है। अमेरिका का कहना है कि वे बिना किसी भेदभाव के हर देश के जहाज को रोक रहे हैं। कमांड ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि छह व्यापारिक जहाजों ने उनके आदेश को माना और वे ओमान की खाड़ी की ओर वापस मुड़ गए।

अमेरिकी सेना का दावा है कि पहले 24 घंटों में कोई भी जहाज उनकी नाकेबंदी को पार नहीं कर पाया। यह पाबंदी फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के सभी ईरानी तटीय इलाकों पर लागू है। हालांकि, समुद्री डेटा फर्म केप्लर का कहना है कि सोमवार से अब तक कम से कम नौ व्यापारिक जहाजों ने इस रास्ते को पार किया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इलाके में अमेरिका के कम से कम 15 युद्धपोत मौजूद हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर ईरान का कोई भी जहाज अमेरिकी नाकेबंदी के करीब आता है, तो उसे तुरंत खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इन जहाजों के खिलाफ वैसी ही कार्रवाई करेंगे जैसी समुद्र में ड्रग तस्करों के खिलाफ की जाती है।

बता दें कि 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद से इस समुद्री रास्ते पर जहाजों की आवाजाही बहुत कम हो गई है। पहले यहां से रोजाना 100 से ज्यादा जहाज गुजरते थे, जो अब घटकर 10 प्रतिशत से भी कम रह गए हैं।

# अंडमान के समुद्र में नाव डूबी, 250 लापता की तलाश जारी; कई रोहिंग्या-बांग्लादेशी भी शामिल



**अंडमान।** यूएनएचसीआर ने इस घटना को रोहिंग्याओं के दीर्घकालिक विस्थापन और स्थायी समाधानों की अनुपस्थिति के गंभीर परिणामों की झलक बताया। एजेंसी ने कहा कि यह त्रासदी म्यांमार में विस्थापन के मूल कारणों को संबोधित करने और रोहिंग्याओं को स्वेच्छा से और सुरक्षित रूप से घर लौटने की अनुमति देने के लिए तत्काल आवश्यक प्रयासों की याद दिलाती है। अंडमान सागर में रोहिंग्या शरणार्थियों और बांग्लादेशी नागरिकों को ले जा रही एक नौका के पलटने से लगभग 250 लोगों के लापता होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने मंगलवार को इस दुखद घटना की पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने एक बयान में कहा कि यह नौका दक्षिणी बांग्लादेश के टेक्नाफ से मलेशिया के लिए रवाना हुई थी। भारी हवाओं, उबड़-खाबड़ समुद्र और अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण यह नौका डूब गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नौका में लगभग 280 लोग सवार थे और इसने चार अप्रैल को बांग्लादेश छोड़ा था।

हादसे में लापता लोगों में कई बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बोट पर बड़ी संख्या में रोहिंग्या सवार थे। संभावना है कि इस नौका में सवार रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में स्थित विशाल शिविरों से भागने की कोशिश कर रहे थे, जहां म्यांमार के रखाइन प्रांत से विस्थापित एक मिलियन से अधिक शरणार्थी दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। बांग्लादेश तटरक्षक बल (क्ष्ट्त) ने बताया कि नौ अप्रैल को इंडोनेशिया जा रहे उसके एक जहाज ने समुद्र से नौ लोगों को बचाया, जिनमें एक महिला भी शामिल थी। क्ष्ट्त के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कमांडर सब्बीर आलम सुजान ने एएफपी को बताया कि बांग्लादेशी ध्वजवाहक एम.टी. मेघना प्राइड ने अंडमान द्वीपों के पास गहरे पानी में कुछ लोगों को तैरते हुए देखा और उन्हें बचाया। बचाए गए लोगों को बाद में बांग्लादेश तटरक्षक बल के गश्ती जहाज मंसूर अली को सौंप दिया गया।

बचाए गए लोगों में से एक रफीकुल इस्लाम (40) ने अपनी दर्दनाक आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि तस्करों ने उन्हें मलेशिया में नौकरी का वादा करके नौका पर चढ़ाया था। उन्हें टेक्नाफ के एक घर में 20-25 अन्य लोगों के साथ अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया था। रफीकुल ने बताया कि नौका चार दिन यात्रा करने के बाद पलट गई और वे लगभग 36 घंटे तक समुद्र में तैरते रहे, जब तक कि उन्हें बचा नहीं लिया गया।

# कनाडा में कार्नी के पास अब 174 की ताकत: संसद में बुनियाद मजबूत होते ही लिया बड़ा फैसला



**कनाडा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के पास अब 174 सांसदों का समर्थन है। लिबरल पार्टी की इस सरकार ने हाउस ऑफ कॉमन्स में बहुमत साबित कर दिया है। संसद में बुनियाद मजबूत होते ही कार्नी सरकार ने जनता को 120 से अधिक दिनों की राहत देते हुए 7 सितंबर तक फ्यूल टैक्स न लेने का फैसला लिया है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बहुमत सरकार बनाने के बाद ईंधन कर निलंबित कर दिया। यह निर्णय ईरान युद्ध के जवाब में लिया गया है, जिससे ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। संघीय ईंधन उत्पाद शुल्क अगले सोमवार से सात सितंबर तक निलंबित रहेगा, जिससे लागत कम होगी। कार्नी ने इसे एक जिम्मेदार और अस्थायी उपाय बताया, जो ट्रक चालकों व व्यवसायों को लाभ देगा। उनकी लिबरल पार्टी के पास अब हाउस ऑफ कॉमन्स में 343 में से 174 सीटें हैं। पिछले साल के चुनाव के बाद खाली हुए तीन जिलों में जीत से उन्हें बहुमत मिला। कनाडा के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई सरकार अल्पमत से बहुमत में आई है। सोमवार के नतीजों के बाद लिबरल पार्टी 2029 तक सत्ता में रह सकती है।

कार्नी सामर्थ्य, आवास और आर्थिक परियोजनाओं में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। मतदाताओं ने उनकी सरकार की योजना पर भरोसा जताया। कार्नी ने पिछले साल ट्रंप की विलय धमकियों पर जनता के गुस्से से चुनाव जीता। उन्होंने कनाडा की अमेरिका पर निर्भरता कम करने का संकल्प लिया है। विपक्षी दलों से पांच दलबदल, जिनमें चार कंजर्वेटिव पार्टी से थे, ने लिबरल पार्टी को बहुमत के करीब पहुंचाया। एक दलबदलू ने दावोस में कार्नी के विश्व आर्थिक मंच भाषण का उल्लेख किया। उस भाषण में, कार्नी ने छोटे देशों पर बड़ी शक्तियों के आर्थिक दबाव की निंदा की और प्रशंसा पाई। टोरंटो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने कहा कि ट्रंप कार्नी के प्रधानमंत्री बनने में मुख्य कारक रहे। उनके विश्व मंच पर प्रदर्शन ने भी लोकप्रियता बढ़ाई।

प्रोफेसर ने बताया कि कनाडाई लोगों को दावोस में उनका अच्छा स्वागत पसंद आया। वे नए गठबंधन, निवेश व व्यापार समझौतों की तलाश में विदेश यात्राओं से प्रभावित हुए। कार्नी ने पिछले सितंबर तक 13 देशों का दौरा किया था।

# पहली बार सैनिकों का रोबोटों के समक्ष सरेंडर; जेलेंस्की का दावा

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि उनकी सेना के ड्रोन और ग्राउंड रोबोटिक सिस्टम्स ने बिना किसी मानव सैनिक के एक रूसी सैन्य ठिकाने पर कब्जा कर लिया। इस ऑपरेशन में दुश्मन सैनिकों को रोबोटों के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ा, जो युद्ध इतिहास में एक नई घटना मानी जा रही है।

रूस-यूक्रेन युद्ध अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है जहां विज्ञान-कथाएं हकीकत बनती दिख रही हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने खुलासा किया है कि उनकी सेना के ग्राउंड रोबोटिक सिस्टम्स व ड्रोन ने मिलकर एक रूसी सैन्य ठिकाने पर कब्जा कर लिया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरी सैन्य कार्रवाई में यूक्रेन का एक भी सैनिक शामिल नहीं था और दुश्मन सैनिकों को रोबोटों के आगे आत्मसमर्पण करने पर मजबूर होना पड़ा। विश्व के किसी भी युद्ध में यह ऐसी पहली घटना मानी जा रही है। हालांकि उन्होंने उस स्थान का खुलासा नहीं किया, जहां इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

यदि जेलेंस्की का यह दावा पूरी तरह सही है, तो यह भविष्य की जंग की एक जीवंत मिसाल बन सकता है। जेलेंस्की के सलाहकार अलेक्जेंडर कामिशिन के मुताबिक आने वाले समय में अनमैन्ड ग्राउंड व्हीकल युद्ध की पूरी तस्वीर बदल देंगे। फिलहाल यूक्रेन की 30 प्रतिशत पैदल सेना को तत्काल रोबोट से बदला जा सकता है।

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा कि इस ऑपरेशन को पूरी तरह से मानव रहित प्लेटफॉर्म ने अंजाम दिया। किसी भी यूक्रेनी सैनिक की जान जोखिम में नहीं डाली गई और बिना किसी नुकसान के दुश्मन पर कब्जा कर लिया गया।

# ईरान ने सैटेलाइट की मदद से दुश्मन के ठिकानों पर बरसाए बम



**ईरान।** फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने 2024 में चीन से TEE-01क्क जासूसी सैटेलाइट हासिल किया और इसका इस्तेमाल पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों की निगरानी के लिए किया। लीक दस्तावेजों में दावा है कि सैटेलाइट ने हमलों से पहले और बाद की तस्वीरें लीं, जिनमें सऊदी अरब, जॉर्डन, बहरीन और इराक के ठिकाने शामिल हैं।

पश्चिम एशिया में हालिया युद्ध के बीच ईरान की सैन्य क्षमताओं को लेकर एक अहम और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने गुप्त रूप से चीन से एक जासूसी सैटेलाइट हासिल किया, जिसके जरिए उसने पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों की निगरानी की और हमलों के लिए रणनीतिक जानकारी जुटाई।

फाइनेंशियल टाइम्स की बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, ञ्रश्वश्व-01क्क नाम का यह सैटेलाइट चीनी कंपनी अर्थ आई को. द्वारा तैयार किया गया और चीन से ही लॉन्च किया गया था। इसे 2024 के अंत में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एयरोस्पेस फोर्स ने अपने नियंत्रण में लिया।ठ्ठ रिपोर्ट में लीक हुए ईरानी सैन्य दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया गया है कि आईआरजीसी के कमांडरों ने इस सैटेलाइट को सीधे निर्देश देकर पश्चिम एशिया में मौजूद प्रमुख अमेरिकी सैन्य ठिकानों की निगरानी करवाई। दस्तावेजों में समय-चिह्नित कोऑर्डिनेट्स, सैटेलाइट इमेजरी और ऑर्बिटल एनालिसिस शामिल हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि निगरानी बेहद व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से की गई।

बताया गया है कि सैटेलाइट से ली गई तस्वीरें मार्च महीने में उन ठिकानों की हैं, जहां ड्रोन और मिसाइल हमले हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों से पहले और बाद की तस्वीरों का विश्लेषण भी किया गया, जिससे यह समझा जा सके कि हमले कितने प्रभावी रहे। हालांकि, रॉयटर्स इस रिपोर्ट की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका है, जिससे इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस समझौते के तहत ईरान को बीजिंग स्थित सैटेलाइट कंट्रोल और डेटा सर्विस देने वाली कंपनी एम्पोसैट के कमर्शियल ग्राउंड स्टेशनों तक पहुंच भी दी गई।

# अवैध रास्ता निर्माण व फसल बर्बादी से पीड़ित किसान

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** तहसील पैलानी क्षेत्र के ग्राम सांडी से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक किसान ने खदान संचालकों और कथित माफियाओं पर उसकी निजी भूमि पर जबरन अवैध रास्ता बनाने और फसल नष्ट करने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अलोना निवासी छोटा पुत्र फकीरे सिंह ने प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी भूमि ग्राम सांडी में गाटा संख्या 1131 व 1141 स्थित है। आरोप है कि खदान संचालक एवं पंकज चतुर्वेदी (निवासी खप्टिहाकलां) द्वारा रास्ता बनाने के लिए 90 हजार रुपये में सहमति बनी थी, लेकिन केवल 10 हजार रुपये ही दो किस्तों में दिए गए। शेष 80 हजार रुपये मांगने पर आरोपियों द्वारा गाली-गलौज और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि तय शर्तों के विपरीत उसकी बिना अनुमति के खड़ी फसल को नष्ट कर दिया गया और खेत में नदी से निकला बजरा डाल दिया गया, जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता प्रभावित हो गई है। जबकि समझौते के तहत केवल मिट्टी डालने की बात हुई थी। इसके अलावा किसान ने बताया कि उसके अन्य गाटा संख्या 1142 व 166 (खादर भूमि) पर भी बिना किसी अनुमति के अवैध रास्ता बनाकर खनन कार्य शुरू कर दिया गया और वहां भी उसकी फसल को मशीनों से बर्बाद कर दिया गया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने खुद की ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए धमकी दी कि उसे कोई पैसा नहीं मिलेगा और विरोध करने पर फर्जी मुकदमों में फंसा दिया जाएगा। किसान ने प्रशासन से मांग की है कि उसकी भूमि से अवैध रूप से बनाया गया रास्ता हटवाया जाए, बकाया धनराशि दिलाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## युवक को डिजिटल अरेस्ट कर 16 लाख की ठगी

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर निवासी एक युवक को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर उसके खाते से 16 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने पीड़ित राष्ट्रीय सुरक्षा के गंभीर मामले का दोषी बता कर डिजिटल अरेस्ट कर वारदात को अंजाम दिया है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर निवासी लक्ष्मी कांत तिवारी ने साइबर थाने की पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 मार्च 2026 को कॉल बताया कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के गंभीर केस में फंस गया है। इसके बाद ठगों ने पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट कर कहा कि ऑनलाइन माध्यम से अपने सभी म्यूचुअल फंड और एफडी की रकम एक सुरक्षित खाते में ट्रांसफर कर दे। इस पर पीड़ित ने अलग तारीखों में कुल 16 लाख रुपये तीन किश्तों में ट्रांसफर कर दिए। जिनमें 25 मार्च को 3 लाख, 27 मार्च को 4 लाख और 30 मार्च को 9 लाख रुपये शामिल है। बाद में जब उसे ठगी का एहसास हुआ तो उसने साइबर पुलिस को सूचना देकर एफआईआर दर्ज कराई है। साइबर पुलिस ने खातों और मोबाइल नंबरों के आधार पर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व राज्यमंत्री के रिश्तेदार के 18 लाख की चोरी

**पड़ोसियों ने घेरा तो बदमाशों ने ताना तमंचा, धमकी देकर फरार**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** बसपा सरकार में राज्य मंत्री रहे और वर्तमान में भाजपा नेता बाबूलाल भंवरा के समधी के घर से चोर 18 लाख का माल ले उड़े। मंगलवार देर रात आहट मिलने पर पड़ोसियों ने चोरों को घेरने की कोशिश की तो उन्होंने असलहा तान दिया। इसके बाद गोली मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना झूंसी थाना क्षेत्र में हुई।

नवाबगंज के रहने वाले बाबूलाल भंवरा बसपा सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे। 2024 में उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली। झूंसी के हवेलिया में रहने वाले कमला शंकर सरोज पूर्व राज्य मंत्री के समधी हैं। कमला शंकर सरोज की बेटी पूर्व राज्यमंत्री की बहू है। वह पीडब्ल्यूडी के कॉन्ट्रैक्टर हैं। पूर्व राज्य मंत्री ने बताया, 12 अप्रैल को समधी के पिता का निधन होने के कारण पूरा परिवार गांव चला गया था। इस दौरान उनके मकान में ताला बंद था। इसी बात की भनक बदमाशों को लग गई और उन्होंने मौके का फायदा उठाते हुए देर रात करीब एक बजे घर पर धावा बोल दिया।

बदमाशों ने पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा और फिर अंदर घुसकर कमरों की तलाशी शुरू कर दी। घर में रखी अलमारियों और लॉकर को खंगालते हुए नकदी, जेवरात समेत करीब 18 लाख रुपये का सामान समेट लिया। इसमें 2.26 लाख कैश और जेवर शामिल हैं।

घटना के दौरान पड़ोस में रहने वाले लखनऊ में तैनात एक दरोगा ड्यूटी से वापस लौटे। घर के पास हलचल और आवाजें सुनकर उन्हें शक हुआ। उन्होंने तुरंत अपने परिवार और आसपास के लोगों को बुलाया।

जब लोगों ने बदमाशों को घेरने की कोशिश की, तो वे भागने लगे। इसी दौरान एक बदमाश ने पलटकर असलहा निकाल लिया और सीधे लोगों की ओर तान दिया। अचानक सामने हथियार देख लोग ठिठक गए और डर के कारण पीछे हट गए। इसका फायदा उठाकर बदमाश मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि रातभर पुलिस सिर्फ खानापूर्ति करती रही। न तो मौके पर डॉग स्क्वाड बुलाया गया और न ही फॉरेंसिक टीम पहुंची। सुबह तक भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी फैल गई।

वारदात की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री बाबूलाल भंवरा का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने सीधे पुलिस कमिश्नर को फोन कर पुलिस की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई और जल्द से जल्द बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की। इस मामले में झूंसी एसएचओ से बात करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# बाबा साहेब के सम्मान में गूंजा गिरवां खत्रीपहाड़

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जनपद के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिरवां खत्रीपहाड़ में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को समर्पित 'सम्मान अभियान 2026' के तहत एक भव्य एवं प्रेरणादायक विधानसभा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में गरिमामयी उपस्थिति देखने को मिली।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अम्बरीष कुमारी रहीं। उनके साथ जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममनी वर्मा, पूर्व विधायक राजकरण कबीर, ब्लॉक प्रमुख महुआ उर्मिला कबीर, जिला उपाध्यक्ष राजभवन उपाध्याय एवं कार्यक्रम संचालक व जिला पंचायत सदस्य सदाशिव अनुरागी सहित कई गणमान्य अतिथियों ने मंच की शोभा बढ़ाई।

संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया। साथ ही समाज के सभी वर्गों से उनके आदर्शों को अपनाकर सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महुआ प्रेमस्वरूप द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष बिसंडा विनय कुशवाहा, बांदा नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष संतोष राजपूत, चेयरमैन बिसंडा कन्हैया लाल, वरिष्ठ नेता रामपाल प्रजापति, पूर्व प्रधान गंगादीन वर्मा, राममिलन वर्मा, मूलचंद वर्मा सहित समस्त पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस संगोष्ठी के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम ने क्षेत्र में एक सकारात्मक सामाजिक संदेश देते हुए नई ऊर्जा का संचार किया।

## महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति ने मनाई डॉ अम्बेडकर जयंती



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति ने वाल्मीकि कल्याण मंडप, फूल वाली पार्क में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों, महिलाओं तथा समाजसेवियों के लिए सम्मान समारोह, मैराथन दौड़, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और अंबेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पार्षद प्रमोद राजन, पूर्व पार्षद सगीर खान, अंबेडकर महासभा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रचना चंद्रा व महेश चंदेवा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। दौड़ प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को मोमेंटो व सर्टिफिकेट दिए गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समिति के अध्यक्ष पुजारी राजेश वाल्मीकि ने बाबा साहेब के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे उन्होंने कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने कहा डॉ. अंबेडकर जयंती को भीम जयंती या समानता दिवस के रूप में भी मनाते हैं। यह भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता और समाज सुधारक की जयंती है।

## फ्यूजन स्पोर्ट्स एकेडमी की इलमा और असद ने जीते पदक



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** फ्यूजन स्पोर्ट्स एकेडमी की इलमा कैसर एवं असद अली ने 23वीं जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया। वशिष्ठ वात्सल्य पब्लिक स्कूल में 12 अप्रैल को सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें फ्यूजन एकेडमी की खिलाड़ियों ने इलमा क़ैसर ने शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक जीता, जबकि असद अली ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने अकादमी के कोच एवं खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## एएस हनुमानगंज क्लब फाइनल में

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** एएस हनुमानगंज क्लब ने विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को 14 रन से हराकर पांचवी केएस स्पोर्ट्स ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली। चक हरिहर वन झूसी मैदान पर बुधवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में एएस हनुमानगंज क्लब ने 30 ओवर में चार विकेट पर 180 रन (प्रेरक पाल 46, शिवेंद्र सिंह 41, अर्पित राय 34 नाबाद, कार्तिकेय राय 20, ईशान सिंह 2/29, शिवम यादव 1/08, मृत्युंजय सिंह 1/29) बनाए। जवाब में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब की टीम 30 ओवर में 6 विकेट पर 166 रन (हनी सिंह 57, शिवम केसरवानी 41, अक्षत निषाद 23, निर्भय वर्मा, मयंक यादव, प्रेरक पाल, अनुभव गुप्ता व शिवेंद्र सिंह एक-एक विकेट) ही बना सकी। प्रेरक पाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## प्रांजल ने एमआईसी बी को दिलाई जीत



प्रांजल सिंह

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** प्रांजल सिंह के अर्धशतक (74 रन, 55 गेंद, नौ चौके, एक छक्का) की बदौलत एमआईसी बी ने सेंट जोसेफ क्लब को 22 रन से हराकर डीआरएम कप अंडर-14 कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। डीएसए मैदान पर मंगलवार रात खेले गए मैच में एमआईसी बी ने 22 ओवर में 147 रन (प्रांजल सिंह 74, मोहम्मद शायान 26, रिदान 14, कृष्णम पांडेय, सौरव तिवारी, अथर्व त्रिपाठी, आबान अहमद, अल्तमश, नीरव अग्रवाल एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में सेंट जोसेफ क्लब की टीम 22 ओवर में 6 विकेट पर 125 रन (सौरव तिवारी 32 नाबाद, सिद्धार्थ अग्रवाल 30, अल्तमश 24, आरुष पाल 3/32, मोहम्मद हमजा खान, मोहम्मद शायान, मोहम्मद यूसुफ एक-एक विकेट) ही बना सकी। प्रांजल सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## होमगार्ड्स परीक्षा के सम्बन्ध में डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तर पर परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि लिखित परीक्षा 25 अप्रैल 2026, 26 अप्रैल 2026 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रत्येक दिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संपन्न होगी। जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जिससे परीक्षा की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों, सहायक केंद्र व्यवस्थापकों एवं परीक्षा सहायकों की भी नियुक्ति कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। प्रति पाली 8400 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें तथा परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानंद झा संबंधित विभागों के अधिकारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

# महिलाओं की भागीदारी के लिए सरकार का सशक्त कदमः मनोरमा

**नारी शक्ति वंदन एक्ट के समर्थन में हुआ मेगा हस्ताक्षर अभियान**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार-प्रसार के अंतर्गत एक भव्य मेगा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और महिलाओं के सम्मान, समानता एवं अधिकारों के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जौनपुर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मनोरमा मौर्या में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 देश में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु आगे आएं और सकारात्मक सोच का प्रसार करें।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव केश लाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है।

मिशन शक्ति समन्वयक डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के लागू होने से महिलाओं की राजनीति में 33 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित होगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जब महिलाएं नेतृत्व करेंगी, तो महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे भारत की संसद में प्रभावी रूप से उठाए जा सकेंगे।

कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी डॉ. मनोज पांडे, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के कार्यक्रम अधिकारी शशिकांत यादव, डॉ. प्रियंका, डॉ. वनिता सिंह एवं सोनम झा सहित अन्य प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस अभियान को समय की आवश्यकता बताया और अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान दिव्यांशु सिंह, सुमित सिंह, पृथ्वी राज सिंह, मोनू कुमार, अंश मौर्य, तनु सिंह, कन्हैया यादव एवं अर्पिता यादव सहित अन्य छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और आयोजन को व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में योगदान दिया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार को लेकर पदयात्रा निकाली गई



**बाँदा। (अवधनामा संवाददाता)** शिवदर्शन महाविद्यालय, जसईपुर तिन्दवारी, बाँदा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से एक जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनीत कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कल्याणपुर से माटा तक निकाली गई। पदयात्रा में महाविद्यालय की छात्राओं तान्या, पूनम, अफसाना, श्वेता, अनामिका, अंजली सहित अन्य छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं आयुष, कमल, अजय, सुरजीत सहित छात्रों ने भी पूरे उत्साह के साथ नारों के उद्घोष करते हुए सहभागिता निभाई। पदयात्रा का समापन प्राथमिक विद्यालय (कम्पोजिट) माटा में किया गया, जहां रामभवन, मंजू एवं बुद्धविलास ने नारी शक्ति वंदन के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान लगभग 100 लोगों की उपस्थिति में मानव श्रृंखला बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण शैलेन्द्र सिंह, विकास, विजय बहादुर, दिनेश, सुधीर सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य के निर्देशानुसार किया गया।

## भीमराव आंबेडकर जयंती पर मंत्री अनिल कुमार ने किया प्रतिमा लोकार्पण



**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** फसल की पैदावार का ऑकलन करने के लिए शासन के निर्देशानुसार रैण्डम तौर पर खेत का चयन कर क्रॉप कटिंग कराकर उपज का ऑकलन कराया जाता है, इसी क्रम मे आज तहसील सदर के ग्राम देवामई में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने गाटा संख्या-559 रकवा 05 बीघा कृषक रघुवीर सिंह के खेत में खड़ी गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग अपनी देख-रेख में करायी। उन्होने खेत में जाकर सी.सी.ई. एग्री ऐप का उपयोग कर निर्धारित क्षेत्रफल में अपने सामने गेहूं की कटाई कराकर वास्तविक उत्पादन परखा, क्रॉप कटिंग निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य फसलों की वास्तविक उपज दर का सटीक ऑकलन करना है ताकि उत्पादन की सही जानकारी मिल सके। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगों को आदेशित करते हुए कहा कि सभी क्रॉप कटिंग, प्रयोग समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जायें ताकि फसलों की सही उत्पादकता की जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होने ग्राम के अन्य खेतों का भी जायजा लिया और ग्रामीणो से सीधे संवाद कर गेंहू उत्पादन के बारे मे जानकारी प्राप्त की। इस दौरान तहसीलदार सदर हरेंश कर्दम, अपर सांख्यिकी अधिकारी राजेंद्र चौहान, राजस्व निरीक्षक बृजेश राठौर, क्षेत्रीय लेखपाल मनोज गुप्ता, अनिल सक्सैना, ग्राम प्रधान विपिनेंद्र सिंह चौहान, ग्रामवासी समोद कुमार, राम शंकर आदि उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारी में जुटे ब्राह्मण संगठन

**शोभायात्रा को लेकर कार्यालय कैंप पर हुई वृहद बैठक**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के कार्यालय कैंप नाथ निकेतन नाहरपुर पर संगठन की एक बैठक जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि चारों गांव स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर के प्रांगण में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर मंदिर के संस्थापक पुजारी सुनील शास्त्री के द्वारा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार दुबे की अगुवाई में मंदिर पर भगवान का पूजन अर्चन एवं हवन करते हुए रथ और डीजे के साथ दिव्य शोभा यात्रा निकली जाएगी वहीं मीडिया प्रभारी अमित पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शोभायात्रा हर वर्ष की भांति अक्षय तृतीया के दिन 19 अप्रैल 2026 को सुबह 10:00 बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा की शुरुआत होगी और सेनपुर ठेंगहा गद्दोपुर महराजगंज लोहिंदा होते हुए तेजीबाजार के रास्ते जमदग्नि पार्क कुल्हनामऊ स्थित भगवान श्री परशुराम की दिव्य प्रतिमा का दर्शन करते हुए शोभायात्रा नगर में प्रस्थान करेगी समापन कृषि भवन पॉलिटेक्निक पर पूर्व की तरह किया जाएगा जिसमें जिले भर के ब्राह्मण संगठन इकट्ठे होंगे वही संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष श्याम मिश्रा के नेतृत्व में संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्तागण शोभायात्रा को सफल बनाने में लगे हुए हैं। बैठक के दौरान कुछ नए सदस्यों का चयन किया गया जिन्हें सदस्यता ग्रहण कराई गई और उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया जिनमें लालचंद गिरी, सुरेंद्र पाण्डेय अकेला बाबा रहे। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार दुबे, राजेंद्र मिश्र, सुरेंद्रनाथ तिवारी, नागेंद्र मिश्र वशिष्ठ, अरुण पाठक, जगदीश उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष श्याम मिश्र,पंकज उपाध्याय, दीपक मिश्र, अमरपाल तिवारी, रमेश मिश्र, कल्पनाथ उपाध्याय, संदीप मिश्र, राजेश उपाध्याय, निलेश मिश्रा,इंद्रेश मिश्र, लालन दुबे, भैया लाल उपाध्याय, सुभाष चंद्र उपाध्याय, संतोष मिश्र, नवीन उपाध्याय, रंकज मिश्र, दुर्गेश मिश्रा, आशीष कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

## मारपीट की घटना में पति पत्नी सहित पांच गिरफ्तार

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के नाथुपुर चौराहे के पास मंगलवार को मारपीट की घटब में पति पत्नी सहित पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सभी का चालान भेज दिया गया। बक्सा क्षेत्र के हकारीपुर गांव निवासी पवन चौहान अपनी पत्नी अनुपमा चौहान के साथ नाथुपुर चौराहे के पास किराये के कमरे में रहता है। मंगलवार की सुब्रह अनुपमा तथा पवन के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ।

पवन ने पत्नी को पीट कर घायल कर दिया। इस मारपीट की घटना को उसकी पड़ोस में बतौर किराएदार रहने वाली पूजा पत्नी मनेंद्र निवासी गांव गौधा थाना रायपुर जनपद अलीगढ़ ने अनुपमा के मायके वालों को मोबाइल से सूचना दे दिया। जिसके बाद अनुपमा चौहान के अभिजीत चौहान पुत्र उदय चौहान निवासी इशानपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर अपने मित्र हिमांशु यादव पुत्र दिनेश यादव के साथ नाथुपुर आ गए। उन लोगो के आने के बाद पवन के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसी समय वहां मौजूद प्रद्युम्न चौहान को पता चला कि घटना की जानकारी पूजा ने ही मायके के लोगो को दिया है।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार 10 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार

**आजमगढ़ (अवधनामा ब्यूरो)।** थाना अहरौला - थानाध्यक्ष अहरौला अमित कुमार मिश्र मय हमराह तथा चौकी प्रभारी माहुल उ0नि0 यश सिंह पटेल मय हमराह द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ग्राम कटाईचवर नहर फाटक के पास से 01 बैग में 10 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में 1. अक्षय कुमार पुत्र स्व0 सुदर्शन निवासी पंचखण्डा थाना मसरख जनपद छपरा (बिहार) उम्र करीब 23 वर्ष एवं 2. रवि कुमार पुत्र दशरथ राम निवासी गंडामन थाना मसरख जनपद छपरा (बिहार) उम्र करीब 24 वर्ष शामिल हैं। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना अहरौला पर मु0अ0सं0- 95/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# महाकवि हरिऔध ने आजमगढ़ को गौरवान्वित किया : नरेन्द्र कुमार

अवधनामा ब्यूरो



**आजमगढ़।** नगरपालिका स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हरिऔध साहित्य सेवा संस्थान और नेहा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में महाकवि अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध के 161वें जन्मदिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एस. डी. एम. सदर नरेन्द्र कुमार गंगवार और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष इंदिरा देवी जायसवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में एस. डी. एम. सदर नरेन्द्र कुमार गंगवार ने कहा कि हरिऔध जी ने खड़ी बोली में प्रथम महाकाव्य प्रिय प्रवास की रचना कर आजमगढ़ को गौरवान्वित किया। इसके अलावा विभिन्न साहित्य ग्रंथों की उनकी रचनाएं अद्वितीय हैं। अध्यक्षता करते हुए हरिऔध साहित्य संस्थान के अध्यक्ष पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने कहा कि हरिऔध जी महा मानवतावादी एवं विश्व मैत्री के कवि थे। उन्होंने हिंदी में अनेक महत्वपूर्ण महाकाव्य , नाटक, उपान्यास आदि रचनाओं से विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। कवि सम्राट और साहित्य वाचस्पति की उपाधि से अलंकृत हरिऔध के नाम के बगैर हिन्दी साहित्य अपूर्ण है। वरिष्ठ साहित्यकार बिंध्यवासिनी प्रसाद श्रीवास्तव अकेला ने कहा कि हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में हरिऔध जी की ख्याति वंदनीय है। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए संस्थान के महामंत्री संजय कुमार पाण्डेय सरस ने अपने शेरो शायरी से लोगों का मन जीत लिया।

प्रसिद्ध शायर ताज आजमी, और श्रेया दुबे ने काव्यपाठ कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम के संयोजक रवि कुमार जायसवाल ने स्वागत एवं मनोज कुमार पांडेय सी. ए. ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनीता सिंह, संजय सिंह,रमाकांत यादव,अरविंद अरविंद चित्रांश, राजेश रंजन,नीरज सिंह, सुशील श्रीवास्तव,अमरनाथ गौतम, राजेश श्रीवास्तव, जवाहर पाठक, आत्मा तिवारी, अमरेंद्र राय, आशीष राय, गिरीश सेठ,प्रवीण चौबे, गौतम कुमार, विपिन कुमार, अशोक, विजय कुमार पांडेय, पवन कुमार मिश्रा, ज्ञानेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# जीडी ग्लोबल स्कूल में प्रतिभा अलंकरण का भव्य सम्मान



अवधनामा ब्यूरो

**आजमगढ़।** जी.डी. ग्लोबल स्कूल में सत्र 2025-26 के लिए प्रतिभा अलंकरण का भव्य सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल एवं कार्यकारी निदेशक श्री श्रीश अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली भुस्कुटे द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण आध्यात्मिक हो उठा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वाद्य यंत्र संगीत एवं समूह गीतों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा III से VIII के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक गीत 'मुश्किल हमें रोकना' ने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का संदेश दिया। वहीं, विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। सम्मान समारोह के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रावीण्य पुरस्कार के तहत अंग्रेज़ी एवं हिंदी वक्तृत्व, गणित, अनुशासन, कला, संगीत, नृत्य एवं खेल क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका, प्रबंधक एवं कार्यकारी निदेशक ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि विद्यार्थियों को सबसे अधिक अपने माता-पिता के सहयोग की आवश्यकता होती है। उनके सहयोग से ही यह सफलता सुनिश्चित होती है। प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को कौशल संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि अंक उतने महत्वपूर्ण नहीं होते, जितना कि कौशल महत्वपूर्ण होता है।

# टाटा मोटर्स ने अपने लखनऊ प्लांट में 10 लाख कमर्शियल गाड़ियों के प्रोडक्शन का माइलस्टोन हासिल किया

**लखनऊ।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड ने आज एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। कंपनी के लखनऊ प्लांट से 10 लाखवें कमर्शियल वाहन को रोल-आउट किया गया। यह महत्वपूर्ण पड़ाव उत्तर प्रदेश में टाटा मोटर्स की साढ़े तीन दशकों से अधिक की उपस्थिति और औद्योगिक उत्कृष्टता, आर्थिक विकास, कौशल विकास व रोजगार सृजन में इसके योगदान को दर्शाता है।

ऐसे समय में जब भारत का कमर्शियल वाहन उद्योग साफ-सुथरी, स्मार्ट और ज्यादा कुशल तकनीक की ओर बढ़ रहा है, यह उपलब्धि भविष्य की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को आकार देने में टाटा मोटर्स की अग्रणी भूमिका को रेखांकित करती है। यह 10 लाखवां वाहन एक जीरो-एमिशन (शून्य उत्सर्जन) इलेक्ट्रिक बस है, जो उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा मोटर्स की ग्रीन मोबिलिटी के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है। यह कदम राज्य सरकार के 2070 के नेट-जीरो विजन और कंपनी के 2045 तक नेट-जीरो लक्ष्य

**जश्न**

**उत्तर प्रदेश में इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस और स्किल बिल्डिंग के 35 साल पूरे होने का जश्न मनाया**

के साथ पूरी तरह मेल खाता है।

इस इलेक्ट्रिक बस को उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन श्री एन. चंद्रशेखरन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर माननीय उप-मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, टाटा मोटर्स लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ श्री गिरीश वाघ के साथ कई माननीय मंत्री, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और टाटा मोटर्स के वरिष्ठ नेतृत्व मौजूद रहे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट से 10 लाखवें ट्रक





और बस का तैयार होकर निकलना पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि हमारे राज्य की क्षमताओं, यहाँ की अपार संभावनाओं और यहाँ के प्रतिभाशाली लोगों की पहचान है। हमारा सपना उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है, जिसमें उद्योगों और उद्यमियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। हमारा राज्य बड़े बिजनेस के लिए एक बेहतरीन माहौल देता है, जहाँ बड़ा उपभोक्ता बाजार, कुशल युवा और शानदार कनेक्टिविटी मौजूद है। उत्तर प्रदेश में टाटा मोटर्स की यह सफलता हमारे इकोसिस्टम की मजबूती को दिखाती है। यह जिम्मेदारी से की जा रही औद्योगिक तरक्की को बढ़ावा देने, रोजगार के नए अवसर पैदा करने, कौशल विकास और सामाजिक-आर्थिक विकास के सतत् विकास के प्रति हमारे संकल्प को और मजबूत करती है।

1992 में स्थापित टाटा मोटर्स का लखनऊ प्लांट आज कंपनी के सबसे महत्वपूर्ण कमर्शियल वाहन निर्माण केंद्रों में से एक बन चुका है। यहाँ अंतरराष्ट्रीय स्तर के ट्रक और बसें बनाई जाती हैं, जिनमें शून्य-उत्सर्जन इलेक्ट्रिक और फ्यूल-सेल गाड़ियाँ भी शामिल हैं। लगभग 600 एकड़ में फैला यह प्लांट आधुनिकता के साथ-साथ पर्यावरण और लोगों की भलाई पर भी ध्यान देता है। यहाँ 8,000 से ज्यादा लोगों को आजीविका मिलती है। यह प्लांट 100त्र रिन्यूएबल (नवीकरणीय) बिजली से चलता है और वॉटर पॉजिटिव (पानी की बचत में अग्रणी) है। यह उत्तर प्रदेश में एमएसएमई और सहायक उद्योगों के लिए एक मजबूत सप्लायर नेटवर्क का भी समर्थन करता है।

# शेयर बाजार में बढ़त के साथ क्लोजिंग

## सेंसेक्स 1264 अंक चढ़ा, निफ्टी 24200 के पार

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 1,263.67 अंक बढ़कर 78,111.24 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 लगभग 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 पर पहुंचने में सफल रहा। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को पूरे सत्र के दौरान हरियाली दिखी। आखिरकार सेंसेक्स 1,263.67 अंक बढ़कर 78,111.24 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 लगभग 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 पर पहुंचने में सफल रहा। इस तेज उछाल से बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई, जिससे यह बढ़कर लगभग 458 लाख करोड़ रुपये हो गया। इंडिगो, जोमैटो की मूल कंपनी एटर्नल, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एल एंड टी, एशियन



पेंट्स और अदानी पोर्ट्स के शेयरों में 3-4त्र की तेजी आई और ये सेंसेक्स के शीर्ष लाभ कमाने वाले शेयर रहे। भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ही ऐसे शेयर थे जिनके शेयरों में मामूली गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार में यह बढ़त ऐसे समय पर आई है, जब बाजार में अस्थिरता मापने वाला इंडिया वीआईएक्स 8त्र से अधिक गिरकर 18.76 पर आ गया।

## ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने वर्ष 2026-29 के लिए गवर्निंग बॉडी चुनावों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) ने शासी निकाय की 53वीं बैठक के दौरान सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के बाद वर्ष 2026-29 के लिए अपने आगामी शासी निकाय चुनावों को कराने की औपचारिक घोषणा की है।

यह निर्णय, लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और मजबूत संस्थागत शासन को लेकर इस चैंबर की सतत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ये चुनाव इस संगठन के स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार कराए जाएंगे।

ब्रिक्स सीसीआई अपने आंतरिक शासन की रूपरेखा को निरंतर मजबूत करते हुए ब्रिक्स देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए सतत रूप से समर्पित है।

## मई में लागू हो सकता है भारत-K FTA

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात 4.22 प्रतिशत बढ़कर 860 अरब डॉलर के शानदार स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन पश्चिम एशिया संकट के कारण मार्च महीने में देश के व्यापार को तगड़ा झटका लगा है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा जारी व्यापारिक आंकड़ों के अनुसार, मध्य पूर्व में संघर्ष के चलते मार्च में कुल निर्यात 7.44 प्रतिशत तक गिर गया है। इन वैश्विक चुनौतियों और उतार-चढ़ाव के बीच एक राहत भरी खबर यह है कि भारत और ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता मई महीने में लागू होने की उम्मीद है।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत का व्यापारिक प्रदर्शन कुल मिलाकर सकारात्मक रहा है। देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर) 4.22 प्रतिशत बढ़कर 860 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। अगर इसे अलग-अलग देखा जाए, तो वस्तुओं का निर्यात 1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 441.78 अरब डॉलर रहा, जबकि सेवाओं का निर्यात लगभग 418.31 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। निर्यात के साथ-साथ आयात में भी इजाफा हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025-26 के दौरान कुल आयात 774.98 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो कि पिछले साल के 721.2 अरब डॉलर के मुकाबले अधिक है।

हालांकि सालाना आंकड़े बेहतर हैं, लेकिन हाल ही में पश्चिम एशिया में शुरू हुए संकट ने व्यापार को सीधे तौर पर प्रभावित किया है। इस भू-राजनीतिक तनाव के चलते मार्च महीने में भारत का कुल निर्यात 7.44 प्रतिशत घटकर 38.92 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य सचिव ने स्पष्ट किया कि इस संघर्ष के कारण केवल मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) क्षेत्र में होने वाले निर्यात में 57.95 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। इतना ही नहीं, इस क्षेत्र से आने वाले सामानों यानी आयात में भी मार्च महीने के दौरान 51.64 प्रतिशत की बड़ी कमी आई है।

## किसना ने ललितपुर, उत्तर प्रदेश में अपना एक्सक्लूसिव शोरूम लॉन्च किया

**ललितपुर।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में अपने 27वें एक्सक्लूसिव शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। यह शोरूम स्टेशन रोड पर, प्रेरणा ट्रेडर्स के सामने स्थित है। इस अवसर पर हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, घनश्याम ढोलकिया की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे इस क्षेत्र में किसना की मौजूदगी और सशक्त हुई।

इस भव्य उद्घाटन के उपलक्ष्य में, किसना ने एक विशेष ऑफर की घोषणा की है लॉन्च के दिन डायमंड ज्वेलरी पर अतिरिक्त 5% की छूट का लाभ ग्राहकों को मिलेगा। साथ ही, चल रहे फेस्टिव सीजन के तहत 'अक्षय हैप्पीनेस कैंपेन' के अंतर्गत 'द बिगेस्ट फेस्टिव ऑफर' भी पेश किया गया है, जिसमें डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी पर आकर्षक ऑफर्स शामिल हैं।

इस ऑफर के तहत डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्जेस में फ्लैट 40% की छूट और गोल्ड ज्वेलरी पर फ्लैट 30% की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, चुनिंदा खरीद पर



ग्राहकों को 10 ग्राम और 20 ग्राम के सिल्वर कॉइन मुफ्त मिलेंगे, साथ ही पुराने सोने पर 100% एक्सचेंज वैल्यू का लाभ भी मिलेगा।

ग्राहकों के शॉपिंग अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, ICICI बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 5% का इंस्टेंट डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। साथ ही, डबल रेट प्रोटेक्शन का लाभ मिलेगा, जिससे ग्राहक केवल 25% डाउन पेमेंट देकर गोल्ड रेट लॉक कर सकते हैं। डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर एक्सक्लूसिव गिफ्ट वाउचर्स भी इस फेस्टिव सीजन को और खास बना रहे हैं।

इस अवसर पर, हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा, ललितपुर में हमारे नए शोरूम के लॉन्च के साथ, हम यहां के ग्राहकों के लिए न केवल अपनी डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी लेकर आए हैं, बल्कि 'अक्षय हैप्पीनेस कैंपेन' के तहत 'द बिगेस्ट फेस्टिव ऑफर' भी प्रस्तुत कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य हर खरीदारी को अधिक लाभकारी, सुलभ और खुशियों से भरपूर बनाना है, जो हमारे विजन 'हर घर किसना' के अनुरूप है।

किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ, श्री पराग शाह ने कहा, ललितपुर में इस नए शोरूम के साथ, हम ग्राहकों को एक प्रीमियम और आरामदायक शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'अक्षय हैप्पीनेस कैंपेन' के तहत हमारा 'बिगेस्ट फेस्टिव ऑफर' ग्राहकों को शानदार डिजाइनों के साथ बेहतरीन वैल्यू देता है, जिससे यह खरीदारी और उत्सव मनाने का आदर्श समय बन जाता है।

किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स एवं फ्रेंचाइजी मालिक सुधीर श्रीवास्तव, सुश्री उमा श्रीवास्तव, नेहा एवं उन्नति श्रीवास्तव ने कहा, हमें किसना के साथ साझेदारी कर ललितपुर में इसकी विश्वसनीय विरासत लाने पर गर्व है। ब्रांड की मजबूत प्रतिष्ठा, आकर्षक डिजाइनों की विस्तृत रेंज और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण इसे इस बाजार के लिए एक आदर्श विकल्प बनाते हैं। हम अपने ग्राहकों के साथ एक मजबूत और दीर्घकालिक संबंध बनाने के लिए उत्साहित हैं।

## कश्मीर मूल की छात्रा अन्वी का अमेरिका में डंका, नॉर्थ कैरोलिना की टॉप वुमन लीडर्स 2026 में शामिल



**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारतीय मूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है, जो वैश्विक मंच पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी कड़ी में कश्मीर मूल की छात्रा अन्वी कौल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्यूक यूनिवर्सिटी में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहीं अन्वी को नॉर्थ कैरोलिना की टॉप वुमन लीडर्स 2026 की सूची में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि न केवल जम्मू-कश्मीर के लिए एक गर्व का क्षण है, बल्कि विज्ञान और तकनीक (स्टेम) के क्षेत्र में करियर बनाने वाली युवा महिलाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा भी है। अन्वी का शैक्षणिक और नेतृत्व कौशल बेमिसाल रहा है। वह वर्तमान में 4.0 के परफेक्ट जीपीए के साथ अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं और अपनी इस शानदार प्रतिभा के दम पर %डीन लिस्ट विद डिस्टिंक्शन% में जगह बनाए हुए हैं। शिक्षा के साथ-साथ अन्वी में गजब की नेतृत्व क्षमता भी है। वह ड्यूक इंजीनियरिंग स्टूडेंट गवर्नमेंट की सह-अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं, जहां वह 1,400 से अधिक अंडरग्रेजुएट छात्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं। अकादमिक और नेतृत्व की इन भूमिकाओं के अलावा वह प्रैट रिसर्च फेलो, टीचिंग असिस्टेंट और पीयर सक्सेस लीडर जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी निभा रही हैं। व्यापार और विज्ञान की दुनिया में आज मेडिकल इनोवेशन की काफी मांग है, और अन्वी इसी दिशा में काम कर रही हैं। वह मूसा लैब में एक अंडरग्रेजुएट शोधकर्ता के रूप में जुड़ी हुई हैं। वहां वह उन्नत बायोमेडिकल रिसर्च में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही हैं, जिसमें नवीन चिप-आधारित मॉडल का उपयोग करके किडनी की बीमारियों का बारीकी से अध्ययन किया जाता है।

## एक व्यवस्थित नीतिगत पहल के तहत पीएनजी विस्तार में तेज़ी, मार्च 2026 से अब तक 4.40 लाख कनेक्शन चालू किए गए

भारत सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच को मज़बूत करने और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से, एक समन्वित नीतिगत ढाँचे के तहत पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार में तेज़ी लाने का काम शुरू किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

तेज़ी से हो रहे इस विस्तार के तहत, मार्च 2026 के बाद से लगभग 4.40 लाख पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं, जबकि 4.88 लाख अतिरिक्त उपभोक्ताओं ने नए पीएनजी कनेक्शन के लिए रजिस्टर किया है।इन आँकड़ों से साफ है कि नीतिगत विस्तार के चलते पीएनजी के अडॉप्शन में ज़बरदस्त तेज़ी आई है।

सरकार की पीएनजी विस्तार रणनीति के तहत ये प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें 'प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश, 2026' की अधिसूचना भी शामिल है, जो तय समय-सीमा के भीतर 'शहरी गैस वितरण' इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास और अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों में इसके कार्यान्वयन को संभव बनाती है। घरों तक पीएनजी की पहुँच को और अधिक तेज़ी से बढ़ाने के लिए, सरकार ने 'राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0' को 30 जून 2026 तक आगे बढ़ा दिया है। इस अभियान के द्वारा जल्द से जल्द कनेक्शन देने, माँग बढ़ाने, और केंद्रीय एजेंसियों, सीजीडी संस्थाओं एवं राज्य प्रशासनों के बीच आपसी तालमेल के साथ कार्यान्वयन पर विशेष ज़ोर दिया जा रहा है।

पीएनजी विस्तार के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दी जाने वाली बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इसमें जल्द अनुमोदन देना, स्थानीय स्तर पर तालमेल बनाना और लास्ट-माईल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए ज़रूरी बुनियादी ढाँचा बनाना शामिल है। साथ ही, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी गई है कि वे पेट्रोल, डीज़ल और एलपीजी जैसी आवश्यक कोमोडिटीज़ की आपूर्ति पर निगरानी रखें, ताकि बदलाव के इस दौर में एनर्जी की पहुंच के लिए संतुलित ढाँचा सुनिश्चित किया जा सके।

## VFS ग्लोबल ने पंजाब और तमिलनाडु में शुरू कीं सिंगापुर वीज़ा सेवाएं आवेदन प्रक्रिया हुई और भी आसान

**लखनऊ।** विश्व स्तर पर विश्वसनीय प्रौद्योगिकी सेवाओं में अग्रणी और सरकारों एवं नागरिकों के लिए सुरक्षित गतिशीलता को सशक्त बनाने वाली संस्था, VFS ग्लोबल को भारत के चंडीगढ़ और चेन्नई में सिंगापुर वीज़ा सेवाओं के लिए अधिकृत वीज़ा एजेंट नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति नई दिल्ली स्थित सिंगापुर गणराज्य के उच्चायोग और चेन्नई स्थित सिंगापुर के महावाणिज्य दूतावास द्वारा की गई है, जिससे पंजाब और तमिलनाडु के निवासियों के लिए वीज़ा आवेदन प्रक्रिया अब पहले से कहीं अधिक सरल और सुगम हो जाएगी।

चंडीगढ़ और चेन्नई में नए केंद्र अब पंजाब और तमिलनाडु के आवेदक क्रमशः चंडीगढ़ और चेन्नई स्थित केंद्रों पर अपने आवेदन जमा कर सकेंगे।

वीज़ा श्रेणियां: इन केंद्रों पर पर्यटक (टूरिस्ट), पारिवारिक यात्रा (फ़ैमिली विज़िट) और व्यवसाय (बिज़नेस) वीज़ा श्रेणियों के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे अत्याधुनिक सुविधाएं VFS ग्लोबल के इन केंद्रों पर आवेदकों को तकनीक-आधारित और उच्च सेवा मानकों वाली सुविधाएं मिलेंगी।

इस उपलब्धि पर VFS ग्लोबलद्य की मुख्य परिचालन अधिकारी (दक्षिण एशिया), युम्मी तलवार ने कहा, हमें चंडीगढ़ और चेन्नई में सिंगापुर वीज़ा के लिए अधिकृत वीज़ा एजेंट नियुक्त किए जाने पर गर्व है। यह साझेदारी हमारी विशेषज्ञता पर भरोसे को दर्शाती है। हमारा लक्ष्य तकनीक और उच्च मानकों के माध्यम से आवेदकों के लिए पहुंच और सुविधा को बेहतर बनाना है। हम इस विश्वास के लिए सिंगापुर उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास के आभारी हैं। शुल्क और समय सीमा दोनों केंद्रों पर वीज़ा आवेदन की प्रक्रिया को पारदर्शी रखा गया है वीज़ा शुल्क 2100 VFS ग्लोबलद्य सेवा शुल्क 1000 बकार्य समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक VFS ग्लोबल ने स्पष्ट किया है कि उनकी भूमिका केवल प्रशासनिक कार्यों जैसे फॉर्म और दस्तावेज एकत्र करने तथा बायोमेट्रिक्स दर्ज करने तक सीमित है। वीज़ा प्रदान करने या अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय संबंधित दूतावास का ही होगा।

# दो दिवसीय लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ...

## वरिष्ठ अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी और अयूब खान ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में कला और सिनेमा के महाकुंभ लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज़ बुधवार 15 अप्रैल को सुबह धूमधाम से हुआ। इस प्रतिष्ठित समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी और फेस्टिवल के संस्थापक व आयोजक आयूब खान ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया।



उद्घाटन समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात, भारतीय सिनेमा की सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले जी को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। फेस्टिवल के पहले दिन ज्यूरी द्वारा चयनित कुल 12 फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग की गई, जो देर रात तक चली। प्रदर्शित प्रमुख फिल्मों में जसवंत सिंह झज्ज द्वारा निर्मित और अमरदीप सिंह गिल द्वारा निर्देशित फिल्म पाणी द वॉटर, आशा सकलानी द्वारा निर्मित व देबू रावत द्वारा निर्देशित फिल्म निखान्या जोग, ओमकार राउत द्वारा निर्मित और जतिंदर सैराज निर्देशित मिशन परफॉरमेंस, आतिश कुमार राउत की फिल्म आरव (निर्देशिका सुश्री सबिता), तथा चरणपाल सिंह की लॉर्ड्स सिग्नल शामिल रहीं। इस अवसर पर फिल्म जगत के नामचीन कलाकार, निर्माता, निर्देशक और तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद रहे, जिन्होंने दर्शकों के साथ सिनेमाई बारीकियों पर चर्चा की। आयोजन के संस्थापक आयूब खान ने बताया कि यह फेस्टिवल विश्व सिनेमा और स्थानीय प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान करने का एक निरंतर प्रयास है। उन्होंने बताया कि अब यह फेस्टिवल प्रति वर्ष आयोजित किया जायेगा।

## अब खेल शुरू हो चुका है! एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर ने बैटलग्राउंड सीज़न 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है



**कानपुर।** मुकाबले का मैदान तैयार है, और इस बार यह पहले से भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण होने वाला है। शानदार शुरुआत वाले पहले सीज़न के बाद, बैटलग्राउंड अब एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर पर अपने दूसरे सीज़न के साथ लौट रहा है, जहां ताकत, रणनीति और जज़्बे के स्तर को और भी बढ़ा दिया गया है। रस्क मीडिया द्वारा निर्मित इस शो के ट्रेलर में चार टीमों के मालिकों का खुलासा किया गया है– मुंबई स्ट्राइकर्स, जिसकी अगुवाई मजबूत और जुझारू प्रियंका चाहर चौधरी कर रही हैं; भोजपुरी भौकाल्स, जिन्हें दमदार कलाकार खेसारी लाल लीड कर रहे हैं; दिल्ली डॉमिनेटर्स, जिनका नेतृत्व डिजिटल स्टार फुकरा इंसान के हाथों में है; और तेलुगु टाइगर्स, जिन्हें प्रो-कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी संभाल रहे हैं। इस बार भी शो की कमान सुपरसेलेक्टर शिखर धवन के हाथों में है, जो अपने अनुभव और खास अंदाज़ के साथ प्रतियोगिता को नई धार देने वाले हैं। बैटलग्राउंड हाउस के अंदर, 16 प्रतियोगी एक ऐसे खेल में उतरते हैं जहाँ दबाव बहुत ज़्यादा होता है और उन्हें अपनी सहनशक्ति और समझ का पूरा इस्तेमाल करना पड़ता है। चार टीमों में बंटे ये प्रतियोगी लगातार शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करेंगे। हर दिन उन्हें ऐसे टास्क दिए जाएंगे जो उनकी नियमितता और मेहनत की परीक्षा लेंगे। इसके साथ ही 'फाइट क्लब वीकेंड' में होने वाले मुकाबले तय करेंगे कि कौन बाहर होगा। आखिर में, सिर्फ एक पुरुष और एक महिला प्रतियोगी ही भारत के सबसे बड़े फिटनेस स्टार का खिताब जीत पाएंगे। एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर के डायरेक्टर और कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा, बैटलग्राउंड के साथ हमारा उद्देश्य एक ऐसा फॉर्मेट तैयार करना था जो सिर्फ शारीरिक ताकत तक सीमित न रहे, बल्कि सहनशक्ति, मानसिक मजबूती और जीतने की इच्छा का भी जश्न मनाए। सीज़न 1 को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, हम रस्क मीडिया के साथ मिलकर एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर पर सीज़न 2 को और बड़े स्तर और ज्यादा रोमांच के साथ वापस लाने के लिए उत्साहित हैं। यह सीज़न हमारे उन बिना स्क्रिप्ट वाले शो की लाइनअप को और मजबूत करता है, जो दर्शकों को नया और दिलचस्प अनुभव देते हैं। इस बार शिखर धवन एक बार फिर प्रतियोगिता की कमान संभालते नजर आएंगे, उनके साथ टीम के मालिकों के रूप में खेसारी लाल, प्रियंका चाहर चौधरी, फुकरा इंसान और राहुल चौधरी जैसे दमदार नाम शामिल हैं। यह सीज़न दर्शकों के लिए और भी ज्यादा रोमांच और बेहतर अनुभव लेकर आएगा, और हम उत्सुक हैं कि दर्शक इसे एमेज़ॅन एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में देखें।

# अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एडवांस्ड एंडोस्कोपिक तकनीक से होल-इन-द-हार्ट सर्जरी की क्रांतिकारी शुरुआत

**लखनऊ।** दिल की बीमारियों के इलाज में लखनऊ के अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक नई और आधुनिक शुरुआत की है। अब हार्ट सर्जरी के लिए मरीज की छाती पर बड़ा चीरा लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

डॉ. राहुल भूषण और उनकी टीम ने केवल छोटे छिद्रों और हाई-डेफिनिशन कैमरों की मदद से दिल की जन्मजात बीमारियों के कई सफल ऑपरेशन किए हैं। इस नई तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह है कि मरीज न सिर्फ तेजी से ठीक हो रहे हैं, बल्कि उन्हें अस्पताल से बहुत जल्दी छुट्टी भी मिल रही है। इस सर्जिकल प्रक्रिया में दिल में छेद यानी एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट को ठीक करने के लिए एंडोस्कोपिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। यह एक जन्मजात बीमारी है, जिसमें दिल के ऊपरी हिस्सों के बीच एक छेद रह जाता है। अगर इसे नजरअंदाज किया जाए, तो आगे चलकर यह गंभीर परेशानियां खड़ी कर सकता है। उत्तर प्रदेश में पहली बार इस तरह की एंडोस्कोपिक कार्डियक



सर्जरी लगातार (बैक-टू-बैक) की गई है। स्थानीय स्तर पर अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी (एमआईसीएस) को काफी तेजी से अपनाया जा रहा है।

दशकों से ओपन-हार्ट सर्जरी ही आम तरीका रहा है, लेकिन इसमें सर्जन को छाती की हड्डी काटनी पड़ती है और सर्जरी का एक बड़ा निशान भी रह जाता है। यह नया तरीका इन पारंपरिक प्रक्रियाओं से बिल्कुल अलग है। हड्डी काटने के बजाय, डॉ. भूषण छाती के अंदर स्पष्ट रूप से देखने के लिए एक छोटे हाई-डेफिनिशन कैमरे का इस्तेमाल करते हैं। इस बेहद साफ विजन की मदद से वे छोटे छेदों के जरिए ही दिल की सर्जरी करते हैं। इस तकनीक से डॉक्टरों को सटीक बारीकी मिलती है और मरीज के शरीर पर पड़ने वाला शारीरिक तनाव काफी कम हो जाता है। जिन तीन मरीजों की यह सर्जरी हुई, उनके लिए इसके नतीजे लगभग तुरंत और बेहद असरदार रहे। चूंकि छाती की हड्डी सुरक्षित रही, इसलिए दर्द न्यूनतम था और सर्जिकल आघात न के बराबर रहा। मरीज ऑपरेशन के अगले ही दिन घर जाने के लिए तैयार थे। यह तकनीक हड्डी और मांसपेशियों को सुरक्षित रखने में भी मदद करती है और सर्जरी के बाद होने वाली जटिलताओं के खतरे को काफी कम कर देती है।

कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. राहुल भूषण ने कहा, हम मूल रूप से पुरानी सर्जरी और महंगी रोबोटिक्स के बीच का अंतर खत्म कर रहे हैं। डॉ. भूषण, जो नेशनल हार्ट सेंटर सिंगापुर से यह विशेषज्ञता लेकर आए हैं, ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी असरदार तो है, लेकिन कई परिवारों के लिए यह बहुत महंगी होती है। उन्होंने कहा, यह एंडोस्कोपिक तकनीक सर्जनों को रोबोट जैसी ही सटीकता और छोटे चीरे का लाभ देती है, लेकिन इसकी लागत आधे से भी कम है।

# समर्या क्रिएशन ने समीर अंजान के साथ लॉन्च किया औमोरा म्यूजिक



**लखनऊ।** देश की पहली इंटीग्रेटेड क्रिएटर-फर्स्ट कंपनी समर्या क्रिएशन ने आज मुंबई के द क्लब में औमोरा म्यूजिक लॉन्च किया।

औमोरा म्यूजिक के संस्थापक और निर्माता गिनीज़ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर गीतकार समीर अंजान ने इस अवसर पर कहा कि यह महज एक म्यूजिक लेबल नहीं है, यह उस सोच का जवाब है, जो आज तक भारतीय संगीत में गायब थी, जहां एल्गोरिदम नहीं, बल्कि कलाकार तय करेगा कि संगीत कैसा हो। इसके रचनात्मक सहयोगी हैं कम्पोज़र नील गांधी और निरज विश्वकर्मा। लेबल का पहला मार्की आर्टिस्ट् हैं जैक्सलेजय अजय।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने 4,500 से अधिक गाने लिखे हैं, मैं जानता हूं क्या टिकता है, और क्या अगली सुबह भूल जाता है। औमोरा म्यूजिक उन कलाकारों का घर है जिनके पास कहने के लिए कुछ असली है।

समीर ने बताया कि औमोरा म्यूजिक 150 से अधिक प्लेटफॉर्म्स पर 19 ट्रैक्स के साथ लाइव है, 150 से ज्यादा ओरिजिनल कम्पोज़िशन रिलीज के लिए तैयार है, जिसमें बॉलीवुड, भक्ति, फोक, बाल संगीत, रैप और कंटेम्पोरेरी पॉप शामिल है। इस मौके पर समर्या क्रिएशन के प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल ने कहा कि इसके माध्यम से हम बेहतर संगीत लेकर आये हैं जो संगीत प्रेमियों के दिल को लुभायेगा।

# सेंध काटकर लाखों के गहने व नगदी चोरी


दीवार में चोरों द्वारा काटा गया सेंध


खेत में बिखरा पड़ा सामान

**गांव में दहशत**

- रात तीन बजे गाय की आवाज से खुला राज, खेत में फेंका मिला खाली बॉक्स
- पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जुटाए साक्ष्य, गांव में दहशत का माहौल

अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरठा टोला खोडहा में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने एक मकान में सेंध काटकर लाखों रुपये के गहने व नगदी चोरी कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार चोरों ने घर की साइड दीवार में सेंध लगाकर मकान के अंदर प्रवेश किया और घर में रखे 56 हजार रुपये नगद सहित बॉक्स में रखे एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायजेब, एक जोड़ी कान का झुमका तथा सोने की अंगूठी समेत लाखों रुपये के आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी के बाद चोर बॉक्स को कुछ दूरी पर स्थित एक खेत में फेंककर चले गए।

परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई जब रात करीब तीन बजे घर के सामने खूंटे में बंधी गाय जोर-जोर से चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर जब परिजन बाहर निकले तो दीवार में सेंध कटा देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद पीड़िता ने रात में ही 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इस संबंध में पीड़िता सिमिरखा देवी पत्नी वृषभान ने रामकोला थाने में तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उधर, चोरी की घटना के बाद गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामकोला धनवीर सिंह ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है, जांच की जा रही है, जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# सरकार की वादा खिलाफी से नाराज ग्रामीण बैंक कर्मी करेंगे आंदोलन

अवधनामा संवाददाता

- सड़क से संसद तक सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी

**बस्ती।** देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में खास पहचान रखने वाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, जहां एक ओर भारत सरकार ग्रामीण बैंकों को प्रदेश स्तर पर मिला कर इन्हें मजबूत आर्थिक आधार दे रही है, वहीं दूसरी ओर इनमें काम करने वाले लाखों अधिकारियों और कर्मचारी की जायज मांगों को भी नजर अंदाज किया जा रहा है। भारत सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए ग्रामीण बैंक कर्मियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन ने भारत सरकार को हड़ताल की नोटिस भेज कर देश व्यापी आंदोलन की घोषणा की है।

यह जानकारी देते हुये अरेबिया के बरिष्ठ नेता कामरेड के.के. श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन के महासचिव कामरेड येस बैंकटेश्वर रेडडी ने सभी यूनिटों को भेजे गए अपने पत्र में कहा है कि भारत सरकार ग्रामीण बैंक कर्मचारियों के पदोन्नति नियमों में संशोधन, नई मानव श्रम नीति का क्रियान्वयन, 25000 से अधिक खाली पदों पर काम कर रहे अस्थाई कर्मचारियों का नियमितिकरण तथा 12 वें वेतन समझौते से जुड़े तमाम लाभ देने के लिए जल्दी आदेश जारी करने का भरोसा दिया था लेकिन भारत सरकार इसमें विफल रही है, जिसके कारण कर्मचारियों के आक्रोश को देखते हुए 12 अप्रैल को यूनियन पदाधिकारियों की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दिनांक 1 मई 2026 से नियमानुसार कार्य, बैंकों के व्हाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार किया जाएगा तथा दिनांक 6 मई को सभी 28 ग्रामीण बैंकों के मुख्यालयों पर धरना दिया जाएगा ।देश भर के सांसदों को ज्ञापन प्रेषित किए जाएंगे और नाबार्ड और रिजर्व बैंक के प्रमुख अधिकारियों को भी मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा ।

# 97 प्रतिशत अंक लाकर उज्जवल मिश्रा ने बढ़ाया क्षेत्र का मान


उज्वल को मीठा खिलाते माता-पिता

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कस्बे के सेंट जेवियर्स स्कूल के होनहार छात्र उज्जवल मिश्रा ने सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

उज्जवल मिश्रा शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता, शिक्षकों और परिवार के सदस्यों को दिया है। उज्जवल का सपना भविष्य में इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने का है।

उज्जवल की इस उपलब्धि पर उनकी माता पूनम मिश्रा, पिता राकेश मिश्रा सहित परिवार के अन्य सदस्य–बाबा मारकंडे मिश्रा, घनश्याम मिश्रा और श्रीराम मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उज्जवल मिश्रा की इस सफलता से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

# फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य, तभी मिलेगा योजनाओं का लाभ : डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में अप्रैल माह का किसान दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उप कृषि निदेशक द्वारा पिछले माह प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी देने के साथ हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। जिन किसानों को खतौनी में नाम अलग-अलग दर्ज होने के कारण रजिस्ट्री में दिक्कत हो रही है, वे तहसील स्तर पर संशोधन कराकर जल्द अपनी रजिस्ट्री पूर्ण कराएं। उन्होंने किसानों से फसल कटाई के दौरान रीपर (भूसा बनाने वाली मशीन) का प्रयोग सावधानीपूर्वक करने तथा आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए निर्धारित मानकों का पालन करने की अपील की। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बिजली कनेक्शन से जुड़ी समस्याएं उठाई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। वहीं खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंपों के संबंध में जनपद स्तर पर सूची तैयार कर शीघ्र रिबोर कार्य शुरू कराने को कहा। किसानों ने चक मार्ग से अवैध अतिक्रमण हटाने और गड़ौरा चीनी मिल द्वारा गन्ना भुगतान लंबित होने की शिकायत भी रखी। इस पर जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को मिल के खिलाफ नोटिस जारी कर भुगतान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।कार्यक्रम के दौरान कृषि, खाद्य एवं विपणन विभाग द्वारा पीपीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। अंत में उप कृषि निदेशक ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने का अनुरोध करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास, 50 हजार रुपये जुर्माना

**कुशीनगर।** हत्या के एक मामले में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। थाना तमकुहीराज में दर्ज मुकदमा संख्या 192/2022 धारा 302 भादवि के तहत अभियुक्त गोविन्द कुमार पुत्र स्व. राजकिशोर सिंह निवासी हरिहरपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज था। मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी-1 कुशीनगर की अदालत ने 15 अप्रैल को सुनवाई करते हुए अभियुक्त गोविन्द कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक निरीक्षक नीरज कुमार राय, एडीजीसी कृष्ण कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज गिरिजेश उपाध्याय तथा पैरोकार लल्लन प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# यूपी पीसीएस में 56वां स्थान लाने वाली प्रीति हुई सम्मानित


प्रीति सिंह को सम्मानित करते ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** भलुही निवासी प्रदीप कुमार सिंह की बिटिया प्रीति सिंह को यूपीपीसीएस में चयनित होने के बाद पहली बार गांव जाते वक्त बोदरवार बाजार में रोककर ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया ने ग्रामीणों संग अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। बुधवार को ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया को सूचना मिली कि भलुही निवासी प्रदीप सिंह की बिटिया यूपीपीसीएस में चयनित होने के बाद पहली बार लखनऊ से सड़क मार्ग से चलकर अपने पैतृक गांव भलुही पहुंच रही है। प्रधान राजकमल मद्धेशिया ने ग्रामीणों संग बाजार स्थित माता सम्में चौक पर यूपी पीसीएस में 56वीं रैंक में चयनित प्रीती सिंह का बैण्ड बाजा की धुन पर पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने प्रीति सिंह के गाड़ी से उतरते ही पुष्प वर्षा करके मिठाई खिलाई। प्रीति सिंह ग्रामीणों के स्वागत से अभिभूत दिखी। श्रीराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम गोरखपुरी ने अपने आवास स्थित कार्यालय पर प्रीति को बुके, अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर इन्हें बधाई दी। इस दौरान राकेश मद्धेशिया, राजेश साहनी, शिवम सिंह, राकेश गुप्त सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे है।

## तमकुहीराज पुलिस ने चोरी की एक टैम्पू वाहन के साथ एक को दबोचा

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज पुलिस ने चोरी की एक टैम्पू वाहन के साथ आरोपी को दबोच लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और अपराधियों के खिलाफ लगातार कारवाई से सख्त रुख का संदेश गया है। प्रभारी निरीक्षक गिरजेश उपाध्याय के निर्देशन में समउर चौकी प्रभारी अखिलेश यादव अपने टीम के साथ गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना के आधार पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा लिया। पुलिस के पूछताछ में उसकी पहचान विशाल जायसवाल पुत्र सुरेश जायसवाल, निवासी फाजिलनगर थाना पटहेरवा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी का टैम्पू (P57T9788) बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी वाहन चोरी की घटना में संलिप्त था और उसे ठिकाने लगाने की कोशिश में था, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से वह पकड़ में आ गया।

# तेज़ रफ़्तार कार की टक्कर से युवक की मौत परिजनों में कोहराम

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अंबेडकर नगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम इटवरी निवासी बलवंत सिंह पुत्र दिनेश प्रताप सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके भाई रोमिंत सिंह 8 अप्रैल को शाम करीब 8:30 बजे मालीपुर से अकबरपुर की ओर मोटरसाइकिल से जा रहे थे।

बताया गया कि करीब 8:45 बजे सैदपुर भीतरी मार्ग पर सिंह धर्म कांटा के पास रामदास के छप्पर के समीप पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे एक ट्रेलर के गुजरने के दौरान पीछे से ओवरटेक कर रही तेज रफ्तार कार (नंबर WB 06 AP 3332) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोमिंत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और वहीं कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराई मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटना में शामिल कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

मृतक के भाई बलवंत सिंह ने बताया कि पारिवारिक शोक और अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण उन्होंने कुछ विलंब से तहरीर दी है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हुआ कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** तहसील गौरीगंज सभागार में बुधवार को महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून देश की महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। अपर्णा यादव ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब उसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हो। महिलाओं के दृष्टिकोण से समाज के विकास शिक्षा स्वास्थ्य पोषण और सुरक्षा से जुड़ी नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे राजनीति शिक्षा रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे –बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कन्या सुमंगला योजना शादी अनुदान महिला सुरक्षा योजनाएं स्वरोजगार योजनाएं आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इन योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाएं अपने अधिकारों को पहचानें और उनके लिए आगे आएं। उन्होंने शिक्षा और आत्मनिर्भरता को महिला सशक्तिकरण की कुंजी बताया। इसके उपरांत उन्होंने जनपद में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत संचालित पोषण जागरूकता रैली को तहसील परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि पुलिस अधीक्षक सरवणन टी उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हिंदी ओलंपियाड में विद्यार्थियों की अद्वितीय सफलता, भाषा गौरव को मिला नया आयाम



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** हिंदी संस्थान द्वारा आयोजित हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में हमारे विद्यालय सीपी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छात्रों ने कुल 7 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक एवं 2 कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण तथा हिंदी भाषा के प्रति उनके गहन अनुराग का परिचायक है। इसके उपलक्ष्य में आज विद्यालय में छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रभारी प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्पित मिश्रा द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति और पहचान का आधार है तथा विद्यार्थियों को इसके संवर्धन हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए। एम.डी. ज्योत्स्ना अग्रवाल ने कहा कि हिंदी का ज्ञान व्यक्तित्व को समृद्ध बनाता है और शुद्ध भाषा प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। उपनिदेशक अंजू राजे ने कहा कि हिंदी हमें हमारी परंपराओं से जोड़ती है और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। प्रभारी प्रधानाचार्य नवीन शाक्य ने कहा कि हिंदी ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की भाषाई क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम हैं।

## ग्रामीणों ने उत्साह से मनाई बाबा साहब की जयंती

**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के गांव सरायखेमा में मंगलवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए और बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उनके जीवन संघर्षों को याद करते हुए गीत प्रस्तुत किए गए और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। इस मौके पर संजीव कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया और समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे छुआछूत असमानता अशिक्षा और महिलाओं के उत्पीड़न को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से सभी को समान अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में राम शंकर दानी राजीव अमरनाथ घेराउ सत्रोहन।खेलरि संजीव कुमार मिश्र मोहनलाल रामसुंदर पप्पू संतराम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## शिक्षक की प्रतिष्ठा अनुभव के साथ बढ़ती है, उम्र के साथ घटती नहीं : राजेश



**खड्डा, कुशीनगर।** विकास खंड के न्याय पंचायत पड़रही स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पटखौली में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बाबूलाल प्रसाद के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने उन्हें माला, बुके और शाल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी वास्तव में सेवानिवृत्त नहीं होता, क्योंकि उसके द्वारा दिया गया ज्ञान और संस्कार विद्यार्थियों के जीवन में सदैव जीवित रहते हैं। शिक्षक की प्रतिष्ठा समय और अनुभव के साथ बढ़ती है। इस दौरान शिब्बन सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन रामप्रवेश यादव ने किया। समारोह में शिक्षकों ने बाबूलाल प्रसाद के शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर न्याय पंचायत पड़रही के शिक्षक, शिक्षामित्र व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन ‘दहन’ के तहत 220 किलो गांजा व 263 लीटर कोडीन सिरप नष्ट



**कुशीनगर।** जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ‘ऑपरेशन दहन’ के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जब्त मादक पदार्थों का विनष्टीकरण कराया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में विभिन्न थानों में दर्ज एनडीपीएस मामलों से संबंधित 220 किलोग्राम गांजा तथा 263 लीटर कोडीन सिरप को नष्ट किया गया। इन मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 40 लाख 94 हजार 195 रुपये बताई गई है।जब्त मादक पदार्थों को महाराजगंज स्थित ए.वी. बायोमेडिकल बेस्ट सर्विसेज के इंसीनरेटर में वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी के बीच नियमानुसार जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस के अनुसार यह पूरी कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई।

## खेत में मिला युवती का शव

**अमेठी।** थाना क्षेत्र गौरीगंज अंतर्गत चतुरीपुर मजरे मऊ गांव में बुधवार सुबह एक 24 वर्षीय युवती का शव नहर किनारे खेत में मिला।जिसकी पहचान गांव निवासी अमिता उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है।आशंका है कि धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है। सुबह हत्या की जानकारी होने पर गांव में हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने जब शव देखा तो घटना की चर्चा क्षेत्र में आग की तरह फैल गई लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई।फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्रित किए। परिजनों के आरोप पर गांव के एक युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

# गन्ना फसल पर अंकुर व चोटी बेधक कीट का प्रकोप, समय रहते नियंत्रण की सलाह

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद के विभिन्न चीनी मिल क्षेत्रों में इस समय गन्ने की फसल पर अंकुर बेधक एवं चोटी बेधक कीट की प्रथम पीढ़ी का प्रकोप देखा जा रहा है। गन्ना विभाग ने किसानों को सतर्क करते हुए समय रहते नियंत्रण उपाय अपनाने की सलाह दी है।

जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी ने बताया कि अंकुर बेधक का प्रकोप अप्रैल से जून माह तक अधिक रहता है। इस कीट की सूंडी पौधों की गोफ को खाते हुए नीचे की ओर बढ़ती है, जिससे बीच की गोफ सूख जाती है और आसानी से निकल जाती है। इसके नियंत्रण के लिए प्रभावित पौधों को सूंडी एवं प्यूपा सहित जमीन की सतह से काटकर नष्ट करना चाहिए तथा गर्मी के मौसम में नियमित सिंचाई व गुड़ाई करते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि रासायनिक नियंत्रण के अंतर्गत बुवाई के 45 दिन बाद फिप्रोनिल + इमिडाक्लोप्रिड (500 ग्राम प्रति हेक्टेयर) अथवा क्लोरेंट्रानिलिप्रोल + थायोमेथाक्सम (600 ग्राम प्रति हेक्टेयर) को 1000 लीटर पानी में मिलाकर ड्रेन्चिंग के बाद सिंचाई करना प्रभावी पाया गया है।

चोटी बेधक कीट के संबंध में उन्होंने बताया कि इसकी मादा शलभ सफेद रंग की होती है, जो पत्तियों पर अंडे देती है। इसकी सूंडी पत्तियों को नुकसान पहुंचाते हुए गन्ने के शीर्ष भाग में ‘डेड हार्ट’ एवं झाड़ीनुमा संरचना (बंचीटॉप) बना देती है। इसकी तीसरी पीढ़ी जून के तीसरे सप्ताह में सर्वाधिक नुकसान पहुंचाती है। इसके नियंत्रण के लिए अंडा समूहों को नष्ट करना, प्रभावित पौधों को काटकर नष्ट करना तथा अप्रैल के अंत या मई के अंत में क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5 एससी (150 मिली प्रति एकड़) का प्रयोग करना प्रभावी है। जैविक नियंत्रण के लिए ट्राइकोग्रामा जापोनिकम का प्रयोग तथा खेतों में 20-30 मीटर की दूरी पर फेरोमोन ट्रैप लगाने की भी सलाह दी गई है। गन्ना विकास विभाग की एडवाइजरी के अनुसार सहकारी गन्ना समितियों में आवश्यक कीटनाशक उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**टाप बोरर प्रबंधन के लिए विशेष कार्ययोजना**

गन्ना विभाग द्वारा टाप बोरर के प्रबंधन के लिए विशेष कार्ययोजना लागू की गई है। किसानों को यांत्रिक एवं रासायनिक दोनों उपाय अपनाने की सलाह दी गई है, जिसमें अंडा लगी पत्तियों को तोड़ना, प्रभावित कल्लों को नष्ट करना, फेरोमोन ट्रैप लगाना तथा निर्धारित समय पर कीटनाशकों का छिड़काव करना शामिल है। किसानों से अपील की गई है कि वे अपने गन्ना खेतों की नियमित निगरानी करें तथा लक्षण दिखाई देने पर तत्काल गन्ना पर्यवेक्षक या संबंधित चीनी मिल के अधिकारियों से संपर्क करें।

## एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने किया चेकिंग, महिलाओं को दी बचाव की जानकारी

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में एंटी रोमियो स्क्वाड प्रभारी डॉ0 शालिनी सिंह के नेतृत्व में *एंटी रोमियो स्क्वाड टीम म0 का0 रश्मि सिंह, म0 का0 अनुष्का यादव के द्वारा थाना नगर जनपद बस्ती क्षेत्र के अंतर्गत फुटहिया, गोटवा, पोखरा,पोखरनी,वन बिहार ,नगर बाजार व अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानो पर चेकिंग किया गया साथ ही रस्ते में आने जाने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन) फेज़-5 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर जैसे- 1090, 181,112,1076,1098,108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए इनसे सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे मे बताया।

# विमल कुमार अध्यक्ष, सुरेन्द्र कुमार मंत्री बने अधिवेशन में गूंजा पुरानी पेंशन का मुद्दा

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती ।** बुधवार को कलेक्टेऊट परिसर स्थित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कार्यालय पर पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन और चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी डॉ. फजील खान की देख रेख में सर्वसम्मत से विमल कुमार आनन्द अध्यक्ष, विजय कुमार उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र कुमार मंत्री, भानू प्रताप सिंह संयुक्त मंत्री, रामेन्द्र जायसवाल कोषाध्यक्ष, शिवदास लेखा सम्प्रेक्षक निर्वाचित घोषित किये गये।चुनाव से पूर्व द्विवार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित करते हुये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम अधारपाल ने कहा कि देश और प्रदेश के कर्मचारी कठिन दौर से गुजर रहे हैं। उनकी जायज मांगों पर भी विचार नहीं किया जा रहा है। पुरानी पेंशन बहाल किये जाने और आठवे वेतन आयोग को शीघ्र लागू किये जाने को लेकर हमें निरन्तर संघर्ष तेज रखना होगा। उन्होने पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। अध्यक्षता करते हुये रणजीत उपाध्याय ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। अध्यक्ष विमल आनन्द ने कहा कि स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र अधिकारियों से वार्ता के साथ ही प्रदेश नेतृत्व से वेतन विसंगति की समस्या का समाधान कराये जाने का आग्रह किया जायेगा। परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि कर्मचारियों के जनपद स्तरीय समस्याओं के समाधान हेतु निरन्तर प्रयास जारी है। द्विवार्षिक अधिवेशन में मुख्य रूप से राम सुभाष चौधरी, रजत सिंह, विनोद कुमार मिश्र, राम प्रसाद चौधरी, विनोद कुमार मिश्र, दिनेश चन्द्र, महेन्द्र कुमार, सुशील शुक्ल, संजय कुमार, जितेन्द्र विश्वकर्मा, नुरूल हुदा, धर्मेन्द्र सिंह, महेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, आशुतोष सिंह, अतुल पाण्डेय, अबरार अहमद अंसारी, दिनेश कुमार, गौरव सिंह, रजत सोनकर, अभिषेक कुमार, अरूण शुक्ल के साथ ही विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

# अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर हुआ सम्पूर्णता अभियान-2.0 का समापन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जन्म जयन्ती के अवसर पर मंगलवार को विकास भवन सभागार बहराइच में नीति आयोग के आकांक्षात्मक जनपद तथा आकांक्षात्मक विकास खण्ड हुजूरपुर में 28 मार्च से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किये गये सम्पूर्णता अभियान 2.0 के समापन कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आन्नद कुमार गोंड ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर सम्पूर्णता अभियान 2.0 के समापन कार्यक्रम के आयोजन के औचित्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर सांख्यिकीय अधिकारी तीरथ राम वर्मा ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए समानता, शिक्षा एवं सशक्तीकरण के क्षेत्र में अम्बेडकर जी द्वारा किये गये कार्यो एवं संवैधानिक प्राविधानों का उल्लेख किया गया। जिला विकास अधिकारी राज कुमार द्वारा डॉ. अम्बेडकर जी के महिला सशक्तीकरण हेतु किये गये कार्यो एवं महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु वर्तमान सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनायों पर प्रकाश डाला गया। डॉ. पियूष चिकित्साधिकारी द्वारा सम्पूर्णता अभियान 2.0 के ए.डी.पी. अन्तर्गत 05 इण्डीकेटर को संतृप्त करने एवं ए.बी.पी. हुजूरपुर के 06 इण्डीकेटर को शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण से अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में वर्ष 2018 से अब तक हुए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने द्वारा बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अम्बेडकर जी द्वारा दलितों, वंचितों, पिछड़ों एवं महिलायों के उत्थान के लिए किये कार्यो को अविस्मरणीय बताया।

## बाबा साहेब की 135वी जयंती मनाई

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** राज नारायण माहेश्वरी जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक- डॉ रमेश चन्द केशव की उपस्थिति में भारतीय संविधान के निर्माता, आधुनिक भारत के शिल्पकार, ज्ञान के प्रतीक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वी जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए शत - शत नमन किया गया एवं उनके विचारों को साझा किया गया। तथा साथ ही चिकित्सालय में भर्ती सभी रोगियों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय प्रबंधक-डॉ. शाने आलम, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ मोहित सिंघल, ई एम ओ डॉ.शिव कुमार, डॉ शाहनवाज, डॉ हैप्पी यादव, डॉ.विनीत, स्टाफ नर्स- नीलम, मर्लिन, अखिलेश कुमारी, प्रीति फार्मासिस्ट- आर एन सिंह, रविन्द्र द्विवेदी, बृजेश, काउंसलर साक्षी, उमेश पति राव, प्रमोद आशीष आदि के साथ चिकित्सालय के सभी सिक्योरिटी गार्ड उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर जयन्ती पर सर्वोदय इण्टर कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जन्म-जयन्ती के अवसर पर मा. राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरूण के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती का पखवाड़ा मनाए जाने के क्रम में बलहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सर्वोदय इंटर कॉलेज मिहींपुरवा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि विधायक बलहा सरोज सोनकर ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण की श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रीमती सोनकर ने कहा कि बाबा साहब की जीवनगाथा हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई, सामाजिक समरसता, श्रमिकों के उत्थान, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय द्वारा भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उनके द्वारा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं देश की एकता और अखंडता में किये गए बलिदान की स्मृतियों से उपस्थित छात्र-छात्राओं के समक्ष जीवंत किया गया।

## अंबेडकर जयंती पर विनय अग्रवाल ने किया विशाल भंडारे का आयोजन



■ जनपद में कई जगह हुए कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जनपद में कई जगह जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया समाजवादी पार्टी ने गांव-गांव कार्यक्रमों का आयोजन कर डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस दौरान कई कार्यक्रमों में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान भी उपस्थित हुए विधानसभा बार आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उधर समाजसेवी संगठनों द्वारा भी कई जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें एससी एसटी समिति उत्तर प्रदेश ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार उपाध्यक्ष संजीव कुमार कोषाध्यक्ष खुशीराम प्रदेश महामंत्री जयवीर की उपस्थिति में नवादा बरेली मोड़ स्थित अंबेडकर पार्क में बड़ी धूमधाम से बाबा साहेब की जयंती मनाई समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया उधर खिरनी वाग रामलीला मैदान में सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में जनपद के जाने-माने समाजसेवी और उद्योगपति विनय अग्रवाल ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जहां विनय अग्रवाल , अंकुर कटियार सहित उनके समर्थक भंडारे की व्यवस्था करते दिखे और विनय अग्रवाल ने खुद लोगों को भोजन ग्रहण कराया।

## सांड से बाइक टकराने के कारण होमगार्ड घायल

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के पुवायां मंडी से ड्यूटी करने के बाद वापस लौट रहे एक होमगार्ड की बाइक से आवारा सांड टकरा जाने के कारण होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया घटना मंगलवार रात्रि 12ः00 बजे की है नाहिल रोड पर चौडेरा गांव के पास पहुंचे होमगार्ड की बाइक से सांड टकरा गया घायल होमगार्ड मेवाराम को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां भेजा गया।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के बिना नहीं जारी होगा प्रदूषण प्रमाण पत्र

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में एआरटीओ प्रशासन सर्विस सिंह ने पत्र जारी कर सभी प्रदूषण जांच केंदों (PUCC)को परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों का पालन कराने के लिए अवगत कराया है कि किसी भी प्रदूषण जांच केंद्र पर 15 अप्रैल 2026 से बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की गाड़ियों का प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा उन्होंने बताया कि सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है जिसके अंतर्गत HSRP युक्त वाहनों का प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा इसके साथ ही प्रदूषण जांच केंदों को पोर्टल पर वाहन विवरण प्रविष्ट करना होगा साथ ही उन्होंने सभी प्रदूषण जांच केदो को इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के भी निर्देश जारी किए हैं।

## सिंघनी ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार पर कोर्ट सख्त

**सुलतानपुर।** विकास खण्ड बल्दीराय की ग्राम पंचायत सिंघनी में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले का संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष बल्दीराय को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर मुकदमा दर्ज कर उसकी विवेचना पूरी करते हुए रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। अदालत ने यह भी कहा है कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत सिंघनी में ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यों में व्यापक अनियमितता और धांधली किए जाने के आरोप लगे हैं, कार्यवाही न होने की स्थित में मामला न्यायालय तक पहुंचा था।

# उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात बढ़ाने की आवश्यकता: प्रो. आबिद

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद के पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में आयोजित तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन जंतु विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सेल डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा द्वारा हुआ। सेमिनार के आयोजन सचिव प्रोफेसर एमपी सिंह ने बताया कि 'इन्नोवेशंस, डिजिटल एंड स्किल ओरिएंटेड हायर एजुकेशन स्टार्ट-अप इकोसिस्टमः ए रोड मैप टू विकसित भारत इन दा कॉन्टेक्स्ट ऑफ यूपी विजन- 2047' नामक विषय पर हुआ। सेमिनार की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुई। सेमिनार में मुख्य अतिथि एवं कुलाधिपति डॉ दिलीप यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान शिक्षा रोजगारोन्मुखी बने, साथ ही नवाचार की आवश्यकता को हम दर्जा दिया जाए। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय द्वारा किए गए कार्यक्रमों की श्रृंखला को उन्होंने सराहा। इसके बाद सभी अतिथियों एवं महाविद्यालय प्राचार्य, रिसोर्स परसंस, आयोजन सचिव एवं संयोजक आदि ने सभी ने उपरोक्त विषय पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया।

प्रो. मोहम्मद आबिद सिद्दीकी, शिक्षा विभाग, एएमयू, अलीगढ़ ने




11 अप्रैल को शिकोहाबाद स्थित पालीवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ÷डिजिटल एवं कौशल उन्मुख उच्च शिक्षारू विकसित भारत की ओर एक रोडमैप÷ विषय पर अपना मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नवाचार और खोजों में उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने विस्तार से बताया कि उच्च शिक्षा ज्ञान और बौद्धिक कौशल का विकास सुनिश्चित करती है, तथा व्यक्तित्व के समग्र विकास (बौद्धिक, भावनात्मक, नैतिक) को प्रोत्साहित करती है। यह आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और नेतृत्व गुणों का निर्माण करती है तथा विद्यार्थियों को करियर और रोजगार के लिए तैयार करती है। इसके साथ ही यह विशेष कौशल एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करती है, रोजगार क्षमता और उद्यमिता को बढ़ाती है तथा शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करती है। उच्च शिक्षा सामाजिक एवं नैतिक विकास को भी बढ़ावा देती है, वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मानकों के अनुरूप तैयार करती है, आजीवन सीखने की भावना विकसित करती है और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करती है। उन्होंने बताया कि भारत में उच्च शिक्षा स्तर पर सकल नामांकन अनुपात लगभग 28.4ः है, जो रूस, अमेरिका, जापान और चीन जैसे विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। इस स्थिति को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी रेखांकित किया गया है, जिसमें 2035 तक को 50ः तक बढ़ाने की सिफारिश की गई

## अज़बा सगीर ने 92.2 प्रतिशत अंक पाकर शिक्षा के क्षेत्र में किया नाम रोशन



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** भारत सरकार के सबसे लोकप्रिय नारे ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' को ओवीएम स्कूल की एक छात्रा ने स्वयं साकार करते हुए हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का ही नाम रोशन नहीं किया है बल्कि विद्यालय के छात्र और प्रबन्धतन्त्र को भी गौरान्वित होने का एहसास कराते हुए जनपद का नाम रोशन किया है। जिसके चलते विद्यालय में ही नहीं बल्कि छात्रा के परिजनों में भी खुशी की लहर दौड़ गयी। नगर के एक प्रमुख विद्यालय ओमवती विद्या मन्दिर सीबीएसई बोर्ड की छात्रा अज़बा सगीर पुत्री सगीर उद्दीन निवासी इस्लाम गंज ने अपने शैक्षिक काल की प्रथम हाईस्कूल की वार्षिक परीक्षा 2026 में बेहतर प्रदर्शन करते हुए बुद्धवार को आए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 के परीक्षा परिणाम अनुसार अज़बा सगीर ने अंग्रेजी विषय में 87, हिन्दी विषय में 92, गणित में 82, साइंस में 89 व सोशल साइंस में 93 अंक प्राप्त किए जिनका कुल प्रतिशत अंक 92.2 रहा। अज़बा सगीर के बेहतर प्रर्दशन के लिए सभी शिक्षकों व परिजनों ने शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नारी शक्ति वंदन के प्रति लोगों को जागरूक करने केलिए निकाली रैली

अवधनामा संवाददाता

■ नारायण महाविद्यालय से तहसील तिराहा तक निकाली गई जागरूकता रैली

■ महिला सशक्तिकरण विषय पर हुई पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई रुचि




**शिकोहाबाद।** नारायण महाविद्यालय शिकोहाबाद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना एवं उन्हें समान अधिकार प्रदान करना तथा समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत महाविद्यालय परिसर से हुई और तहसील तिराहा तक निकाली गई। रैली को महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो मनोज कुमार एवं एंटी रैगिंग प्रभारी प्रो अरविंद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रोफेसर अनुपमा चतुर्वेदी साहित समस्त महिला स्टाफ ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भाग लिया। प्रो पीके जादौन,डॉ उमेश जादौन, डॉ. विवेक,डॉ सेंगर,डॉ संतोष कुमार सिंह,राहुल, रजत, पवन एवं उषा सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

रैली के उपरांत जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनाकर समाज में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के प्रति संदेश दिया गया। इसके बाद 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। सभी छात्रों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम हेतु का समर्थन नंबर 966713333 पर मिस्ड कॉल दी गई। यह कार्यक्रम 'मिशन शक्ति' एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के सम्मानए सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

# ठुमक चलत राम चंद्र, बाजत पैजनिया

■ रामकथा के चौथे दिन भगवान कि बाल लीलाओ का वर्णन

अवधनामा संवाददाता



**लम्भुआ/सुल्तानपुर।** स्थानीय क्षेत्र के चौकिया गाँव में नव दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा आचार्य पंडित राकेश जी महराज ने भगवान राम की बाल लीलाओ का मधुर वाचन किया। अयोध्या में उपजे उल्लास का बखान करते हुए महराज ने बताया की भगवान राम अपने तीनो भाइयो के साथ अब धीरे धीरे चलने लगे है उनके पैर में बंधे घुंघरु की छन छन की मधुर ध्वनि से राजा दशरथ का महल गुंजायमान हो रहा है। चारो माताए नन्हे बालको को देखकर मुदित हो रही है। अयोध्या की प्रजा महल पहुंचकर कर अपने बाल राजकुमारो का दर्शन कर बधाई दे रही है। पुरे अयोध्या में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। कथा आचार्य ने कथा क्रम को आगे बढ़ाते हुए शिव पार्वती के प्रथम मिलन, गिरिराज द्वारा विवाह प्रस्ताव और शिव पार्वती के विवाह का वर्णन किया। मुख्य यजमान राम जन पाण्डेय और विमला देवी द्वारा आरती की गई। राम कथा में मुख्य रूप से लम्भुआ विधानसभा के पीसीसी हरीश त्रिपाठी, अखिलेश मिश्र सभासद, डॉ अजय सिंह, पवन दुबे, संगम जायसवाल, बालमुकुंद विश्वकर्मा बृज मोहन सिंह कमलाकांत पाण्डेय, राम चंद्र सिंह, माता प्रसाद सिंह, राम कृष्ण पाण्डेय, प्रभव पाण्डेय, अनय पाण्डेय अवनीश सिंह समेत बड़ी सख्या में कथा प्रेमी मौजूद थे।

## नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण, नगर विकास को लेकर जताई प्रतिबद्धता

**सुलतानपुर।** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के मुख्य कार्यालय परिसर स्थित शहीद सुन्दरलाल पार्क में बुधवार को एक गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने की जबकि उपजिलाधिकारी सदर विपिन कुमार द्विवेदी ने नामित सदस्यों को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में शासन द्वारा नामित पांच सदस्यों रणजीत सिंह सन्त, प्रदीप जायसवाल, रवि अग्रहरि, रेनू सिंह और मदन सोनकर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## रेड क्रॉस सोसायटी की कार्यकारिणी भंग

**सुलतानपुर।** जनपद में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की जिला इकाई को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुलतानपुर जिले की रेड क्रॉस सोसायटी की वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है और अब इसका पुनर्गठन यूनिफॉर्म रूल्स के अनुसार किया जाएगा। यह कार्रवाई प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सभापति ब्रजेश पाठक की मंशा के अनुरूप की जा रही है। जिलाधिकारी सुलतानपुर के निर्देशन में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। जारी सूचना के मुताबिक, रेड क्रॉस सोसायटी की नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया 30 अप्रैल 2026 को अपराह्न 3:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न कराई जाएगी। इस प्रक्रिया की देखरेख अतिरिक्त अधिकारी प्रथम शिव प्रसाद करेंगे, जिनकी निगरानी में पूरी कार्यवाही पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी।

# गांजे की भारी खेप लदी ट्रक पुलिस ने पकड़ी

■ वाराणसी लखनऊ मार्ग पर रवानिया पूरब गांव पास से हुई गिरफ्तारी

अवधनामा संवाददाता



**कुड़वार/सुल्तानपुर।** उड़ीसा से लखनऊ ले जाई जा रही गांजा लदी ट्रक को पकड़ने में पुलिस ने सफलता पाई है। पुलिस ने माल बरामदगी के आधार पर बंधुआ कला थाने में मुकदमा दर्ज कर ट्रक चालक व खलासी को गिरफ्तार कर लिया। अभी अवैध गांजे की सप्लाई चेन के खुलासे तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है।

बुधवार को मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ लखनऊ उपनिरीक्षक फैजुद्दीन सिद्दीकी, एसओजी सुल्तानपुर प्रभारी शिवानंद यादव, थानाध्यक्ष कुड़वार तरुण पटेल, थानाध्यक्ष बंधुआ कला प्रमोद कुमार की टीम ने वाराणसी लखनऊ मार्ग पर असरोगा टोल प्लाजा के आगे रवनिया पूरब गांव के पास ट्रक की चेकिंग की तो उसमें कुछ मात्रा में चूना व 50 बोरी में कुल 15 कुंतल 20 किग्रा गांजा मिला। पुलिस ट्रक को लेकर हाइवे पर इस्लामगंज बाजार स्थित बंधुआ कला थाने पहुंची। जहां पर मुकदमा दर्ज करते हुए ट्रक चालक व खलासी को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक लेकर उड़ीसा से लखनऊ जा रहे लोगो की पहचान नासिर पुत्र स्व अली हसन निवासी थाना सिखरेड़ा मुजफ्फरनगर व वर्ष आर्या पुत्र स्व जय नारायण निवासी मोहान रोड थाना पारा फ्तेहगंज लखनऊ के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 15 कुंतल 20 किग्रा गांजे के साथ एक 14 टायरा ट्रक, 02 मोबाइल व 4150 रुपए नगद बरामद किया है। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी केवल माल पहुंचाने वाले है। यह तस्करी कौन करवा रहा था। माल लखनऊ में किसके पास ले जाया जा रहा है। उड़ीसा में कहां से माल लाया जा रहा था। इसकी विवेचना की जा रही है। जल्द ही पूरे नेटवर्क को पकड़कर खुलासा किया जाएगा।



# कार्यालय ग्राम पंचायत वेदौली, वि.ख. वक्शा, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027

दिनांक : 15/04/2026

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 16-04-2026 से 21-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 22-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सादरी चौरसिया**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. वेदौली , वि.ख. वक्शा, जौनपुर**

**महेश कुमार तिवारी**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. वेदौली , वि.ख. वक्शा, जौनपुर**

# पत्रकारों की मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा ने सांसद जितेंद्र दोहरे को ज्ञापन सौंपा

- सांसद ने शासन प्रशासन स्तर से बात करके उचित समाधान का आश्वासन दिया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पत्रकारों/मीडिया कर्मियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा उत्तर प्रदेश ने इटावा लोकसभा के सांसद जितेन्द्र कुमार दोहरे को ज्ञापन दिया और बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन महामंत्री सुधीर मिश्र उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह संगठन मंत्री रघुवीर सिंह यादव व प्रचार मंत्री नितेश प्रताप सिंह द्वारा दिए गए ज्ञापन में सांसद जितेन्द्र कुमार दोहरे से मांग की गई है कि कोरोना काल के समय बन्द हुई मान्यताप्राप्त पत्रकारों को रेल यात्रा में रियायत को पुनःबहाल किया जाए। टोल प्लाजा पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को टोल टैक्स से निःशुल्क आने जाने का प्रावधान हो। पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और सुझाव हेतु गठित मान्यताप्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय स्थायी समिति में वरिष्ठता क्रम के अनुसार सदस्यों को नामित कर निर्धारित समयांतराल पर बैठक बुलाई जाए।

पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनकी पहचान को लेकर प्रशासन स्तर पर ऐसे जांच प्रावधान लागू किए जाएं जिससे वास्तविक पत्रकारों और अमान्य अराजक गतिविधियों वाले छद्मवेशी मीडिया कर्मियों की पहचान हो सके।

कई पत्रकार साथियों को अभी तक आयुष्मान कार्ड बनकर नहीं मिले हैं, जिन्हें सूचना विभाग के माध्यम से शीघ्र बनवाया जाए।

60 वर्ष से ऊपर के मान्यताप्राप्त पत्रकारों के शासन ने पेंशन योजना के फार्म भरवाए हैं, उन वरिष्ठ पत्रकारों की पेंशन शुरू कराने की अनुशंसा की जाए।

सूचना विभाग से मान्यता प्राप्त पत्रकारों की लिस्ट सभी विभागों में दी जाए ताकि वहां जाने पर उन्हें किसी असम्मान और असुविधा का सामना न करना पड़े।

# डॉ. बी आर आंबेडकर समाज सुधार समिति राहिन ने मनाई जयंती

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** भारतीय संविधान के निर्माता शिल्पकार डॉ.बी आर आंबेडकर की 135वी जयंती डॉ.बी आर आंबेडकर समाज सुधार समिति राहिन ने आंबेडकर पार्क में बड़े ही धूमधाम और उत्साह से मनाई गई। समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक भंते प्रज्ञा दीप ने मोमबत्तियां जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सामाजिक कार्यकर्ता तथा पूर्व भाजपा नेता मनीष यादव उर्फ पतरे ने बाबा साहब पर मालार्पण कर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अपने संदेश में कहा था कि संघर्ष करो, शिक्षित बनो, संगठित रहो, इस पर सभी को अमल करना चाहिए, तभी एक सभ्य और मजबूत समाज की स्थापना संभव है। बी आर आंबेडकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य प्रेम सागर ने बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डाला। समिति के प्रबंधक वी पी



राजन पत्रकार ने बाबा साहब के विचार रखते हुए कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा। जिला पंचायत सदस्य पंकज यादव खेड़ा हेलू ने भी संबोधित किया। समिति के पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, राकेश कुमार, सौरभ कुमार, रामस्वरूप जाटव, विनोद कुमार दोहरे, दिव्यांशु राजन ईशू, सनी प्रताप जाटव, महेंद्र प्रताप सिंह, नीशू टेंट हाउस आदि लोगों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर मालार्पण किया। इस मौके पर, लकी उर्फ मंगल, मेहता विवेक कुमार जाटव, हरपाल सिंह, कुंवर देव जिज्ञासु, प्रधान मनोज शाक्य, राजीव कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# रुइयागढ़ी में गूंजा वीरता का गौरवगान, विजय दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** माधौगंज क्षेत्र के रुइयागढ़ी में अमर सेनानी राजा नरपति सिंह के विजय दिवस पर भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं बिलग्राम-मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशू ने सहभागिता कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

इस दौरान मंत्री जयवीर सिंह व अन्य अतिथियों ने वीर शिरोमणि राजा नरपति सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि राजा नरपति



सिंह जैसे वीरों के अदम्य साहस और पराक्रम की बदौलत ही आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। 'विजय उत्सव' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास और बलिदान की गाथाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में उन्नाव की जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, हरदोई की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा, सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू भैया', वरिष्ठ संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शिवस्वरूप, पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रदीप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकरी सिंह (लखनऊ), शशांक शेखर सिंह, शिशुपाल सिंह, संजय सिंह 'गुड्डू', अभय शंकर शुक्ला सहित स्मारक समिति के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में वीर सपूत राजा नरपति सिंह के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया, जिससे आयोजन एक प्रेरणादायी संदेश के साथ संपन्न हुआ।

## स्मार्ट मीटर को लेकर महिलाओं ने पावर हाउस में काटा हंगामा

**भरुआ सुमेरपुर।** स्मार्ट मीटर से परेशान महिलाओं ने पावर हाउस पहुंचकर जमकर हंगामा काटा। उपखंड अधिकारी के न मिलने पर अवर अभियंता का घेराव कर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिससे काफी देर तक माहौल गरम बना रहा। स्मार्ट मीटर पोस्टपेड में बदलाने के आश्वासन पर महिलाएं वापस गई। कस्बे में स्मार्ट विद्युत मीटरों को लेकर गरीब और मजदूर वर्ग में भारी आक्रोश देखने को मिला। वार्ड छह के महिलाओं ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण को संबोधित प्रार्थना पत्र देने के लिए पावर हाउस पहुंची। एसडीओ के न मिलने पर महिलाओं ने अवर अभियंता को ज्ञापन दिया। उनका कहना है कि रोज कमाने-खाने वाले परिवार समय पर रिचार्ज न करा पाने के कारण अंधेरे में रहने को मजबूर हो जाते हैं।

# डॉ. अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में डॉ.भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर ने समस्त शिक्षकों के साथ मिलकर डॉ. अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर जी के जीवन, संघर्षों एवं उनके महान योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ.अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक, शिक्षाविद और प्रेरणास्रोत भी थे। प्रधानाचार्य श्री तोमर ने सभी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें डॉ.अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और विद्यार्थियों को भी उनके विचारों से अवगत कराना चाहिए, ताकि वे एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने भी अपने विचार साझा करते हुए डॉ. अंबेडकर जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन सभी के द्वारा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यालय में एक प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण करने में सफल रहा और सभी को सामाजिक समानता एवं न्याय के प्रति जागरूक किया।

# गेहूं भंडारण कक्ष में दो की मौत

- एक युवक गंभीर– बिलग्राम के जलालपुर में दर्दनाक हादसा

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। घर में बने गेहूं भंडारण कक्ष की सफाई के दौरान जहरीली गैस के रिसाव से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से बीमार हो गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान विद्यावती के पति सुरेंद्र और गांव निवासी कैलाश गेहूं रखने वाले बंद कक्ष की सफाई के लिए अंदर उतरे थे। जैसे ही दोनों कक्ष के भीतर पहुंचे, वहां पहले से भरी जहरीली गैस के प्रभाव से अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। काफी देर तक बाहर न आने पर ग्रामीणों को शक हुआ। इसी दौरान उन्हें बचाने के लिए एक अन्य युवक भी अंदर गया, लेकिन वह भी गैस की चपेट में आकर अस्वस्थ हो गया। किसी तरह ग्रामीणों ने तीनों को बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुरेंद्र और कैलाश को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे युवक का इलाज जारी है।

घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर यह हादसा बंद कक्ष में बनी जहरीली गैस के कारण हुआ माना जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बंद स्थानों की सफाई करते समय सतर्कता बरतें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## सेवन हिल्स कॉलेज के बच्चों ने हाई स्कूल रिजल्ट में हासिल की शानदार सफलता



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** सीबीएसई द्वारा बुधवार को घोषित किए गए हाई स्कूल रिजल्ट की जानकारी होते ही सेवन हिल्स इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा हासिल की गई शानदार सफलता को लेकर विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने बताया कि इस बार घोषित हुए हाईस्कूल के परिणाम में सेवन हिल्स कॉलेज के छात्र ऋतुराज सिंह ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, वेदांग ने 94% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और आयुषी ने 93% अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा भी करीब एक दर्जन बच्चों ने शानदार अंक हासिल किए। इन सभी मेधावी बच्चों का प्रिंसिपल सौरभ दुबे ने शिक्षक स्टाफ और अभिभावकों की उपस्थिति में माल्यार्पण कर स्वागत किया। विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे एडवोकेट एवं ट्रस्टी सुनील कुमार राजपूत ने भी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एनटीपीसी विंध्याचल में फायर सर्विस वीक 2026 का शुभारंभ, सुरक्षा पर विशेष जोर



**सोनभद्र/विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी विंध्याचल में फायर सर्विस वीक का आयोजन पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर ऐतिहासिक बॉम्बे डॉकयार्ड अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सुरक्षा के प्रति संगठन की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक सारगर्भित संबोधन से हुई, जिसमें इस दिवस के महत्व और अग्निशमन कर्मियों द्वारा जीवन एवं महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की रक्षा हेतु दिखाए गए अदम्य साहस पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा के साथ वरिष्ठ कमांडेंट, सीआईएसएफ विंध्यनगर मनीष कुमार राय, उप कमांडेंट फायर (सीआईएसएफ) सदाराम यादव, वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। फायर अवेयरनेस कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ ही साहा ने विभिन्न सुरक्षा पहलों को हरी झंडी दिखाते हुए पूरे स्टेशन में सुरक्षा जागरूकता एवं आपातकालीन तैयारी को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी को फायर सेफ्टी शपथ भी दिलाई, जिसमें संभावित जोखिमों की पहचान और रोकथाम के प्रति संकल्प दोहराया गया। अपने संबोधन में साहा ने पिछले वित्तीय वर्ष में एनटीपीसी विंध्याचल को प्राप्त प्रतिष्ठित 'अग्नि सुरक्षा पुरस्कार' पर गर्व व्यक्त करते हुए सतत सतर्कता, सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन तथा सुरक्षा संस्कृति को और मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) तथा रुमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) सहित विभिन्न विभागों–इलेक्ट्रिकल, बीएमडी, टीएमडी, ओएंडएम सिविल, सेंट्रल स्टोर्स, ग्रीन केमिकल्स एवं एमटीपी के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# आदित्य बिड़ला इंटर स्कूल क्रिकेट में टूर्नामेंट आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रेनुपावर डिवीजन, रेणुसागर के तत्वावधान में आयोजित आदित्य बिड़ला इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस मैच में आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज रेणुसागर की बी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल की ए टीम को 45 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्थानीय आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज के खेल के मैदान में आयोजित आदित्य बिड़ला इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच का शुभारंभ हिंडालको रेणुसागर के विभागाध्यक्ष मानव संसाधन ब्रजेश कुमार बर्मा एवं एबीआईसी के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। एबीआईसी रेणुसागर की बी टीम ने पहले बैटिंग करते हुये निर्धारित 15 ओवर में आदित्य के 34 रन रोहित के 25 रन तथा प्रतीक के 23 रन के बदौलत 5 विकेट खोकर 135 रन बनायी।वही एबीपीएस रेणुसागर की ए टीम के सफल गेंदबाज आयुष्मान ने 2 विकेट तथा तरुण ने अपने टीम के लिये महत्वपूर्ण 1 विकेट चटकाये।जबाब में उतरी एबीपीएस रेणुसागर की ए टीम ने कार्तिक के 36 रन प्रियेश मिश्रा के 13 रन एवं रुद्र के 12 रनों के बदौलत 10 विकेट खोकर मात्र 90 रन ही बना पाई। वही शानदार गेंदबाजी करते हुए अंशुलाली ने अपने टीम के लिये महत्वपूर्ण 4 विकेट लिये एवं प्रतीक ने 3 विकेट चटकाए। इस तरह एबीआईसी रेनुसागर की बी टीम ने 45 रन विजयी होने का गौरव प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित सक्सेना सदानंद पांडेय एवं रमेश बर्मा का सराहनीय सहयोग रहा।

## 06 गुंडा प्रवृत्ति के अभियुक्त जिलाबदर, 6 माह तक जनपद में प्रवेश पर रोक

**हमीरपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 अभियुक्तों को जनपद की सीमा से 6 माह के लिए जिलाबदर कर दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई, जिस पर न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) हमीरपुर ने आदेश पारित किया। जारी आदेश के अनुसार कोतवाली नगर, मौदहा, बिवांर, राठ व मझगवां थाना क्षेत्रों से संबंधित गुंडा प्रवृत्ति के इन अभियुक्तों को निर्धारित अवधि तक जनपद की सीमा से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिलाबदर अवधि के दौरान कोई भी अभियुक्त अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र या अग्नेयास्त्र नहीं रखेगा और न ही जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश करेगा। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि संबंधित अभियुक्त जिस जनपद में निवास करेंगे, उसकी सूचना संबंधित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को देना अनिवार्य होगा। जिलाबदर किए गए अभियुक्तों में रोहित उर्फ पुन्नी (कोतवाली नगर), उस्मानी गनी उर्फ आमिर (कोतवाली नगर), गौरव सिंह (बिवांर), आशीष कुमार उर्फ अस्सू (राठ) तथा प्रदीप कुमार (मझगवां) शामिल हैं।

# अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा



- मिर्जापुर हत्याकांड में NSA व अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** मिर्जापुर में अधिवक्ता की दिनदहाड़े हत्या से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने बुधवार को सांकेतिक हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत कठोर कार्रवाई और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि 12 अप्रैल को मिर्जापुर में बार एसोसिएशन के अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की सरेआम हत्या कर दी गई थी। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, लेकिन अधिवक्ता इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों पर ह्रूस के तहत कार्रवाई आवश्यक है।

अधिवक्ताओं ने मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की भी मांग उठाई। उनका कहना है कि इस घटना से प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में भय और आक्रोश का माहौल है।

इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को एक अलग ज्ञापन सौंपते हुए हमीरपुर निवासी अधिवक्ता देवी प्रसाद यादव की 6 मार्च को हुई आत्महत्या के मामले में भी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि चकबंदी विभाग की लेखपाल वंदना राजपूत सहित अन्य कुछ लोगों की भूमिका संदिग्ध है।

बताया गया कि इस संबंध में पूर्व में थाने में तहरीर दी जा चुकी है, लेकिन अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। अधिवक्ता सूर्य किशोर तिवारी ने मृतक के भाई विजय सिंह का प्रार्थना पत्र एसपी को सौंपते हुए सुसाइड नोट में नामजद व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता संघ के महामंत्री अश्वनी प्रजापति ने कहा कि मिर्जापुर की घटना ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने सरकार से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने की मांग करते हुए कहा कि इससे अधिवक्ता निर्भीक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।

# पानकुंवर स्कूल का परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** बुधवार को घोषित हुए CBSE कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा परिणाम में पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के समर्पण का प्रतीक है। विद्यालय के टॉप 5 मेधावी छात्र-छात्राओं में आराध्या गुप्ता 97%। वैष्णवी 93%। उदित राज 92%। अंशिका 92%। ईशानी 91% पर रहे। उक्त जानकारी चेयरमैन डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने दी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह शानदार परिणाम हमारे विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए सक्षम बनाना है। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार तोमर ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा, हमारे छात्रों ने अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ यह सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि उनकी नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। इस भावुक क्षण में विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय और अपने शिक्षकों को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और सतत सहयोग के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। यह भावुक कर देने वाला पल केवल विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि अभिभावकों के लिए भी गर्व और हर्ष से भर देने वाला रहा। विद्यालय परिवार सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देता है तथा अभिभावकों के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करता है। यह उपलब्धि आने वाले समय में और बेहतर परिणामों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी।

## दो दिवसीय दौरे पर चोपन पहुंचे डीआरएम

**चोपन/सोनभद्र।** पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर चोपन पहुंचे। वह अपने विशेष सैलून से सुबह चोपन रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उनके साथ मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान डीआरएम ने 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत चोपन रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीआरएम ने रेलवे इंटर कॉलेज, मनोरंजन क्लब और रेलवे कॉलोनियों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाद में कंट्रोल ऑफिस में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर संचालन, सुविधाओं और विकास कार्यों सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

# एनटीपीसी सिंगरौली में भारतरत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में दिनांक 14 अप्रैल 2026 को भारतरत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी सिंगरौली) द्वारा स्थानीय अंबेडकर भवन में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा (वनिता समाज) एवं वनिता समाज की अन्य वरिष्ठ सदस्याएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन आर. एस. राम, सचिव, अनु. जाति/ अनु. जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रातःकाल अंबेडकर भवन से शक्तिनगर टाउनशिप तक भव्य प्रभात



फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ अंबेडकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रभात फेरी ने पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल का निर्माण किया।

एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर स्थित डॉ अंबेडकर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बौद्ध वंदना, स्वागत गीत एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अपने संबोधन में संदीप नायक ने कहा, 'डॉ भीमराव अंबेडकर का योगदान न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में था, बल्कि उन्होंने समता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को हमेशा मजबूत किया। उनके विचार और कार्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। बाबा साहेब ने भारतीय समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार देने का संकल्प लिया, और आज हम उनका आदर्श अपनाकर समाज में और अधिक सशक्त परिवर्तन ला सकते हैं। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने एवं समाज में समता, बंधुत्व एवं न्याय की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रेरणादायक विरासत को जन-जन तक पहुँचाने हेतु प्रातःकाल डॉ अंबेडकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा भव्य प्रभात फेरी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी सिंगरौली प्रबंधन के सहयोग से अनु. जाति/ अनु. जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के सी.एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), रश्मिरंजन मोहंती, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), सुनील कुमार मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग), एस. के. वर्मा, अपर महाप्रबंधक (एमजीआर), नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डॉ ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक (मा0सं0 एवं राजभाषा), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण आदि सम्मिलित रहे।

# लखनऊ में 200 झोपड़ियां जलकर राख

■ सिलिंडर में हुए लगातार धमाके, मौके पर पहुंचे डिप्टी सीएम और डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विकासनगर सेक्टर-14 में बुधवार दोपहर करीब 200 झोपड़ियों में भीषण आग लग गई। आग फैलते ही झोपड़ियों में रखे सिलिंडर और रेफ्रिजरेटर के कंप्रेसर में ताबड़तोड़ धमाके होने लगे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 18 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। दूर-दूर तक धुएं का गुबार और ऊंची लपटें दिखाई दीं। राहत-बचाव कार्य जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

आग की सूचना मिलते ही झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे हैं। उनका सारा सामान जलकर राख हो गया है। चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल है। जिनकी झोपड़ियां जली हैं, वो लोग रो रहे हैं। बार-बार अपनी झोपड़ी में जाने की जिद कर रहे हैं। फायर ब्रिगेड की 18 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं।

विकास नगर की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली शमशुनिशां का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि आग लगने के समय मेरा पूरा परिवार घर में ही था। उनका कोई पता नहीं चल रहा है। मेरा पूरा घर जलकर राख हो गया है। परिवार के लोगों को इधर-उधर खोज रही हूं।



सीएम ने लिया घटना का संज्ञान- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## सरकार हर परिस्थिति में पीड़ित परिवारों के साथ : ब्रजेश पाठक

राजधानी के विकास नगर इलाके में हुए अग्निकांड का संज्ञान लेते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। प्रशासनिक व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी। पीड़ित परिवारों के साथ हर परिस्थिति में उत्तर प्रदेश सरकार खड़ी है। डिप्टी सीएम ने मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों को बुलाया एवं घटना में घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने घटनास्थल पर ही जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, एनडीआरफ एवं अन्य अधिकारियों के साथ इस घटना में बचाव कार्यों को लेकर विस्तृत वार्ता की एवं पीड़ित परिवारों के रहने एवं भोजन व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

# कांग्रेस ने महिलाओं को हमेशा दिया सम्मान: राय

अवधनामा ब्यूरो



■ अजय राय का पीएम नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला

■ महिला आरक्षण पर मोदी के बयान को बताया 'ढकोसला'

■ मजदूरों के लिए 25 हजार वेतन और 8 घंटे काम की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने महिला आरक्षण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री राय ने कहा कि जिसने अपनी ब्याहता पत्नी जिसकी मांग में सिंदूर डाल कर अपने घर लाए थे, जब उसे ही सम्मान नहीं दिया तो देश की महिलाओं को क्या सम्मान देंगे। महिलाओं के आरक्षण की बात नरेन्द्र मोदी का ढकोसला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही महिलाओं को सम्मान देती रही है। सबसे पहले सरोजिनी नायडू को प्रदेश का राज्यपाल और सुचित्रा कृपलानी को प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में काम करने का मौका प्रदान किया। फिर इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनीं और उसके बाद प्रतिभा ताई पाटिल को देश का राष्ट्रपति बनाया और बाबू जगजीवन राम की पुत्री मीरा कुमार को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया।

बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि जहां तक महिला आरक्षण का सवाल है तो महिला आरक्षण बिल कांग्रेस लेकर आई और राज्यसभा में उसे पास भी कर दिया था। भाजपा अगर ईमानदार होती तो राज्यसभा से पास बिल को लोकसभा में पास करके 2014 में ही महिला आरक्षण लागू कर सकती थी, लेकिन इनका इरादा कभी महिलाओं को आरक्षण देने का नहीं था। पिछली बार भी जब बिल लाए थे तो उसमें कई सवाल छोड़ दिये थे। मजदूरों का वेतन 25 हजार और 8 घण्टे हो काम का समय नोएडा की घटना पर श्री राय ने कहा कि घटना बताती है कि सरकार पूरी तरह शासन चलाने में अयोग्य और इस मुद्दे पर निर्णय लेने में असफल साबित हुई। इसका परिणाम है कि नोएडा में कई लोग घायल हैं और जिन लोगों पर पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया उन्हीं को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस सरकार के वक्त लोगों को स्थायी नौकरियों दी जाती थीं और दूसरों की सरकार आने पर संविदा नौकरियां दी जाने लगीं और भाजपा सरकार में आउटसोर्सिंग से दैनिक वेतन भोगी के रूप में नौकरियां दी जा रही हैं। इसमें एक तरफ तो नौकरी सुरक्षित नहीं, दूसरी तरफ वेतन कम दिया जाता है और तीसरा वेतन का बड़ा हिस्सा आउटसोर्सिंग ठेकेदार खा जाता है।

# ई-डिटेक्शन मॉड्यूल का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च

■ नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों पर अब स्वचालित कार्रवाई होगी : दयाशंकर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिये है कि उ0प्र0 परिवहन विभाग भी भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) द्वारा जारी ई-डिटेक्शन प्रणाली को अपने यहां लागू करेगा। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली सड़कों पर बिना उचित अनुपालन के चलने वाले वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध स्वचालित रूप से ई-चालान जारी करने में सक्षम है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि इस दिशा में ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात एवं दिल्ली-एनसीआर जैसे राज्य पहले से ही ई-डिटेक्शन प्रणाली को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया में हैं। एनएचएआई/आईएचएमसीएल द्वारा वाहन संचलन डेटा उपलब्ध कराने हेतु एपीआई विकसित की जा चुकी है, जिसे दिल्ली-एनसीआर में



पायलट आधार पर लागू किया जा रहा है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने इस राष्ट्रीय पहल के अनुरूप प्रदेश में ई-डिटेक्शन मॉड्यूल लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। जिसके क्रम में एनआईसी, लखनऊ को ई-डिटेक्शन मॉडूल पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लखनऊ जनपद इटौंजा टोल प्लाजा एवं बाराबंकी जनपद-अहमदपुर टोल प्लाजा में लाइव किये जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। प्रथम चरण के पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के उपरांत इस योजना को पूरे उत्तर प्रदेश में चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रथम चरण में परिवहन यान के अंतर्गत आने वाले वाहनों की फिटनेस, बीमा, पीयूसीसी (प्रदूषण अवमुक्त प्रमाण-पत्र), एचएसआरपी, पंजीयन प्रमाण-पत्र की जांच की जायेगी। गैर परिवहन यान के अंतर्गत वाहनों की वैधता एवं वाहन के अप्रयोग (नान यूज), गैर-परिवहन यान बीमा, पीयूसीसी, पंजीयन प्रमाण-पत्र वैधता एवं एचएसआरपी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि ई-डिटेक्शन प्रणाली से टोल प्लाजा से गुजरने वाले नियम उल्लंघनकर्ता वाहनों का स्वचालित पता लगाकर ई-चालान जारी होगा, मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम होगा, परिवहन प्रवर्तन कार्यवाही में तेजी आएगी, वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति अनुशासन एवं जागरूकता बढ़ेगी, फिटनेस, बीमा, पीयूसीसी (प्रदूषण अवमुक्त प्रमाण-पत्र), एचएसआरपी, पंजीयन प्रमाण-पत्र वैधता के बिना संचालित वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। साथ ही पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रवर्तन प्रणाली लागू होगी।

## अर्बन चैलेंज फंड से शहरी विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**लखनऊ।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में आज अर्बन चौलेंज फंड के संचालन के संबंध में एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

बैठक में राज्यों को फंड के दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर शीघ्र क्रियान्वयन प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित प्रक्रियाओं एवं हस्ताक्षर की कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि योजना का लाभ समयबद्ध रूप से जनता तक पहुंच सके। केंद्रीय मंत्री खट्टर ने बताया कि अर्बन चौलेंज फंड के अंतर्गत 1 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत पात्र परियोजनाओं को 25 प्रतिशत तक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

# 187 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

■ मंत्री अनिल राजभर ने दी शुभकामनाएं व योजनाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ द्वारा निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत जनपद लखनऊ में, लखनऊ मण्डल का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन अवध शिल्प ग्राम वृन्दावन, सेक्टर-09, शहीद पथ, लखनऊ में किया गया। जिसमें लखनऊ मण्डल के जनपदः- लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली एवं हरदोई जनपद के 187 जोड़े (हिन्दु जोड़े-176 एवं मुस्लिम जोड़े-11) का विधिवत सामूहिक विवाह का आयोजन कराया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम एवं सेवायोजन मंत्री, अनिल राजभर द्वारा की गयी। अतिथिगणों द्वारा द्वीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम प्रारम्भ



किया गया, कल्पना श्रीवास्तव, अपर श्रमायुक्त, लखनऊ क्षेत्र, लखनऊ द्वारा उक्त कार्यक्रम का प्रारम्भ करते हुए कार्यक्रम में आये सभी आगन्तुकों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। मंत्री जी द्वारा अपने सम्बोधन में निर्माण श्रमिकों के कल्याण के प्रति सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि कन्या विवाह सहायता योजना श्रमिक परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक सम्बल प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। अन्त में मंत्री जी द्वारा नवविवाहित जोड़ो को आशीर्वाद दिया गया एवं पुष्प वर्षा भी की गयी।

कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान करते हुए अम्बेडकर नगर के कलाकारों द्वारा विवाह गीत प्रस्तुत किये गये जिसने पूरे आयोजन को पारम्परिक और भावनात्मक रूप से सराबोर कर दिया, जिसकी सभी लोगों ने सराहना की।

कार्यक्रम में राजेश्वर सिंह, विधायक, सरोजनी नगर, लखनऊ की प्रतिनिधि उपस्थित हुई, उनके द्वारा लखनऊ के नवविवाहित जोड़ों को वर-वधु को वस्त्र व 501 रूपये उपहार के रूप में दिया गया। उक्त कार्यक्रम में पूजा यादव, सचिव, उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ ने अपने वक्तव्य में कहा कि बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का उददेश्य निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

## लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भव्य आगाज़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में कला और सिनेमा के महाकुंभ लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज़ बुधवार को धूमधाम से हुआ। इस प्रतिष्ठित समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ अभिनेता डॉण् अनिल रस्तोगी और फेस्टिवल के संस्थापक व आयोजक आयूब खान ने किया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद भारतीय सिनेमा की सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। फेस्टिवल के पहले दिन ज्यूरी द्वारा चयनित कुल 12 फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग की गई, जो देर रात तक चली। प्रदर्शित प्रमुख फिल्मों में जसवंत सिंह झज्ज की निर्मित और अमरदीप सिंह गिल की निर्देशित फिल्म पाणी द वॉटर, आशा सकलानी की निर्मित व देबू रावत निर्देशित फिल्म निखान्या जोग, ओमकार राउत की निर्मित और जतिंदर सैराज निर्देशित फिल्म मिशन परफॉर्मेंस, आतिश कुमार राउत की फिल्म आरव आदि शामिल थीं।

## अलीगढ़ में पर्यटन विकास के लिए 211 लाख की 3 परियोजनाएं स्वीकृत

**लखनऊ।** अलीगढ़ मंडल के जनपद अलीगढ़ के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 211 लाख रूपये की तीन नवीन परियोजनाएं स्वीकृत की गयी है। इस धनराशि से प्राचीन स्थलों एवं मंदिरों में पर्यटन विकास कार्य कराए जाएंगे। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अलीगढ़ की खैर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर में स्थित हनुमानगढ़ कुटी आश्रम के पर्यटन विकास के लिए 86.39 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृत के सापेक्ष 64 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसी प्रकार इग्लास में स्थित प्राचीन शिव मंदिर बरखंडी आश्रम गोरई के पर्यटन विकास हेतु 72.26 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति के सापेक्ष 54 लाख रूपये की धनराशि जारी की गयी है। इसके अलावा बरौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुमेर दरियापुर में सुप्रसिद्ध प्राचीन चामुंडा माता मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 123.92 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति के सापेक्ष 93 लाख रूपये की धनराशि जारी की गई है।

# अन्तरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की घर वापसी से प्रेरित हुए हजारों छात्र

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अन्तरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला आज एक बार फिर अपने स्कूल सिटी मोन्टेसरी स्कूल में पधारे और इण्टरनेशनल डे ऑफह्यूमन स्पेस फ्लाइट के उपलक्ष्य में सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित 'स्पेस फेस्टिवल-2026' के अन्तर्गत सी.एम.एस. के हजारों छात्रों से संवाद किया।

इस अवसर पर शुभांशु शुक्ला को 'अशोक चक्र' अर्जित करने हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। 'अशोक चक्र' भारत का सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है, जिसे भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर सी.एम.एस. के सभी 22 कैम्पसों के छात्रों से प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन संवाद करते हुए शुभांशु शुक्ला ने सी.एम.एस. में



अपने स्कूली दिनों को याद किया। इसके उपरान्त शुभांशु शुक्ला ने अपनी हालिया अंतरिक्ष यात्रा के अनुभवों को साझा करते हुए पॉवर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से छात्रों को अन्तरिक्ष यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियों एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में रहने के अनुभवों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अन्तरिक्ष में जाना एक अद्भुद अनुभव है, जहाँ से पूरा पृथ्वी ग्रह ही अपने घर जैसा लगता है। इस अवसर पर छात्रों ने शुभांशु शुक्ला से सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इससे पहले, सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने शुभांशु शुक्ला समेत उपस्थिति सभी गणमान्य हस्तियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि शुभांशु शुक्ला की असाधारण उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है, जो भावी पीढ़ी को वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में नवसृजन हेतु अवश्य ही प्रेरित करेगी। डा. गाँधी ने जोर देते हुए कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को विश्व नागरिक के रूप में ढालने हेतु सतत् प्रयासरत है, जिससे कि भावी पीढ़ी आगे चलकर विश्व मानवता के उत्थान में रचनात्मक योगदान दे सके।

## मधुबन-दोहरीघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का ए.के. शर्मा ने किया निरीक्षण

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने मऊ भ्रमण के दौरान मधुबन से दोहरीघाट तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया और मौके पर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी गति पर मंत्री शर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता से जवाब-तलब किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तत्काल तेजी लाई जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए। मंत्री शर्मा ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि आगामी मानसून से पूर्व सड़क को चालू किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्रीय जनता को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस दौरान अधिशासी अभियंता ने मंत्री शर्मा को अवगत कराया कि परियोजना में भूमि अधिग्रहण का कार्य अभी लंबित है, जिसके कारण कुछ बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

# 'उ.प्र. पोल्ट्री कॉनक्लेव-2026' का शुभारंभ

■ एस.पी. सिंह बघेल ने दीप प्रज्वलन कर किया उद्घाटन

■ प्रदेश को पोल्ट्री हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम

■ अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर जोर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने तथा प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हॉल में दो दिवसीय 'उ0प्र0 पोल्ट्री कॉनक्लेव-2026' का शुभारंभ भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कॉनक्लेव में बड़ी संख्या में पोल्ट्री पालक, हैचरी संचालक,



उद्यमी, स्टार्टअप, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, पशुचिकित्सक विशेषज्ञ एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने कहा कि उ0प्र0 के मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा एवं पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित यह कॉनक्लेव प्रदेश को पोल्ट्री हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से उद्योग विशेषज्ञों द्वारा नवीनतम तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पोल्ट्री क्षेत्र की समस्याओं एवं चुनौतियों के समाधान में सहायता मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कॉनक्लेव प्रदेश को अंडा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ भविष्य में निर्यातोन्मुखी दिशा में अग्रसर करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेश के लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उद्यमियों से पोल्ट्री क्षेत्र में निवेश करने तथा आमजन से इस क्षेत्र के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पोल्ट्री सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार पोल्ट्री क्षेत्र में बड़े निवेश तथा तकनीकी आदान-प्रदान को प्रोत्साहित कर रहा है। यह कॉन्क्लेव प्रदेश के पोल्ट्री क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें उद्योग विशेष नीवनतम तकनीकी चुनौतियों, संभावनाओं एवं नवाचारों पर मार्गदर्शन देंगे।

# खालिसपुर में बाबा साहब की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब, विशाल भंडारे का आयोजन

■ श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया जन्मोत्सव, भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीण

■ संविधान शिल्पी की विरासत को नमन, समरसता का दिया संदेश

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** खालिसपुर ग्राम पंचायत में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह से ही ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित बनकर ही समाज का उत्थान संभव है।



कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में धीरेंद्र मौर्य धीरू, गोलू गौतम, अंशु गौतम, छोटेलाल गौतम, राजेंद्र कुमार शर्मा, सनी रावत, वीरेंद्र गौतम, रोहित मौर्य, प्रदीप कुमार कश्यप, कल्लू गौतम और समस्त ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा। सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ जयंती मनाई।

पूरे आयोजन के दौरान गांव का वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहब के सिद्धांतों को जीवन में उतारने पर जोर दिया। सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करते हुए इस कार्यक्रम में हर वर्ग के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए इस भंडारे में देर शाम तक लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा। ग्रामीण युवाओं ने भी अनुशासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बीज भंडारण और बुनियादी ढांचे को किया जाएगा मजबूत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न बीज योजनाओं के अंतर्गत महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इन स्वीकृतियों के माध्यम से प्रदेश में खाद्यान्न, दलहन और तिलहन के बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसानों को उन्नत किस्म के बीजों पर सब्सिडी प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

बीज भण्डार (खाद्यान्न, दलहन, तिलहन एवं बीज की लागत) के लिए 45,000 लाख रुपये (4 अरब 50 करोड़ रुपये) की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इसके साथ ही, राज्य सेक्टर की योजना के तहत प्रमाणित बीजों के वितरण पर किसानों को सब्सिडी प्रदान करने हेतु 20,000 लाख रुपये (2 अरब रुपये) की धनराशि स्वीकृत की गई है।

कृषि में उत्पादकता बढ़ाने के लिए संकर बीजों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु 1,500 लाख रुपये (15 करोड़ रुपये) की सब्सिडी राशि स्वीकृत की गई है।

# एस.के.डी. एकेडमी का सीबीएसई 10वीं रिजल्ट 100% रहा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखते हुए एस.के.डी. एकेडमी के छात्रों ने एक बार फिर सी.बी.एस.ई. कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा, जो संस्था की गुणवत्ता-प्रधान शिक्षा और विद्यार्थियों की अथक मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

विद्यालय के मेधावी छात्र यथार्थ कुशवाहा ने 98.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विनायक मिश्रा ने 97.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा कनक सिंह ने 97.4% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत, बल्कि विद्यालय के अनुशासित शैक्षिक वातावरण और सशक्त मार्गदर्शन का परिणाम है।

विद्यालय प्रशासन द्वारा इन प्रतिभाशाली छात्रों को आगामी जुलाई



■ यथार्थ कुशवाहा ने 98.6% अंक लेकर किया टॉप

■ विनायक मिश्रा दूसरे, कनक सिंह तीसरे स्थान पर

■ छात्रों की सफलता में शिक्षकों के मार्गदर्शन की अहम भूमिका

■ जुलाई में मेधावी छात्रों का होगा सम्मान समारोह

■ विद्यार्थियों ने अभिभावकों व शिक्षकों को दिया श्रेय

■ निदेशक मनीष सिंह ने दी बधाई और शुभकामनाएं

■ विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

माह में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

अपनी सफलता पर विद्यार्थियों ने ईश्वर, अपने अभिभावकों, प्रधानाचार्या, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों द्वारा प्रदान किए गए सुव्यवस्थित नोट्स, नियमित असाइनमेंट्स एवं प्रभावी टेस्ट सीरीज़ को अपनी सफलता का प्रमुख आधार बताया।

इस उत्कृष्ट परिणाम पर एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने छात्रों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के समर्पण और टीम वर्क का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने छात्रों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

विद्यालय प्रबंधन–अध्यक्ष एस.के.डी. सिंह, निदेशक मनीष सिंह, उप-निदेशिका निशा सिंह एवं सहायक निदेशिका (शैक्षणिक) कुसुम बत्रा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की।